RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 346
फरीदाबाद, शनिवार, 28 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया

पेज - 12

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹53,400/-
76% Gold Rate ₹44,090/-
Making Charges 8%
100% BUY BACK + EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt FBD
0129-4340998, 9990032657

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 69,330 | 874.16 |
| निफ्टी | 17,604 | 287.60 |
| सोना | 57,100 | 365 /10 gm |
| चांदी | 68,499 | 177 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 21.00°C
न्यूनतम 10.00°C

# बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर दिल्ली यूनिवर्सिटी में हंगामा, धारा 144 लागू

## हैदराबाद यूनिवर्सिटी में एसएफआई ने स्क्रीनिंग की तो एबीवीपी ने 'द कश्मीर फाइल्स' दिखाई

एजेंसी। नई दिल्ली

**गुजरात** दंगों पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया द मोदी क्वेश्चन' की स्क्रीनिंग को लेकर शुक्रवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रों और पुलिस में ठन गई। छात्रों का कहना था कि वे यह डॉक्यूमेंट्री देखना चाहते हैं, जबकि पुलिस उन्हें देखने नहीं दे रही है। वहीं, पुलिस का कहना है कि इस डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, लिहाजा इसकी स्क्रीनिंग की इजाजत नहीं दी जा सकती।

पुलिस ने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी की आर्ट्स फैकल्टी के पास धारा 144 लागू है। यहां भीड़



जमा होने की इजाजत नहीं दी जा सकती। हंगामे के बाद कुछ छात्रों को हिरासत में लिया गया है। एक दिन पहले गुरुवार को हैदराबाद यूनिवर्सिटी में इसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के बीच विवाद हो चुका है। हैदराबाद में एसएफआई ने 400 से अधिक छात्रों को विवादित डॉक्यूमेंट्री दिखाई। जवाब में आरएसएस की स्टूडेंट्स विंग और एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी कैंपस में 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म की स्क्रीनिंग की। एसएफआई ने डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग से जुड़ी एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इसके कैप्शन में लिखा कि एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा करने की कोशिश की, लेकिन हमने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया।

### एबीवीपी का आरोप प्रशासन ने डॉक्यूमेंट्री दिखाने की दी अनुमति

**इस** मामले में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर कैंपस में बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री दिखाने की अनुमति देने का आरोप लगाया। इसके विरोध में कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी मेन गेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने हमें कैंपस में 'द कश्मीर फाइल्स' की स्क्रीनिंग करने से रोकने का प्रयास किया। जब हम फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए जरूरी इक्विपमेंट लेकर कैंपस में दाखिल हो रहे थे, तो सिक्योरिटी गार्ड्स ने हमें रोकने की कोशिश की। जब हमने विरोध किया तो गार्ड्स ने हमारे साथ मारपीट की। समझ नहीं आता जब सरकार ने बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर बैन लगा दिया है तो कैंपस में उसे दिखाने की इजाजत कैसे दी गई।

## पहली कक्षा में एडमिशन की आयु बदली

# प्रदेश में नए सत्र से बच्चे की उम्र साढ़े पांच साल अनिवार्य

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में अब पहली कक्षा में एडमिशन को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा आयु संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार, अब छह वर्ष के बच्चे ही पहली कक्षा में दाखिला ले पाएंगे। हालांकि एक साल के लिए बच्चों को 6 माह की छूट दी गई है।



इसलिए नए सत्र से साढ़े पांच साल के बच्चे भी पहली कक्षा में दाखिला ले पाएंगे। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने शुक्रवार को पत्र जारी करते हुए सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत निर्देश दिए हैं। पूरे देश में स्कूल प्रवेश की आयु एक समान करने का निर्णय लिया गया है। इसलिए हरियाणा में भी प्रवेश की आयु छह वर्ष करने की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। एक अप्रैल से आरंभ होने वाले शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए पहली कक्षा में एडमिशन की आयु 31 मार्च 2023 तक 5 वर्ष 6 माह होनी चाहिए। वहीं विद्यार्थी एडमिशन के लिए पात्र होंगे, जिनकी आयु 1 अप्रैल 2023 को 5 साल 6 माह की पूरी हो चुकी है।

## क्विक न्यूज

### नेपाल के एससी ने डिप्टी पीएम की संसद सदस्यता रद्द की



**नेपाल।** नेपाल के डिप्टी पीएम रवि लामिछाने की संसद सदस्यता शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी। कोर्ट ने उन्हें दोहरी नागरिकता का दोषी माना है। कोर्ट ने सांसद के तौर पर उनका चुनाव भी रद्द करने की घोषणा की है। अब उन्हें उप प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। लामिछाने पर विपक्ष ने आरोप लगाया था कि उनके पास अमेरिका और नेपाल की दोहरी सदस्यता है।

### अभिनेता अन्नू कपूर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्टर अन्नू कपूर को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें गुरुवार सुबह से चेस्ट प्रॉब्लम हो रही थी। अस्पताल के चेयरमैन डॉ अजय स्वरूप ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और उसमें सुधार भी हो रहा है। उनका इलाज जारी है।

### मार गिराए आईएसआईएस सरगना बिलाल, 10 आतंकी ढेर

**मोगादिशु।** अमेरिकी सेना ने उत्तरी सोमालिया में एक ऑपरेशन के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के 10 आतंकियों को मार गिराया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, गुरुवार को सोमालिया के एक इलाके में हेलिकॉप्टर हमले में आईएसआईएस का एक सीनियर लीडर बिलाल अल-सुदानी भी मारा गया है। इस हमले में किसी नागरिक के घायल या मरने की खबर नहीं है और न ही किसी अमेरिकी सैनिकों को नुकसान पहुंचा है।

### जेल से बाहर आया केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का बेटा



**लखनऊ।** लखीमपुर हिंसा का मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा 278 दिन बाद शुक्रवार को जेल से बाहर आ गया है। कोर्ट ने आशीष मिश्रा को 8 हफ्ते यानी दो महीने की सशर्त जमानत दी है। आशीष को बहुत ही गोपनीय तरीके से जेल के पीछे वाले गेट से बाहर निकाला गया। आशीष खुद की गाड़ी से जेल के गेट से बाहर निकला। आशीष को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई थी। आदेश के अनुसार सात दिन के अंदर आशीष मिश्रा को यूपी और दिल्ली छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत का आदेश बुधवार शाम तक लखीमपुर जेल नहीं पहुंच सका था।

### राम रहीम की पैरोल के खिलाफ एसजीपीसी जाएगी हाईकोर्ट

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम को बार-बार दी जा रही पैरोल के खिलाफ कोर्ट जाने का फैसला किया है। एसजीपीसी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने आरोप लगाया कि राम रहीम पैरोल पर बाहर आकर सिखों की आस्था को भड़का रहा है।

# अडाणी को 1.32 लाख करोड़ तो निवेशक आए 2.75 लाख करोड़ के भारी नुकसान में

## सोच समझकर करें निवेश, कही मोदी माल्या की तरह फिर कोई न दे जाए धोखा

**अडाणी की नेटवर्थ तीन दिन में दस प्रतिशत से ज्यादा कम हो गई : एफएफआरएफ**

एजेंसी। नई दिल्ली



**कंपनियों** पर कर्ज की रिपोर्ट के बाद अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयर्स में गिरावट का दौर जारी है। अडाणी टोटल गैस और अडाणी ट्रांसमिशन के शेयर्स में 20-20 प्रतिशत की गिरावट आई है? गिरावट का ये दौर तब शुरू हुआ, जब फोरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म हिंडेनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। अडाणी ग्रुप पर इसका बड़ा असर पड़ा है। खास बात ये है कि इस नई रिपोर्ट के बाद सोशल मीडिया पर ये बात भी छाई हुई है कि निवेशक सोच समझकर निवेश करें, कहीं ऐसा न हो मोदी माल्या की तरह कोई फिर धोखा दे जाएं और विदेश भाग जाएं।

अडाणी की नेटवर्थ बुधवार से अब तक यानी तीन दिन में 10 प्रतिशत से ज्यादा कम हो गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अडाणी को 1.32 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। अडाणी की कंपनियों की मार्केट कैप भी कम हुई है, जिसके चलते निवेशकों को 2.75 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

फोरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म हिंडेनबर्ग ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि अडाणी ग्रुप की सभी सात प्रमुख लिस्टेड कंपनियों पर काफी ज्यादा कर्ज है। ग्रुप की सभी कंपनियों के शेयर 85 प्रतिशत से ज्यादा ओवरवैल्यूड भी हैं। अडाणी ग्रुप ने शेयरों में हेरफेर की। अकाउंटिंग में धोखाधड़ी की गई है। अडाणी ग्रुप कई दशकों से मार्केट मैनिपुलेशन, अकाउंटिंग फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग कर रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी ग्रुप पर तीन प्रभाव पड़े हैं। जिसमें पहला टोटल नेटवर्थ अब 96.6 बिलियन डॉलर, यानी 7.88 लाख करोड़ रुपये रह गई है। दूसरा अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 20,000 करोड़ रुपये का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) शुक्रवार को खुला। प्राइस बैंड तीन हजार 112 से तीन हजार 276 रुपये प्रति शेयर तय हुआ। पर आज गिरावट के चलते अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर ही दो हजार 768 रुपये पर आ गया। यानी 18 प्रतिशत गिरावट आ गई। वहीं तीसरी फोर्ब्स की अमीरों की लिस्ट में अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी चौथे नंबर से खिसकर 7वें पर आ गए हैं। 25 जनवरी को उनकी नेटवर्थ 9.20 लाख करोड़ थी, जो शुक्रवार को 7.88 लाख करोड़ रुपये पर आ गई।

हालांकि अडाणी ग्रुप के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर जुगशिंदर सिंह ने इस रिपोर्ट को बकवास बताया है। उन्होंने रिपोर्ट को फैक्टलेस बताते हुए कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, वे बेबुनियाद हैं। यह रिपोर्ट दुर्भावना से प्रेरित है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने हमसे संपर्क करने या मैट्रिक्स को वेरिफाई करने की कोशिश नहीं की। यह रिपोर्ट गलत सूचनाओं से भरी है। अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के खिलाफ शेयर बिक्री को नुकसान पहुंचाने के मामले में अडाणी ग्रुप लीगल एक्शन लेने का विचार कर रहा है।

लीगल एक्शन को लेकर हिंडनबर्ग ने कहा कि वह पूरी तरह से अपनी रिपोर्ट के साथ खड़ा है और अडाणी ग्रुप द्वारा किसी भी कानूनी कार्रवाई का स्वागत करेगा।

# पचास लाख के घोटाले पर कृषि मंत्री ने किया सेक्रेटरी को निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**फरीदाबाद** मंडी में 50 लाख के घोटाले पर सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मार्केट कमेटी के सचिव ऋषि कुमार को सस्पेंड कर दिया है। फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा ने पार्किंग के टेंडर में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए शिकायत की थी।

कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा की शिकायत पर हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने यह कार्रवाई की है। इसके साथ ही पूरे मामले की जांच भी बिठा दी है। विधायक नीरज शर्मा ने शिकायत की थी कि फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में पार्किंग का टेंडर निकाला गया था, जिसमें पांच व्यक्तिओं के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया था।



एच 1-1111101, एच 2-1430708, एच 3-1477711, एच 4-1567777, एच 5-1612111 थी। नियमानुसार एच-5 को टेंडर दिया जाना चाहिए था। यदि किसी स्थिति में एच -5 वाला व्यक्ति टेंडर नहीं लेता तो टेंडर एच-4 वाले को अलॉट किया जाना चाहिए था।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही उनके द्वारा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्य प्रशासक को लिखित इसकी शिकायत की दी गई थी। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि इस पूरे मामले में लगभग 50 लाख का घोटाला है, सरकार को इसकी पूर्ण जांच करके दोषी अधिकारियों से घोटाले की राशि वसूली जानी चाहिए।

### ट्रेडिंग कंपनी को दे दिया ठेका

**कांग्रेस** विधायक ने शिकायत में कहा था कि एच-5 और एच-4 दोनों ही टेंडर नहीं लेते तो नियमानुसार दोबारा टेंडर किया जाना चाहिए था, जोकि नहीं किया गया। अधिकारियों ने मिलीभगत करके एल-3 एक टेड्रिंग कंपनी को ठेका दे दिया। जब एच-5 और एच-4 द्वारा टेंडर नहीं लिया गया तो उसकी ईएमडी की राशि जब्त की जानी चाहिए थी जोकि जब्त ना करके वापस कर दी गई।

### दिग्विजय के बाद राशिद अल्वी बोले सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो दिखाओ



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राशिद अल्वी भी दिग्विजय सिंह के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो जारी करने की मांग की है। अल्वी ने कहा कि हमें सेना पर गर्व है, लेकिन सरकार पर भरोसा नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक पर बीजेपी नेताओं के बयानों में असमानता है। सरकार कहती है कि हमारे पास सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो है तो उसे जारी क्यों नहीं कर देती। उन्होंने दिग्विजय सिंह का समर्थन करते हुए पूछा- दिग्विजय ने क्या गलत कहा? बस सरकार से वीडियो जारी करने की मांग की थी। डीएसपी देविंदर सिंह का कुछ अता-पता नहीं है। जिसकी पुलवामा हमले में आतंकियों की मदद करने का आरोप था। यह बड़ा खेल है, इसमें मत पड़िए.. वो खेल तो पता चले कि क्या खेल है। वो मालूम तो हो कि उसकी जमानत कैसे हो गई।

## रेसलर-डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष विवाद, फोगाट-पूनिया बोले

# मेडल लाने पर पूरे देश के, अब हरियाणा-यूपी किया जा रहा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**भारतीय** कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए गठित की गई कमेटी को पांच दिन हो गए हैं। मगर, क्या जांच चल रही है? यह किसी को नहीं पता है। आरोप लगाने वाले रेसलर्स साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया भी इस पर सवाल उठा चुके हैं।

वहीं गुरुवार शाम बाद बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने एक वीडियो शेयर की है। वीडियो में कहा गया है कि खिलाड़ी जब मेडल लाते हैं तो वे पूरे भारत के हो जाते हैं। जब वे उत्पीड़ित होते हैं तो यह हरियाणा-उत्तर प्रदेश का मामला हो जाता है। क्या यह देश का मामला नहीं होना चाहिए? इसको बांटने का भी काम किया जा रहा है। जात के नाम पर बांटने का काम किया जा रहा है। क्या-क्या खेल नहीं खेला जा रहा है। एक ट्रेंड चलाया जा रहा है कि बृजभूषण नहीं, तो भाजपा नहीं। क्या मतलब है कि बृजभूषण नहीं होगा तो भाजपा खत्म हो जाएगी। बजरंग ने ट्वीट कर कहा, 'जिन छौरियां नै, समाज तै ऊपर उठ के, देश का मान बढ़ाया। आज उन पै कुछ लोगों ने सवाल खड़े कर दिए। डर इस बात का कोणी के पहलवान रोण लाग्ये। डर इस बात का है कि उस बाहुबली खातर आज म्हारे खिलाड़ियों के मैडल फीके कर दिए। जिन लड़कियों ने समाज से ऊपर उठकर देश का मान बढ़ाया है, आज उन पर ही सवाल खड़े कर दिए।



### कैप्टन अमरिंदर हो सकते हैं महाराष्ट्र के अगले गवर्नर

**अमृतसर।** पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह महाराष्ट्र के अगले गवर्नर बन सकते हैं। कयास लगाए जा रहे हैं भाजपा की टॉप लीडरशिप में इसको लेकर सहमति बन गई है। कैप्टन को नया रोल सौंपने की चर्चा इसलिए भी गर्म है, क्योंकि कैप्टन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अच्छे संबंध हैं। वहीं, भाजपा अमरिंदर को 83 मेंबर वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पहले ही शामिल कर चुकी है।

कैप्टन को गवर्नर बनाए जाने के बारे में पूछने पर पंजाब भाजपा के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा कि उन्हें इस बारे में अभी कुछ पता नहीं है। इधर, कैप्टन की नई भूमिका पर चर्चा तब तेज हुई, जब गृह मंत्री अमित शाह ने 29 जनवरी की पटियाला रैली रद्द कर दी।

# ट्रांसफर नीति : निकाय-बोर्ड के कर्मचारी नहीं किये शामिल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**प्रदेश** सरकार की ग्रुप-डी की ट्रांसफर ड्राइव में सांविधिक निकाय, बोर्ड, निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, संवैधानिक निकाय के कर्मचारियों को झटका लगा है। सरकार ने इन विभागों में तैनात कर्मचारियों को ट्रांसफर ड्राइव में शामिल ही नहीं किया है।

ड्राइव में सिर्फ ग्रुप-डी एक्ट के लागू होने के बाद नियुक्त हुए किसी भी विभाग में तैनात सभी ग्रुप डी कर्मचारियों को ही पात्र माना है। हरियाणा सरकार ने ग्रुप डी कर्मचारी (भर्ती और सेवा की शर्तें) एक्ट-2018 के तहत कर्मचारियों के लिए ट्रांसफर ड्राइव नीति को अंतिम रूप दे दिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव संजीव कौशल की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों, विभाग अध्यक्षों को पत्र जारी कर दिया गया है। हालांकि सरकार के इस फैसले को लेकर कर्मचारियों में रोष है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा 18 हजार से अधिक पदों को भरा गया। समय के साथ यह पाया गया कि कुछ कर्मचारियों को उनके होम टाउन से दूरदराज के स्थानों पर तैनात किया गया है, जिस कारण वे अपनी ड्यूटी का निर्वहन अच्छी तरह से नहीं कर पा रहे थे। उनकी कठिनाई को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने कॉमन कैडर के सभी ग्रुप डी कर्मचारियों को उनके होम टाउन के निकट कार्यालय में ट्रांसफर करने का फैसला किया है।

### सिंधु जल समझौते पर भारत का पाकिस्तान को नोटिस

**नई दिल्ली।** भारत ने सितंबर 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक भारत इस समझौते को लागू करने के लिए हमेशा से कमिटेड रहा है, लेकिन पाकिस्तान की मनमानियों की वजह से इस संधि पर असर पड़ रहा है। यही वजह है कि भारत, पाकिस्तान को नोटिस जारी करने पर मजबूर हुआ है।

दरअसल भारत सिंधु जल संधि में बदलाव चाहता है, लेकिन पाकिस्तान इसे टाल रहा है। वो भारत से सीधी बात न करते हुए बार-बार वर्ल्ड बैंक के पास पहुंच जाता है। भारत ने इस नोटिस के जरिए पाकिस्तान को आईडब्ल्यूटी के उल्लंघन (मटेरियल ब्रीच) को सुधारने के लिए 90 दिनों में इंटर गवर्नमेंट नेगोशिएशन करने का मौका दिया है।

**विभाग का अलर्ट प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम**

# हरियाणा में आज 14 जिलों में ओलावृष्टि, कल नौ जिलों में गिरेंगे ओले!

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में फिर से मौसम करवट लेगा। चंडीगढ़ मौसम विभाग ने हालातों को देखते हुए दो दिनों का अलर्ट जारी किया है। 29 जनवरी को राज्य के 14 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। वहीं 30 जनवरी को नौ जिलों में भी हालात खराब रहने वाले हैं। मौसम विभाग ने इन जिलों में भी चमक के साथ ओले गिरने की संभावना जताई है।

29 जनवरी को साउथ-ईस्ट हरियाणा के महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और वेस्ट-साउथ हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी, चरखीदादरी में ओलावृष्टि की संभावना है। इसको देखते हुए मौसम विभाग ने इन जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। पंचकूला, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक में गरज और चमक की संभावना है। अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहेगा।

30 जनवरी को पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सोनीपत, पानीपत में ओलावृष्टि होने की संभावना है। अन्य जिलों में गरज और चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। 31 से राज्य में मौसम सामान्य होने की संभावना है।

### बारिश से मिलेगा किसानों को लाभ

हरियाणा में अगले दो दिन में होने वाल मौसम के बदलाव को देखते हुए किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। बारिश से गेहूं और अन्य फसलों को काफी फायदा होगा। अभी कुछ दिनों पहले रात को पड़ने वाले पाले से सरसों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। मौसम में आए बदलाव से फसलों को पाले से बचाव में मदद मिलेगी।



### हिसार की रातें सबसे ठंडी

**पंजाब** और हरियाणा की संयुक्त राजधानी एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस रहा। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस और हिसार में न्यूनतम तापमान में 3.7 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य के करनाल, नारनौल, रोहतक, भिवानी और सिरसा में पारा 4.2 डिग्री, 3.6 डिग्री, छह डिग्री, 6.6 डिग्री और तीन डिग्री तक लुढ़क गया।



**शहर का तापमान**

- अधिकतम 21.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 10.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-86 स्थित शिरणी साई धाम में वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे।
- बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह 9 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन शिविर : सुबह 10 बजे।

## निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड बचत करने का शानदार जरिया है। इसमें 500 रुपये की छोटी रकम से भी बचत शुरू की जा सकती है। नियमित निवेश करने पर लंबी अवधि में यह छोटी बचत बड़ी रकम बन जाती है। ऐसा चक्रवृद्धि ब्याज के कारण होता है। इसमें तमाम निवेशक मिलकर रिटर्न पाने के लिए पैसा लगाते हैं। यह पैसा समय के साथ बढ़ता है। निवेशकों से जुटाए गए पैसे का प्रबंधन एक फंड मैनेजर करता है। फंड मैनेजर इनवेस्टमेंट प्रोफेशनल होता है। यह पैसा विभिन्न प्रतिभूतियों जैसे बॉन्ड, शेयर, गोल्ड और अन्य एसेट में निवेश किया जाता है।

## यूटीलिटी न्यूज

### प्रोपर्टी आइडी संशोधन शिविर

**फरीदाबाद।** नगर निगम के क्षेत्र में सभी सम्पत्तिकर धारकों का सम्पत्ति विवरण सर्वे उपरान्त निदेशालय द्वारा *ulbhryndc.org portal* पर अपलोड है। जिसके लिये असेस्मेन्ट नोटिस सर्वे कम्पनी द्वारा वितरित किये जा चुके हैं। निदेशालय ने पत्र जारी कर सभी निगमों/पालिकाओं को विशेष कैम्प लगाकर डाटा ठीक करने बारे निर्देशित किया है। नगर निगम के आयुक्त जितेन्द्र दहिया ने सभी सम्पत्ति धारकों से अपील की है कि 27, 28 व 29 जनवरी को निगम के एनआईटी, बल्लभगढ़ व ओल्ड फरीदाबाद के कार्यालयों में लोगों की आपत्तियों के निवारण के लिये कैम्प लगाये जा रहे हैं। अत: आप सभी से अनुरोध है कि जिस किसी के भी सम्पत्ति की डाटा में कोई आपत्ति जैसे कि नाम में बदलाव, पता, क्षेत्रफल/एरिया करैक्शन व नई सम्पत्ति कर आईडी बनवानी है तो वह उससे सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ निगम के कार्यालय में इन तीन दिनों में आकर अपनी आपत्ति का निवारण करवा सकता है तथा इन कैम्पों का लाभ उठा सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### छात्राओं को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में छात्राओं की सुरक्षा हेतु महिला एनआईटी महिला थाना पुलिस एवं दुर्गा शक्ति फोर्स द्वारा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस टीम में आए कॉन्स्टेबल सपना, पूजा और जसवंत ने छात्राओं से उनकी सुरक्षा संबंधित प्रश्न किए व उनके उपाय बताएं। उन्होंने बताया कि अगर आस-पड़ोस, रास्ते में कहीं पर भी कोई मनचला युवक, व्यक्ति परेशान करता है या कोई अन्य समस्या आने पर तुरन्त माता पिता, अध्यापक को बताएं या 1091, 112 नंबर पर कॉल करें। उन्हें सभी छात्राओं को दुर्गा शक्ति ऐप को डाउनलोड करने और उसको इस्तेमाल करने का तरीका बताया। उन्होंने यह भी बताया कि रात को 10 के बाद अगर किसी महिला को रास्ते में कोई वाहन नहीं मिलता तथा वह अपने को असुरक्षित महसूस करती है।

# भ्रष्टाचार : निगम अधिकारियों के घोटालों से श्मशानघाट भी नहीं रहे अछूते

### श्मशानघाट में पहले हो चुके कामों का निगम ने बनाया 24 लाख रुपये का एस्टीमेट

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम के अधिकारियों के भ्रष्टाचार की वजह से शहर के लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। जबकि निगम के अधिकारी जरूरत के कामों की बजाए फिजुल के कामों में सरकारी धन खर्च करते नजर आ रहे हैं।

इन कामों के घोटाले भी कई बार उजागर हो चुके है। अब तक नगर निगम में सड़क, गली, एलईडी लाइट, हाईमास्क लाइट और बिना काम के घोटाले आए दिन उजागर होते रहे हैं, लेकिन अब शहर के श्मशानघाट भी निगम के घोटालों से अछूते नहीं रहे। सेक्टर-56 स्थित श्मशानघाट में चारदीवारी और अन्य कई तरह के काम पहले से हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निगम के अधिकारियों ने इन्हीं काम को करने का 24 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर ठेका तक दे दिया। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब एनआइटी-86 के विधायक नीरज शर्मा मौके पर जांच के लिए पहुंचे।


सेक्टर 56 के श्मशानघाट में अंतिम संस्कार को बने शैड।


सेक्टर 56 श्मशानघाट की नई चारदीवारी और गेट।

### ऐसे उजागर हुआ घोटाला

**नगर** निगम आयुक्त द्वारा एनआइटी 86 विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर एक में होने वाले विकास कार्यो के कई वर्क ऑर्डर विधायक नीरज शर्मा को भेजे गए थे। शुरू होने वाले इन विकास कार्यो को लेकर नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा की तो सेक्टर 56 के श्मशानघाट में होने वाले कामों को लेकर उन्हें संदेह हो गया। इस वर्क ऑर्डर में दर्शाया गया था कि श्मशानघाट में चारदीवारी का निर्माण, आरसीसी शैड, इंटरलॉकिंग टाइल्स के अलावा 300 किलोग्राम का लोहे का गेट, आठ पंखे, 12 एलईडी लाइट और एडजॉस्ट फैन लगाने का भी प्रावधान है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उनके पिता एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय शिवचरण लाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान सेक्टर 56, राजीव कालोनी और आसपास के इलाके के लोगों के लिए श्मशानघाट के लिए जगह एचएसवीपी से दिलवाई थी। उन्हें संदेह हो रहा था कि इन कामों की आड़ में इस क्षेत्र की जनता के साथ धोखा तो नहीं हो रहा? ऐसे में उन्होंने खुद श्मशानघाट पर जाकर निगम द्वारा कराए जाने वाले कामों की जांच करने का निर्णया लिया।

### बिना काम भुगतान की तैयारी?


निगम अधिकारियों के संग श्मशानघाट का दौरा करते विधायक नीरज शर्मा।

**संदेह** होने पर विधायक नीरज शर्मा ने इस एस्टीमेट के संदर्भ में इलाके के जेई और ठेकेदार से फोन कर पूछा तो दोनों का कहना था कि अभी काम शुरू नहीं हुए हैं। जिसके बाद शुक्रवार सुबह विधायक नीरज शर्मा सेक्टर 56 में हाल ही बने श्मशानघाट पर पहुंच गए। श्मशानघाट का मुआयना करने पर उन्होंने देखा कि चारदीवारी पहले से बनी हुई है। वहीं श्मशान घाट में लोहे का गेट, शैड, पंखे और एलईडी लाइटें पहले से ठीक ठाक हालत में लगी हैं। श्मशान घाट में यह सभी काम हाल ही कुछ समय पहले हुए हैं। उन्होंने निगम अधिकारियों को मौके पर बुलाया तो वे लीपापोती करते हुए पहले दीवार ऊंची करने और फिर बच्चों के श्मशानघाट की दीवार बनाने की बात कहने लगे। लेकिन वे बच्चों के श्मशानघाट में खुले में पंखे कैसे लगाएंगे?। शर्मा का कहना है कि श्मशानघाटों में पंखे और एलईडी लाइटें दान में आई हैं और चारदीवारी के निर्माण में जनता ने सहयोग दिया है। ऐसे में लगता है कि निगम के अधिकारी बिना काम के भुगतान करने की फिराक में हैं।

एस्टीमेट में दर्शाए गए तमाम काम पहले से ही तैयार देखकर वे हैरान रह गए।

निगम के जेई और संबंधित ठेकेदार से बातचीत करने पर वे सिर्फ लीपापोती करते नजर आए। यह तो सिर्फ 24 लाख का घोटाला करने की तैयारी थी। यदि फिजुल में करवाए जा रहे अन्य कामों की जांच हो तो महा घोटाला उजागर हो सकता है।

### उजागर हो सकता महा घोटाला

**शहर** की आम जनता को रोज समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम द्वारा फिजुल के कामों में लगातार सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है। शहर के पार्कों की हालत जर्जर होने के बावजूद झूले और क्नॉपी लगाने में करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। वहीं पार्को की दीवारों की हालत खस्ता होने पर भी उन पर सौंदर्यीकरण की आड़ में पत्थर लगाया गया है। इतना ही नहीं पत्थर लगाने कर पार्कों की दीवारों पर पेंटिंग करवाई जा रही है। यदि पेंटिंग ही करवानी थी तो फिर पत्थर लगवाने की क्या जरूरत थी। यह तो सिर्फ उदाहरण मात्र है, वर्ना निगम के फिजुल कामों की लिस्ट काफी लंबी है। निगम द्वारा अरबों रुपये की लागत से बनाए गए आरएमसी नाले कनेक्ट न होने की वजह से जर्जर होने के कगार पर पहुंच चुके हैं। जबकि बरसात के दिनों में लोगों को जलभराव का दंश झेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यह तो दिखाई दे रहे हैं। यदि पिछले पांच सालों में करवाए गए कामों की जांच हो तो बिना काम के भुगतान के कई मामले उजागर हो सकते हैं।

### श्मशानघाट को भी नहीं बख्शा



**एनआइटी** 86 के विधायक नीरज शर्मा कहा कि कुछ भ्रष्ट निगम अधिकारी श्मशानघाट के कामों में भी घोटाला करने से बाज नहीं आ रहे हैं। दान के पैसों से कामों का भी अधिकारी निगम से बिल पास करवाने का इरादा रखते हैं। उन्होंने ऑरिजनल फाइल पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। ताकि संबंधित अधिकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ न कर सकें। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# वरदान साबित हो रहा परिवार पहचान पत्र: उपायुक्त

### पीपीपी से मिले डेटा में से 348 लोगों को घर बैठे पेंशन मिली

### 23 लोग ऐसे जो पीपीपी बनवाकर दूसरे राज्यों में हुए शिफ्ट


उपायुक्त विक्रम सिंह।

**जिला में क्या है पेंशन की स्थिति**

| | |
|---|---|
| वृद्धावस्था पेंशन भत्ता पेंशन धारक | - 91 हजार 172 |
| दिव्यांग पेंशन धारक | - 6762 |
| विधवा पेंशन धारक | - 49541 |
| निराश्रित बच्चों की पेंशन | - 9031 |
| लाडली योजना पेंशनधारक | - 1619 |
| कश्मीरी विस्थापित पेंशन | - 03 |
| स्कूल न जाने वाले मानसिक दिव्यांग बच्चे | - 383 |
| बौना पेंशन धारक | - 01 |

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वृद्धावस्था** सम्मान भत्ता के लाभपात्रों को मिलने वाली पेंशन योजना के लाभ के लिए अब किसी को भी बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी परिवार पहचान पत्र योजना के तहत अब पात्रों को घर बैठे ही वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। अप्रैल 2022 में योजना के शुरू होने के बाद अब तक 501 आवेदन समाज कल्याण विभाग के मुख्यालय से रेफर होकर जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को प्राप्त हुए और इनमें से 348 लाभपात्रों को बगैर आवेदन व बगैर कार्यालयों में घूमें पेंशन योजना का लाभ शुरू कर दिया गया। जिला में मौजूदा समय में 91 हजार 172 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन धारक हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि परिवार पहचान पत्र योजना के तहत जिला में 501 लोगों को डेटा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को प्राप्त हुआ। इनमें से 348 लोगों की पेंशन बना दी गई। 45 लोग ऐसे मिले जो पहले से किसी अन्य सरकारी योजना के तहत पेंशन ले रहे थे और उन्होंने बनवाने से मना कर दिया। 23 लोग ऐसे थे जो दूसरे प्रदेशों से थे और पीपीपी बनवाने के लिए जिला से शिफ्ट कर गए। इन लोगों से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका। छह व्यक्ति ऐसे हैं जो दोबारा से विजिट के लिए बुलाए गए लेकिन वह अभी तक उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ऐसा है जो रिवेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया और कार्यालय में उपस्थित हुआ। वहीं 23 फार्म उन लोगों को रद्द किए गए जो कहीं दूसरे स्थान से पेंशन ले रहे थे, वेरिफिकेशन के बाद उनकी आयु 60 वर्ष पूरी नहीं मिली और 15 वर्षों का हरियाणा का रिहायश का प्रमाण नहीं मिला। उन्होंने बताया कि अभी तक 55 केस ऐसे हैं जो वेरिफिकेशन के लिए पेंडिंग हैं।

# गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


जयप्रकाश रावत पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए।

**गणतंत्र** दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला उपाध्यक्ष पंडित लखमीचंद भारद्वाज व थाना धोज के एसएचओ सतीश डागर रिलायंस द्वारा संचालित पाखंल टोल प्लाजा पर ध्वजारोहण समारोह में पहुंचे। यहां पहुंचने पर टोल प्लाजा के मैनेजर जय प्रकाश रावत ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

भाजपा नेता लखमी चंद भारद्वाज व एसएच ओ सतीश डागर ने ध्वजारोहण कर किया। टोल प्लाजा के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय गान गया और देशभक्ति के नारे लगाए। भाजपा फरीदाबाद के जिला उपाध्यक्ष पंडित लखमीचंद भारद्वाज ने ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह के साथ मना रहे हैं। गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। इस बार का यह अवसर इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इसे हम आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान मना रहे हैं।

देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए हम एकजुट होकर आगे बढ़ें। इस दिन भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र बन गया था। दुनिया के अन्य देशों के बराबरी पर आकर खड़ा हो गया, जो अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्रता है और दूसरे देशों की दखलंदाजी से दूर है। दरअसल हिंदुस्तान पर दशकों ब्रिटिश हुकूमत ने शासन किया। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हो गया। आजादी के बाद देश के नेतृत्व के भारत को एक लोकतांत्रिक देश बनाने की तैयारी शुरू करते हुए संविधान का निर्माण किया और 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। तब से हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया जा रहा है।

# एकॉर्ड अस्पताल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस


एकॉर्ड अस्पताल में मौजूद कार्यक्रम में पदाधिकारी व चिकित्सक।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल में गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वाजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मोटअप गोवा फाउंडर एंड रेस डायरेक्टर लद्दाख मैराथन के पदम चेवांग मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने कहा की राष्ट्रीय ध्वज हमें समाज में आमजन कि सेवा कार्य के लिए जागरूक करता है। इसलिए लोगों की भलाई के कार्य हमें हमेशा करते रहने चाहिए। कार्यक्रम में अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय, आर्थोपेडियक डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार ने कहा की राष्ट्र की सेवा देश सेवा के समान होती है। इसलिए लोगों को हमेशा राष्ट्र के नाम समर्पित होना चाहिए।

गणतंत्र दिवस पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मोटअप गोवा फाउंडर एंड रेस डायरेक्टर लद्दाख मैराथन ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद ध्वजारोहण कर उन्होंने अपना संदेश दिया।

# वर्ल्ड स्ट्रीट में मनाया 74वां गणतंत्र दिवस

### पंजाब के आर्मी पाइप बैंड ने परेड कर लोगों में उत्साह और बढ़ाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


वर्ल्ड स्ट्रीट में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते नन्हे बच्चे।

**भारत** ने अपना 74वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। देशभक्ति की भावना को उच्च रखते हुए, फरीदाबाद में ओमैक्स द्वारा वर्ल्ड स्ट्रीट ने एक समारोह का आयोजन किया। हर कोई मुख्य अतिथि की थीम के साथ, उत्सव की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह के साथ हुई, जो वर्ल्ड स्ट्रीट के विक्रेताओं, कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों द्वारा किया गया था।

पंजाब के एक आर्मी पाइप बैंड द्वारा परेड प्रदर्शन ने उत्साह को और बढ़ा दिया। बच्चों और हाउस ऑफ डांस ट्रूप द्वारा एक विशेष प्रस्तुति आगंतुकों के बीच एक आकर्षण था। सांस्कृतिक और देशभक्ति गीतों के प्रदर्शन ने परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों में भारत की समृद्धि को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में वर्ल्ड स्ट्रीट के सभी विक्रेताओं और आगंतुकों की भारी भागीदारी देखी गई। लगभग 513 लोग जश्न मनाने के लिए इकट्ठे हुए। इस कार्यक्रम में देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को दर्शाने के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों ने स्वेच्छा से देशभक्ति गीत गाए और कविताएं सुनाईं। वर्ल्ड स्ट्रीट को तिरंगे की थीम में सजाया गया था जिससे चारों ओर देशभक्ति का संचार हो रहा था। कार्यक्रम में लोगों के लिए ब्रंच का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम के चलते मॉल में भारी भीड़ देखी गई जहां लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आनंद लेने के लिए एकत्रित हुए। गणतंत्र दिवस भारत में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय त्योहारों में से एक है। यह 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को अपनाने के उत्सव का प्रतीक है।

# शिक्षाविद् सीबी रावल हुए सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


शिक्षाविद सीबी रावल को केन्द्रीय मंत्री सम्मानित करते हुए।

**बल्लभगढ़** के दशहरा मैदान में 74वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस बार केंद्र सरकार में उर्जा एवं भारी उद्योग मंत्री चौ. कृष्ण पाल गुर्जर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। सर्वप्रथम केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शहीद स्मारक पहुंच कर स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद दशहरा मैदान में राष्ट्रीय तिरंगा झण्डा फहराया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की सरकार द्वारा हरियाणा प्रदेश में किये जा रहे विकास कार्यो की सरहाना की तथा सभी प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा अनेक देशभक्ति पूर्ण रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर कृष्णपाल गुर्जर द्वारा रावल शिक्षण संस्था के चेयरमैन सी. बी. रावल को शिक्षा के विकास में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए जिनमें उपायुक्त विक्रम यादव अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा उपमंडल अधिकारी त्रिलोक चंद जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी आदि प्रमुख है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**लुटेरा जो भी आयेगा हमें दिन रात लूटेगा**
**लगा जो दाग दामन पर वो अब तुमसे न छूटेगा**
**ग़रीबों की बचत ले सेठ का कमज़र्फ गुब्बारा**
**ये फूटे आज, कल फूटे, मगर तय है ये फूटेगा**

# एनएचपीसी ने 74वां गणतंत्र दिवस मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


एनएचपीसी के कर्मचारियों को सम्बोधित करते चौबे।

**एनएचपीसी** ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भारत का 74वां गणतंत्र दिवस मनाया। एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में समारोह की शुरुआत वाईके चौबे, निदेशक (तकनीकी) व निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराकर और राष्ट्रगान के साथ हुआ। आरपी गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, वाईके चौबे ने पूरे एनएचपीसी परिवार को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। चौबे ने कहा कि आज हमें अपने पूर्व नेताओं और देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि एनएचपीसी भारतीय विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और अपने 25 पावर स्टेशनों के माध्यम से 7 गीगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन कर रही है। चौबे ने यह भी कहा कि एनएचपीसी के पास वर्तमान में कुल 7601 मेगावाट क्षमता की 14 निर्माणाधीन परियोजनाएं हैं और 7000 मेगावाट से अधिक की परियोजनाएं मंजूरी के विभिन्न चरणों में हैं। चौबे ने एनएचपीसी के सभी कर्मचारियों से पूरी लगन के साथ काम करने और अपने कर्तव्यों का पूरी दृढ़ता के साथ पालन करने की अपील की।

# परीक्षा पे चर्चा : पीएम मोदी ने दिए स्ट्रेस फ्री परीक्षा टिप्स


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रिंसीपल की उपस्थिति में शामिल विद्यार्थी।

**गवर्नमेंट** मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवम सभी अध्यापकों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों एवम सभी के लिए विशेष कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण सुना।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा में विद्यार्थियों और अविभावकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि टाइम मैनेजमेंट के लिए मां से बेहतर और कोई हो ही नही सकता। जिस प्रकार मां सम्पूर्ण घर, पति, बच्चों, सास, ससुर के अतिरिक्त अपनी नौकरी आदि सभी कार्य भी दक्षता से करती है उसी प्रकार हमें भी अपने कार्यों, स्टडीज को मैनेज करना चाहिए। आप करना प्रारंभ करें, ढेर न लगाए। माइक्रो मैनेजमेंट अपना कर सभी कार्य पूर्ण करें। समय प्रबंधन का मंत्र हम अपनी मां से भली भांति ग्रहण कर सकते हैं। प्रेशर के विषय में अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रधान मंत्री ने बताया कि कुछ माता पिता और परिवार डेकोरम और प्रतिष्ठा के लिए बच्चों पर पीयर प्रेशर बनाते हैं। आप सोशल स्टेटस की और ध्यान न दें और प्रेशर को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करें। अपनी क्षमता और केलीबर को अंडर एस्टीमेट न करें। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि मोरल वैल्यूज में परिवर्तन बहुत ही घातक है। सफलता के लिए कठिन परिश्रम के अतिरिक्त स्मार्ट वर्क भी आवश्यक हैं। पीएम ने कहा हमारे शिक्षक बच्चों के साथ जितना अपनापन बनाएंगे उतना बेहतर है। स्टूडेंट जब कोई प्रश्न पूछता है तो वह आपकी परीक्षा नहीं लेना चाहता यह उसकी जिज्ञासा है। उसकी जिज्ञासा ही उसकी अमानत है। किसी भी जिज्ञासु बच्चे को टोकें नहीं। यदि उत्तर नहीं भी आता है तो उसे प्रोत्साहित करें कि तुम्हारा प्रश्न बहुत अच्छा है। मैं अधूरा उत्तर दूं तो यह अन्याय होगा। इसका उत्तर मैं तुम्हें कल दूंगा और इस दौरान मैं स्वयं इसका उत्तर ढूंढूंगा। यदि शिक्षक ने कोई बात बच्चे को गलत बता दी तो यह जीवनभर उसके मन में रजिस्टर हो जाएगा।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.01.2023 को कविता पुत्री कमल राम निवासी कलियालिगुडा जिला अलमोडा उतराखंड हाल किरायेदार मकान नं0 जी-34, एस.जी.एम नगर फरीदाबाद घर से पार्लर गई थी जो घर वापस नहीं आई है। जिसका हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, जिसका कद 5 फुट 3 इंच वा उम्र 20 साल जिसने क्रिम रंग का कुर्ता, नीले रंग की लैगी व नीले रंग की चुन्नी, पैरों मे सेंडल पहन हुए है। मुकदमा नंबर 24 दिनांक 26.01.2023 थाना एन.आई.टी फरीदाबाद। अगर किसी को कोइ सूचना मिले तो कृपा कर निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करें।

**प्रबंधक अफसर थाना एन.आई.टी- 9582200125**
**प्रभारी पुलिस चैकी से. 21डी फरीदाबाद- 9582200151**

# जुगाड़ : टेप नहीं मिली, स्टिकर से फिक्स कर रहे कैनुला

## दुर्व्यवहार करने पर दिव्यांग मरीज ने काटा बीके अस्पताल में हंगामा

**कविता।** फरीदाबाद


हंगामे के बाद पहुंची पुलिस पुछताछ करते हुए।


कार्ड की पर्ची से चिपका मरीज के हाथ का कैन्युला।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में जहां मरीजों को दवाईयां नहीं मिल पा रही हैं, वहीं अब दाखिल होने वाले मरीजों को कैनुला लगाने में इस्तेमाल होने वाली टेप तक अस्पताल प्रबंधन उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। एक मरीज के हाथ में लगे कैनुला को देखकर इस बात का पता चला। कैनुला की सीरिंज को नस में डालने के बाद रजिस्ट्रेशन की पर्ची उसके हाथ पर चिपकाया जा रहा है। इसके बाद पट्टी से ड्रेसिंग की जा रही है। जबकि कैनुला लगाने के लिए अस्पताल में फिक्सर या माईक्रोपोल टेप का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं दिव्यांग मरीजों और महिलाओं संग अस्पताल में दुर्व्यवहार किया जा रहा है। शुक्रवार को एक मरीज ने 112 पर कॉल कर पुलिस बुलवा ली। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत करवाया।

**कई दिन पूर्व खत्मः** मरीज अविनाश ने बताया कि बुखार होने पर उसे बीके लाया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे अपातकालीन कक्ष में भर्ती कर लिया। इलाज के दौरान उसके हाथ पर कैनुला लगा दिया गया। कैनुला को फिक्स करने के लिए फिक्सर या माईक्रोपोल टेप न होने पर कर्मचारियों ने उसके हाथ पर कार्ड पर लगाई जाने वाली पर्ची को चिपकाने के बाद उसके ऊपर से ड्रेसिंग वाली पट्टी बांधकर जुगाड़ कर दिया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि माईक्रोपोल टेप पिछले कुछ समय से समाप्त है। अन्य वार्ड में भर्ती मरीजों से पता चला कि पिछले कई दिनों से कैनुला लगाने के लिए तरह-तरह की जुगाड़ तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**दवाओं का अभाव :** घायल मरीजों की ड्रेसिंग के लिए पट्टियां, इंजेक्शन और दवाईयों के अलावा टांके लगाने वाली नीडल बाहर से मंगवाई जाती हैं। हड्डी टूटने पर किये जाने वाले प्लास्टर का सामान तक यहां समाप्त रहता है।

**मरीजों से दुर्व्यवहार :** दिव्यांग मुरारी और शांति नामक मरीजों के संग कमरा नम्बर 22 के कर्मचारी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उनके मोबाइल तक छीन लिए। मुरारी ने 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने मुरारी की पत्नी का फोन दिलवाया।

**पुलिस का कथन :** ईएसआई मुकेश ने बताया कि जांच में पाया कि मुरारी की पत्नी का फोन कर्मचारी के पास था। मुरारी को तीन नम्बर चौकी में शिकायत देने को कहा है।

**पीएमओ का कथनः** डॉ. सविता यादव ने कहा कि मुरारी का मामला उनके संज्ञान में आया था। उन्होंने कर्मचारियों को महिला, बुजुर्ग और दिव्यांगों का सहयोग करने के आदेश दिये हैं।

# केन्द्रीय मंत्री ने बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने का दिया गुरूमंत्र

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण भी कृष्णपाल ने बच्चों के संग बैठकर ध्यान पूर्वक सुना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा के मूलमंत्र देते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**भारत** सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज शुक्रवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान प्रातः 11:00 से 01:00 बजे सेक्टर 28, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। वहीं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर स्कूल पहुंच कर वहां पर बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा के बेहतर सफल संचालन के लिए बारिकी से मूलमंत्र दिए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में चलाए जा रहे तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करके स्कूली बच्चो के साथ बैठकर तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटिवेशनल स्पीच को भी बच्चों के संग बैककर ध्यान पूर्वक सुना।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाइव प्रसारण के जरिये कहा है कि बच्चों को परीक्षाओं का तनाव मस्तिष्क पर बिलकुल नहीं रखना चाहिए। तनाव मुक्त परीक्षा देने से बच्चे की खुशी के साथ साथ परिवार के लोग भी खुश रहते हैं। परीक्षा के दौरान हर रोज तनाव मुक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए आधुनिक तकनीकी डिजि़टल व्यवस्था के साथ कार्य करके आराम जरूर करें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि बच्चे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताई गई बातों पर आपस में कठिनाई के दौरान सांझा चर्चा करें और अपने मनोबल को बढ़ाते हुए अपनी आने वाली परीक्षा को पूरी तैयारी के साथ तनाव मुक्त परीक्षा दे। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को सफल बनाने के लिए साकारात्मक दृष्टिकोण जरूर बनाएं और परीक्षा को तनाव मुक्त होकर बेहतर तरीके नई टैक्नोलोजी के साथ पूरा करें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि परीक्षाओ को उत्सव के रंग में रंग कर तैयारियां क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सफलता का सबसे बड़ा मंत्र स्वयं को खुश रख कर अपने सहयोगियों और परिजनों के हर्ष और उल्लास के साथ कार्य को बेहतर अमलीजामा पहनाने की कोशिश करें। इस अवसर पर एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मित्तल, स्कूल प्रिंसीपल सहित स्टाफ के टीचर्स और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सेंधमार गिरोह के तीन सदस्यों से 18 मामलों का खुलासा

## पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को भेजा जेल

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी जगमिंदर की टीम ने मकान/दुकान में चोरी करने वाले व चोरी के सामान खरीदने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रवि उर्फ मलखान, कबाडी अकबर और कबाडी अमीर अली उर्फ भूरा का नाम शामिल है। आऱोपी रवि उर्फ मलखान उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के गांव जमालपुर का आरोपी कबाडी अकबर मूल रुप से उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के गांव हजरतपुर का वर्तमान में फरीदाबाद के नीमका गांव की केएलजे के पास तथा आरोपी कबाडी अमीर अली उर्फ भूरा उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के गांव झुठिया का वर्तमान में फरीदाबाद के गांव भतौला का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी रवि उर्फ मलखान को सेक्टर-12 एरिया से थाना सेक्टर-8 के चोरी के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी से पूछताछ के दौरान 18 चोरी के मुकदमों का खुलासा हुआ। आरोपी ने जिसमें वाईएमसीए चौक पर एक दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी से 8 बैटरी बरामद हुई है। साथ ही आरोपी ने वाईएमसीए चौक पर एक अन्य चोरी की वारदात को अंजाम दिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी रवि, अकबर, अमीर

# गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यासागर ने लहराया परचम


गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला प्रशासन के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यासागर स्कूल के छात्र।

**बल्लभगढ़।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यासागर इंटर नेशनल स्कूल को बेहतर परफार्मेस के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर सीपी विकास अरोड़ा, डीसी विक्रम सिंह, एडीसी अपराजिता, डीसीपी नितीश अग्रवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया, प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सुमन भांकर, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसीपी कुशल पाल सिंह, एसीपी मुनीश सहगल, जिला परिषद के प्रेसिडेंट विनय सिंह, वाइस प्रेसिडेंट धर्म चौधरी, लखन बेनीवाल, प्रताप भाटी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं दूसरी तरफ इस सम्मान के लिए विद्यालय में पहुंचने पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस विद्यासागर इंटरनेशन स्कूल के चैयरमैन धर्मपाल यादव बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस बार गणतंत्र दिस समारोह पर बेहतर परफार्मेंस के लिए हमारा विद्यालय दूसरे स्थान पर रहा है, जिसका श्रेय विद्यालय के स्टॉफ के साथ बच्चों को जाता है जिन्होंने मेहनत करके जिले में स्कूल का नाम रोशन किया है।

# गणतंत्र दिवस पर किया एनीमिया कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा, ब्राह्मण वाडा स्थित स्नेह शिशु विद्या मंदिर स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरेंद्र भाटी ने ध्वजारोहण किया।

उन्होंने लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन की सरहाना करते हुए कहा कि संस्था शहर में सामाजिक कार्यो में बढचढ कर अपना योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर फरीदाबाद आईएमए वूमेन की टीम डा. दीपा गुप्ता, डा.मनीषा, डा. रीता, डा. गुलयानी की ओर से मिशन पिंक हेल्थ के अंतर्गत लगभग 160 बच्चो का हीमोग्लोबीन चेक किया गया और अपने व्याख्यानों में बच्चो को हेल्थ हाइजीन, एनीमिया कन्ट्रोल, आंखों की सुरक्षा के लिए उपाय बताए। लक्ष्य वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से डा. चक्रपाल मेंदीरत्ता, सुनील मंगला, दिनेश मंगला, विकास बब्बर, कविता मंगला, रेणु गोयल उपस्थित रहे।

# ग्रैंड कोलंबस स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन


स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी स्तर के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर वंदना के साथ किया गया।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति से परिपूर्ण भाव के साथ समूह गान प्रस्तुत किया। देश के प्रति अपने कर्तव्य और महत्व को दर्शाते हुए छात्रों ने अपने अलौकिक हुनर का प्रदर्शन रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत करके किया। इस कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका शर्मा जी ने बहुत शालीनता के साथ सभी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा तिरंगे के महत्व को समझाते हुए उसकी मान और गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। आजादी के बाद से भारत की प्रगति, विकास तथा उपलब्धियों के बारे में बताते हुए सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी अपने देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

# बढ़ते वायु प्रदूषण से बढ़ा फेफड़ों का कैंसरः डॉ शर्मा

**फरीदाबाद।** कैंसर एक ऐसा रोग है जिसमें आनुवांशिक स्तर पर बदलाव के चलते शरीर में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि होने लगती है। ऐसा व्यक्ति विशेष की आनुवांशिकीय बनावट के कारण हो सकता है, जो कि अपरिवर्तनीय है, लेकिन साथ ही, कुछ अन्य परिवर्तनीय कारक जैसे पर्यावरणीय पहलू और जीवनशैली भी जिम्मेदार होते हैं।

डॉ मोहित शर्मा सीनियर मेडिकल ओंकोलॉजिस्ट एवं हैड ऑफ ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद कहते हैं, फरीदाबाद जैसे शहर में जहां वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है, हमें अपने आसपास के परिवर्तनीय पहलुओं पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। उदाहरण के लिए, बढ़ते वायु प्रदूषण (खासतौर से पीएम 2.5 या कम रहने पर) की वजह से फरीदाबाद जैसे शहर में लंग कैंसर (फेफड़ों का कैंसर) बढ़ रहा है।

# आजादी रूपी धरोहर की रक्षा के लिए लें संकल्प : ललित नागर

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा है कि भारत देश को आजाद कराने में हमारे पूर्वजों व स्वतंत्रता सेनानियों जो कुर्बानियां दी है, हमें उनका अनुसरण करते हुए देश की आजादी की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। आज कुछ असामाजिक ताकतें देश की अखंडता व एकता को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रही है, ऐसे में हम सभी को एकजुट होकर ऐसी ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए और देश के लिए तन-मन-धन से समर्पण रहना चाहिए। नागर 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेक्टर-76 स्थित पार्क व्यू सोसायटी में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात हमारे जवान सर्दी-गर्मी व बरसात में हमारी रक्षा के लिए तत्पर रहते है, ऐसे में हमारा भी दायित्व बनता है कि हम देश के अंदर रहकर अपनी व अपनों की रक्षा करेंगे और समाज में भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह आजादी के इस बड़े दिन पर आपसी वैरभाव भुलाकर भाईचारे व संगठित होकर रहने का प्रण लें। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। विधायक ललित नागर ने भी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा पूर्व विधायक ललित नागर ने विजय पब्लिक स्कूल, राजदेव पब्लिक स्कूल रोशननगर अगवानपुर, इस्माइलपुर सहित अनेकों स्थानों पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मनोज वत्स, धर्मबीर ढुल, नरेंद्र एक्स प्रधान, सुमित कम्बोज, राजीव भारद्वाज, नवीन सहगल, नरेश नरूला, प्रवीण बैसला, लव कुमार, लवकुश कुमार, सुंदर नेताजी, मनोज नागर, रोहताश चौधरी, अभिलाष नागर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।


झंडा फरहाते हुए ललित नागर व अन्य।

# स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली, फरीदाबाद में हेल्थ एवं फिटनेस विषय पर एनएसएस यूनिट, महिला प्रकोष्ठ तथा रेडक्रॉस के द्वारा एक लेक्चर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद माधव शाखा, फरीदाबाद के सदस्य डॉ एच.के लुधियानी, डॉक्टर सपना गुप्ता डॉक्टर सुजाता मंजू यादव, शैफाली ने छात्राओं को नियमित व्यायाम सकारात्मक सोच तथा पौष्टिक आहार का महत्व बताया। उन्हें बताया कि किस तरह नियमित व्यायाम करके तथा सकारात्मक सोच को जीवन में अपना कर आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। इस अवसर पर लगभग 100 छात्राएं उपस्थित रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनिधि ने छात्राओं को संबोधित किया तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ दिनेश जून, डॉ. सुशील कुमार वर्मा, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शालिनी तुली, एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी ममता भारद्वाज, युथ रेडक्रॉस प्रभारी कांता आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया


प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत करते शिक्षाविद् भारत भूषण शर्मा।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-दो स्थित महर्षि भगवान परशुराम पार्क में श्रीसनातन सेवा संगठन एवं स्थानीय आरडब्लयूए द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष अजय यादव तथा आरडब्ल्यूए प्रेसीडेंट एडवोकेट तेजपाल नागर के संयोजन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जाने-माने शिक्षाविद् एवं समाजसेवी भारत भूषण शर्मा मौजूद रहे।

इस मौके पर उन्होंने सबसे पहले ध्वजारोहण किया और उसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत गाया। तत्पश्चात भारत भूषण शर्मा का आयोजक अजय यादव द्वारा फूलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। वहीं इस मौके पर क्षेत्र के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने देशभक्ति व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों व अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं सुन्दर प्रस्तुतियों के बाद अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर उत्साहवर्धन भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् भारत भूषण शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकमनाएं देते हुए कहा कि आयोजकों द्वारा बड़ा ही सुन्दर कार्यक्रम आज प्रस्तुत किया गया है जिसमे उन्हें शामिल होने का मौका मिला है।

# संक्षिप्त समाचार

## विधायक ने किया कंपनी के महाप्रबंधक को सम्मानित



**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 में मनाए गए 74वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बड़खल हलके की विधायक सीमा त्रिखा औद्योगिक क्षेत्र फरीदाबाद स्थित ब्रान लैबोरेट्रीज को क्षेत्रीय अवार्ड स्वरूप कंपनी के महाप्रबंधक आरपी हंस को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित करते हुए। उनके साथ में फरीदाबाद के उपमंडल अधिकारी भी खड़े हैं। आरपी हंस समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे है।

## गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा



**फरीदाबाद।** जिले में स्थित अमृता अस्पताल में 74वें गणतंत्र दिवस के मौके पर एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पूरीजी ने ध्वजारोहण कर तिरंगा फहराया। इसके अलावा इस खास मौके पर कई और प्रमुख कार्य भी किए गए। अमृता अस्पताल में आयुध (अमृता युवा धर्म धारा) वॉलंटियर्स के सहयोग से श्रमिकों को 40 कंबल और 40 स्वेटर बांटे गए। साथ ही स्वामी निजामृतानंद पूरी ने अमृता अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों को मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया। गणतंत्र दिवस के मौके पर स्वामी मोक्षामृता, स्वामी हर्षमृता, कर्नल गोपाल कृष्णन, आयुध की ऊर्जावान टीम व अमृता नर्सिंग कॉलेज की उपस्थित में पाठशाला के 30 से अधिक बच्चों ने देश भक्ति की सुन्दर प्रस्तुतियां दे सभी का मन मोह लिया। स्वामी जी, कर्नल जी व अन्य सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को उपहार में सुन्दर स्वेटर्स, मिठाई व फल वितरण किया गया।

## पहली बार क्षयरोग विभाग की झांकी



**फरीदाबाद।** गणतंत्र दिवस पर पहली बार क्षयरोग विभाग की झांकी निकाली गई। जिसमें एक डॉक्टर से लेकर और मरीज को दवाई देने वाले डॉट्स प्रोवाइडर तक झांकी को सजाया गया। सबसे पहले मरीज को डॉक्टर के पास जाते हुए दिखाया जाता है। डॉक्टर के पास जाने के बाद डॉक्टर मरीज से पूछता है कि आपको क्या परेशानी है। जब मरीज टीवी के चार लक्षण बताता है। जिसमें उसे दो हफ्ते से ज्यादा खांसी है, मुझे 15 दिन से 20 दिन से बुखार है। मेरा वजन बहुत कम हो गया है। रात को पसीने आते हैं, फिर डॉक्टर उसके बलगम की जांच और छाती के एक्सरे के लिए लिखता है फिर वह लैब में जाता है। वहां पर बलगम की जांच की जाती है। बलगम में पॉजिटिव आने के बाद उसके और एचआईवी टेस्ट शुगर टेस्ट की जांच करवा कर उसका टीवी का कार्ड बनाकर ट्रीटमेंट सपोर्टर के पास दवाई भेज दी जाती है। उसको निश्चय आईडी देकर तथा उसको बता दिया जाता है कि सरकार द्वारा उस को हर महीने 500 रुपये मिलेंगे। इसमें डॉक्टर का रोल सुभाष गहलोत ने हिम्मत सिंह तथा उसके अटेंडेंट का रोल करण सिंह ने एलटी का रोल कुलभूषण, ट्रीटमेंट सपोर्टर का रोल राजकुमार शर्मा ने किया।

## कुंदन ग्रीन वैली स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस



**फरीदाबाद।** कुंदन कॉलोनी स्थित कुंदन ग्रीन वैली स्कूल बल्लभगढ़ में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन भारत भूषण शर्मा ने ध्वजारोहण किया। स्कूल के बच्चो ने इस मौके पर देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए, इसी के साथ विद्यालय प्रांगण में सरस्वती पूजा बड़े हर्षोउल्लास के साथ की गयी। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी फिर सभी ने पुष्प अर्जित किए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर माहौल देशभक्तिमय बना दिया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य किया। राजस्थानी हरियाणी व पंजाब गिद्दा की प्रस्तुति ने भी मन मोह लिया। चेयरमैन भारत भूषण द्वारा राष्ट्रीय झंडा तिरंगा फहराया गया। अंत में विद्यालय की निर्देशिका कमल अरोडा ने सभी को गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी की बधाई दी और विद्यालय मे मौजूद सभी बच्चों को, स्टाफ को एवं अभिवावकों को मिठाई वितरित कर के सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य एवं सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डॉ. मान सिंह सम्मानित



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में आयोजित किए गए 74वें गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला स्वास्थ्य विभाग में बेहतर कार्य करने के लिए सेक्टर-तीन के एसएमओ डॉ. मान सिंह को सम्मानित किया गया है। डॉ. मान सिंह को कोरोना काल में वैक्सीनेशन को बढ़ावा देने और पीएनडीटी के तहत छापेमारी कर शहर का नाम स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर करने के लिए यह सम्मान दिया गया है। डॉ. मान सिंह ने कोराना काल में दिन रात सेवा करने और पीएनडीटी एक्ट के तहत बेहतर कार्य कर रहे है। डा. मान सिंह ने कहा कि वह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के नारे के तहत हमेशा अवैध रूप से गर्भपात करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते रहेंगे। वह शायन को समान देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।

**JOTINDRA STEEL AND TUBES LTD.**
14/3, Mathura Rd. Sec-45, Faridabad-121010, Haryana
Lic. No. 52 of 2019 Dated: 07/03/2019 | HRERA No. 112 of 2019 Dated: 11/04/2019
Lic. No. 105 of 2019 Dated: 10/09/2019 | HRERA No. 171 of 2019 Dated: 18/10/2019

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform that despite, repeated reminders the following applicants have neither reverted/reported for payment of due installment nor approached the company for rectification of deficiencies in terms of Haryana Affordable Housing Policy 2013, as amended till date.

App. No's.: 4925, 4927, 4939, 4923, 2703.

All above applicants are requested to pay their due amount within 15 days from this notice, otherwise the allotment shall be cancelled, as per Haryana Affordable Housing Policy 2013.

Note: Please ignore, if already paid.
Place: Faridabad
Date: 28.01.2023

Satish Kr. Gupta
C.F.O

# निरीक्षक सुमन समेत चार पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### मुख्य अतिथि जेपी दलाल ने किया सम्मानित


गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में महिला पुलिस को सम्मानित करते मंत्री जेपी दलाल।

74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बेहतरीन उपलब्धियों के लिए पुलिस विभाग से महिला निरीक्षक सुमन सहित चार पुलिसकर्मियों को कृषि मंत्री ने सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में महिला निरीक्षक सुमन प्रबन्धक महिला पुलिस थाना पूर्व, सहायक उप निरीक्षक भुदेव ट्रैफिक स्टाफ, सहायक उप-निरीक्षक सन्दीप प्रवाचक पुलिस आयुक्त और ईएचसी सुरेन्द्र ईन्चार्ज ईआरवी शामिल रहे। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन, संयुक्त पुलिस आयुक्त कुलविंदर सिंह, पुलिस उपायुक्त पूर्व वीरेंद्र विज, पुलिस उपायुक्त पश्चिम दीपक सहारण व डीसी निशांत कुमार यादव ने उन्हें इस सम्मान के लिए बधाई दी। गणतन्त्र दिवस पर आयोजित की गई परेड के कमांडर एसीपी मनोज कुमार की अगुआई में गुरुग्राम पुलिस पुरुष प्लाटून के कमांडर एएसआई अरविंद, गुरुग्राम पुलिस महिला प्लाटून की कमांडर एसआई सविता, गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस प्लाटून के कमांडर भूदेव, हरियाणा होमगार्ड के प्लाटून कमांडर एसआई सतपाल, सिविल डिफेंस प्लाटून के कमांडर निर्भया भेद तथा एनसीसी प्लाटून कमांडर रितिक यादव ने अपनी-अपनी परेड टुकड़ियों के साथ भव्य परेड मार्च किया।

# गणतंत्र दिवस पर पीएनबी ने झांकी निकाल बताई योजनाएं

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस पर पीएनबी की ओर से निकाली गई झांकी।

देश के 74वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक गुरुग्राम मण्डल द्वारा मण्डल प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में ताऊ देवी लाल स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम में बैंक की विभिन्न योजनाओं को झांकी दर्शाई गई। कार्यक्रम में कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए झांकियों का भी निरीक्षण किया।

झांकी में दिखाया गया कि बैंक की विभिन्न योजनाओं हाउसिंग, वाहन आदि ऋण एवं सरकारी योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि, जिसके अंतर्गत कोविड महामारी से प्रभावित स्ट्रीट वेंडर्स को अधिकतम 50 हजार रुपये तक वित्तीय सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जिसमें वैयक्तिक, प्रोप्राइटर्शिप पब्लिक एवं प्राइवेट फर्म को अधिकतम 10 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त एमएमएपीवाई, पीकेसीसी, एग्रीकल्चर, एमएसएमई व कई डिजिटल उत्पादों डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड व बैंक के ऐप के बारे में झांकी के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक की ओर से सहायक महाप्रबंधक हरविंदर यादव, सहायक महाप्रबंधक, इन्दु खिवानी, मुख्य प्रबन्धक श्याम लाल, अनिल कुमार मीणा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जीयू में धूमधाम से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस



गुरुग्राम। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा की धुन के बीच 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया और सुरक्षा कर्मियों, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कुलपति दिनेश कुमार ने सभी छात्रों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने एकल व सामूहिक गीत गाकर माहौल देशभक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों के कंठ से निकले मधुर देशभक्ति गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं। इसके साथ ही संविधान में कर्तव्य भी बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिसके पास जितने ज्यादा अधिकार होते हैं उसका उतने ज्यादा कर्तव्य हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करना चाहिए। कुलपति ने आह्वान किया कि गणतंत्र दिवस पर सभी नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ लें। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की नींव का पत्थर होती है। इस अवसर पर जीयू के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

### महिला ने दामाद पर दर्ज कराया पति के अपहरण का केस

सोहना। सोहना के वार्ड-21 निवासी महिला ने अपने दामाद पर पति का अहपरण करने का आरोप लगाते हुए शहर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। तीन दिन पहले दामाद ने अपने ससुर को घर के बाहर बुलाया और गाड़ी में बैठाकर ले गया था। शहर के वार्ड-21 निवासी नैमा देवी ने पुलिस को बताया कि उसने करीब डेढ़ वर्ष पहले अपनी बेटी की शादी राजू सैनी निवासी उत्तर प्रदेश का गांव खेड़ा से की थी। 23 जनवरी को उसका दामाद राजू सैनी ने घर के बाहर खड़े होकर उसके पति मोहन सैनी को फोन किया और घर से कुछ बातें करने के लिए बुलाया था। उसने अपने पति को घर से बाहर जाते हुए देखा और मोहन सैनी के पास पहुंचने पर दामाद राजू सैनी ने जबरन उसके पति को अपने साथ लाए गाड़ी में बैठा लिया। तुरन्त ही गाड़ी को मौके से भगाकर ले गया। तीन दिन बीत जाने के बाद भी उसका पति मोहन सैनी घर वापस नहीं लौटा है। महिला ने दामाद पर पति के अपहरण किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया क नैमा देवी की शिकायत पर उसके दामाद के खिलाफ ससुर को अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही पुलिस मोहन सैनी की तलाश में उत्तर प्रदेश जाएगी।

### अंजू देवी 30 को लेंगी चेयरपर्सन पद की शपथ

सोहना। सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन पद पर अंजू देवी 30 जनवरी को शपथ लेंगी। जिसके लिए प्रशासन ने हरी झंडी दिखा दी है। वहीं शपथ लेने के लिए प्रशासन ने अंजू देवी को लिखित सूचना दे दी है। प्रशासन शपथ दिलाने की तैयारी में जुट गया है। नगर परिषद के चेयरपर्सन पद पर अंजू देवी के शपथ लेने पर चला आ रहा गतिरोध अब समाप्त हो जाएगा। जिला उपायुक्त निशांत यादव के आदेश पर अंजू देवी 30 जून को एसडीएम प्रदीप मलिक के कार्यालय में सुबह साढ़े 9 बजे पद और गोपनीयता की शपथ लेंगी। जिसकी लिखित सूचना के आधार पर अंजू देवी को इसकी सूचना दे दी गई है। वहीं अंजू देवी को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे के लिए आमंत्रित कर दिया है। मालूम रहे कि जून 2022 में नगरपरिषद का आम चुनाव सम्पन्न हुआ था। जिसमें भाजपा उम्मीदवार अंजू देवी करीब 1800 मतों से विजयी रहीं थीं। जबकि आम आदमी उम्मीदवार ललिता दूसरे नंबर पर रही थी। आप उम्मीदवार ललिता ने विजेता अंजू देवी की मार्कशीट को बोगस व फर्जी होने के आरोप जड़ दिए थे। चुनाव को निरस्त कराने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा डाला था।

### गुणवत्ता की कसौटी पर खरे उतरे हैं बैद्यनाथ के उत्पाद



गुरुग्राम। आयुर्वेदिक दवा एवं अन्य कई उत्पादों का निर्माण करने वाली बैद्यनाथ कंपनी के उत्पादों के विक्रेताओं, वितरकों की एक बैठक यहां आयोजित की गई। यह बैठक जैन आयुर्वेदिक ट्रेडर महेश चंद जैन की ओर से बुलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डा. सुनील आर्य ने शिरकत की। बैठक में गुरुग्राम के अलावा पटौदी, बादशाहपुर, सोहना, तावडू के मुख्य खुदरा व थोक विक्रेताओं ने शिरकत की। बैद्यनाथ कंपनी की तरफ से क्षेत्रीय प्रबंधक स्वर्ण सिंह व एरिया मैनेजर रविंद्र कुमार, मयंक गुप्ता ने शिरकत की। स्वर्ण सिंह ने कंपनी की उत्पादक गुणवत्ता, इसके वितरण संबंधी विषयों पर चर्चा की। सभी दवा विक्रेताओं को सहयोग के लिए धन्यवाद किया। साथ ही कहा कि कंपनी की तरफ से दवाओं व अन्य उत्पादों की गुणवत्ता में कभी समझौता नहीं किया जाता। इसलिए, आज कंपनी के नाम से ही सही दवा, उत्पाद होने का भरोसा आमजन के बीच है। इस दौरान गुरुग्राम के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डा. सुनील आर्य बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किए गए। उन्होंने अपने करीब 25 साल के अनुभव के तहत बैद्यनाथ की दवाओं के उपयोग के बारे में जानकारी सांझा की।

# संविधान ने दिए हैं हर नागरिक को समान अधिकार : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/तावडू


तावडू में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।

देश के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने तावडू में तिरंगा फहराया। इससे पहले उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक ने शहीद परिवारों को भी सम्मानित किया।

विधायक सुधीर सिंगला का कार्यक्रम में पहुंचने पर तावडू मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, भाजपा तावडू के अध्यक्ष मुकेश शर्मा बिस्सर व उनकी टीम, चेयरपर्सन मनीता गर्ग, जिला संघचालक सुनील जिंदल, चेयरमैन महेंद्र गोयल, अनिल जिंदल ने का स्वागत व अभिनन्दन किया। ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गणतंत्र दिवस मनाने के पीछे हमारे अनेक वीरों ने कुर्बानियां दी हैं। स्वतंत्रता के आंदोलन चलाकर महापुरुषों ने अपने जीवन को बलिदान किया है। तब जाकर हमें 15 अगस्त 1947 में भारत को आजादी मिलने के साथ ही इसे लोकतांत्रिक बनाने के मकसद से देश का संविधान बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू होने के साथ ही देश को पूर्ण गणराज्य घोषित किया गया। इसी दिवस को देश गणतंत्र दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार दिए हैं।

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने विद्यार्थी जीवन में हर उस बात का ज्ञान अर्जित करें, जो हमारे देश के मस्तक ऊंचा करती है। स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनियों को याद रखें। उनके बलिदान की गाथा पढ़ें। श्रीसिंगला ने आगे कहा कि देश की आजादी के बाद देश में बहुत से बदलाव हुए हैं। पिछले 8 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत मजबूत हुआ है।

चाहे विकास की बात करें या फिर देश की सुरक्षा की। हर कसौटी पर भारत अब खरा उतर रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत को अब गंभीरता से लिया जाने लगा है। इसी तरह से हरियाणा भारत देश में महत्वपूर्ण राज्य का स्थान रखता है। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। विधायक सुधीर सिंगला ने समारोह में बच्चों को सम्मानित किया और आर्थिक मदद भी दी।

# संविधान में निहित मूल्यों का अनुसरण कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें : बोधराज सीकरी

### बोधराज सीकरी ने ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल सेक्टर-1 में फहराया तिरंगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सेक्टर-10 स्थित ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण के बाद रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ते मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी।

ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल सेक्टर-10 में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान, हरियाणा प्रांत सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं जीएमडीए के सदस्य बोधराज सीकरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। साथ ही राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की स्कूल के स्टाफ और बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

बोधराज सीकरी ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। आज के दिन हम अपने संविधान के निर्माण में योगदान करने वाले सभी महापुरुषों को याद करते हैं। मैं डॉक्टर बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जी को कोटि-कोटि प्रणाम निवेदित करता हूं, जिन्होंने संविधान तैयार करने के दौरान ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में असाधारण नेतृत्व प्रदान किया। हमारा संविधान विस्तृत और व्यापक है। ये सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है बल्कि एक सामाजिक दस्तावेज भी है। ये सिर्फ अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि कर्तव्यों पर भी जोर देता है। हमें इसमें निहित मूल्यों को अक्षरशः अनुपालन करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं।

ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें अपने इतिहास और महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्षों से परिचित कराएं। उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट से आग्रह किया कि विद्यार्थियों को संविधान में समाविष्ट कर्तव्यों कि जानकारी समय समय पर दी जाए। छात्रों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सरोज सुमन गुलाटी (डायरेक्टर), त्रिलोक बिष्ट (प्रिंसिपल), अंशिका अनेजा, और स्कूल का समस्त स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम में मिले आतिथ्य सत्कार के लिए, भी स्कूल के पदाधिकारियों और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# ठेकेदारी प्रथा से बाहर निकालने को भूख हड़ताल पर सफाई कर्मचारी



गुरुग्राम। एक तो खुद सरकार ठेकेदारी प्रथा को खत्म करके कर्मचारियों को अपने अधीन काम करने की बात कह रही है, दूसरी तरफ उन्हें अपने अधीन लेने को भी तैयार नहीं है। सरकार की यह दोहरी नीति कर्मचारियों का अहित कर रही है। यह कहना है उन सफाई कर्मचारियों का, जो पिछले पांच दिन से नगर निगम गुरुग्राम के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

भूख हड़ताल पर बैठे गौरव टांक व कौशल ने कहा कि अपने धरने व भूख हड़ताल को लेकर उन्होंने तीन जनवरी 2023 को नगर निगम अधिकारियों को सूचना दे दी थी कि अगर उनकी मांगों का समाधान नहीं होता है तो वे भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इसके बावजूद निगम प्रशासन ने उनसे कोई बात नहीं की। निगम के उदासीन रवैये और अपनी मांगों को लेकर उन्होंने 23 जनवरी से भूख हड़ताल शुरू कर दी। जब तक मांगें पूरी नहीं की जाती, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

**सफाई कर्मचारियों को इनका मिला समर्थन :** मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट, आम आदमी पार्टी के पूर्व ऑब्जर्वर अशोक वर्मा एडवोकेट, पूर्व यूथ प्रधान आप रुस्तम चौहान ने सरकार से मांग की है कि सफाई कर्मचारियों की मांगों को बिना कोई देरी किए पूरा किया जाए। करीब 200 कर्मचारियों को तो नौकरी से निकाल दिया गया है। करीब एक हजार सफाई कर्मचारी आज सड़क पर है।

# देश का 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

### ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया खंड स्तरीय गणतंत्र दिवस

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के स्टेडियम में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय झंडा फहराने के बाद सलामी देते हुए हथीन विधायक प्रवीण डागर।


गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणवी गीत पर डांस करती छात्राएं।

स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृति और देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को संदेश डांस व गतियों में माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर पर अमर शहीदों के परिजनों को सम्मान किया गया।

ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया खंड स्तरीय देश का 74वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर हथीन विधायक प्रवीण डागर ने राष्ट्रीय झंडा फहराया। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप मलिक, तहसीलदार शिखा गर्ग, डीसीपी उपासना सिंह, एसीपी नवीन सिंधु समेत शहर व सदर थाना प्रभारी और अन्य विभागों के अधिकारी व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे हथीन विधायक प्रवीण डागर ने अपने मंच के माध्यम से राज्य व केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बारे में विस्तार से बताया।

प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बताते हुए नागरिक अस्पतालों में 500 के लगभग दवाइयां रोगियों को वितरण करने तथा 300 प्रकार के ऑपरेशन सुविधा दिए जाने की बात को प्रमुखता से बताया। राज्य सरकार द्वारा चिरायु योजना का लाभ एक-एक परिवार को सुविधा देने की बात कही। प्रवीण डागर ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए अमर शहीदों को याद किया तथा सोहना के मूल निवासी रहे अमर शहीदों के परिजनों का मंच के माध्यम से सम्मान किया।

**विद्यार्थियों ने जगाया देश प्रेम :** इस अवसर पर सांस्कृति व देश भावना के प्रतिक प्रस्तुत किए, गए डांस व गीत के माध्यम से स्टेडियम में मौजूद है। प्रत्येक जन के मन व दिल दिमाग में देश भावना तथा भक्ति का पाठ पढ़ाया। नौ अलग-अलग राजकीय व गैरराजकीय से आए 300 के लगभग विद्यार्थियों ने 12 के लगभग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**उत्कृष्टि पुरस्कार में भाई भतीजावाद :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी विभागों के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों को उत्कृष्टि कार्य करने वालों को दिए गए पुरस्कार वितरण में भाई भतीजावाद साफ झलका। जिसमें कुछ ऐसे कर्मचारी भी शामिल थे। जिनके कार्य को कम जी हजूरी करना अच्छा लगता था।

# जेट सिंथेसिस ने फैनोरी में अधिकांश हिस्सा हासिल किया; पूर्व ट्विटर इंडिया हेड करेंगे नेतृत्व

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नए युग की डिजिटल एंटरटेनमेंट एवं टेक्नॉलॉजी कंपनी, जेटसिंथेसिस ने फैनोरी में अधिकांश हिस्सा हासिल कर लिया है। यह स्टार्टअप क्रिएटर्स को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के मुकाबले अपने क्रिएशंस के लिए ज्यादा आय अर्जित करने में मदद करता है। फैनोरी के अधिग्रहण के बाद जेटसिंथेसिस ने पूर्व ट्विटर इंडिया हेड एवं फैनोरी के सहसंस्थापक, मनीष महेश्वरी को कॉर्पोरेट लेवल, जेटसिंथेसिस का प्रेसिडेंट बनाया है।

जेटसिंथेसिस के शेयरधारकों में इन्फोसिस सहसंस्थापक क्रिस गोपालकृष्ण, सीरम इंस्टीट्यूट के अदार पूनावाला और महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आदि के फैमिली ऑफिसेज हैं। मनीष महेश्वरी क्रिएटर्स अपने दो पुराने साथियों के साथ स्थापित, फैनोरी क्रिएटर्स को अपने फैंस के माध्यम से अपने क्रिएशन के लिए धनराशि अर्जित करने में समर्थ बनाता है, जिससे वो माईक्रोउद्यमी बन जाते हैं। यह प्लेटफॉर्म क्रिएटर्स को एक पर्सनलाईज्ड ऐप द्वारा अपने फैंस से जोड़ता है। यह मॉडल ई-कॉमर्स स्पेस शॉपिफाई की तरह है, जो छोटे ऑफलाईन व्यवसायों को अपने पर्सनलाईज्ड डिजिटल स्टोर स्थापित करने में मदद करता है। महेश्वरी अब फैनोरी के वैश्विक विस्तार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस विनिमय और नई नियुक्ति के बारे में राजन नवनी, फाउंडर एवं सीईओ, जेटसिंथेसिस ने कहा, ''पिछले साल जेटसिंथेसिस ने काफी वृद्धि की और हमें खुशी है कि साल 2023 की शुरुआत इस विनिमय के साथ हो रही है। हम डिजिटल एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में अपने आयामों का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। सोशल मीडिया क्रिएटर्स का बाजार काफी तेजी से बढ़ा है, और भविष्य में भी यह विस्तार जारी रहेगा। फैनोरी का मॉडल क्रिएटर्स के लिए फायदेमंद है। यह उन्हें अपनी कड़ी मेहनत और क्रिएटिविटी के लिए आय अर्जित करने में मदद करता है। हम मनीष के साथ इस नए क्षेत्र की खोज करने और डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया में उतरने के लिए उत्साहित हैं।'' फैनोरी का प्लेटफॉर्म जेटसिंथेसिस के डिजिटल मनोरंजन के स्तंभ के साथ मिलकर काम करेगा। फैनोरी क्रिएटर्स को अपने सुपरफैंस तक पहुंचने में मदद करेगा, जो अपने पसंदीदा कलाकार के साथ बात करने का एक्सक्लूसिव अवसर पाने के लिए भुगतान करने के इच्छुक होंगे। इसके बाद क्रिएटर्स एक सुगम, क्राईन-आधारित पेमेंट प्रणाली द्वारा पर्सनलाईज्ड ऐप पर प्रीमियम अनुभव बेच सकेंगे। मनीष महेश्वरी, कॉर्पोरेट, फैनोरी एवं प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट लेवल, जेटसिंथेसिस ने कहा, ''सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फौलोअर बनाने और उनकी संलग्नता को प्राथमिकता देते हैं ताकि वो ब्रांड्स को एडवर्ट बेच सकें। क्रिएटर्स को सीधे धन का लाभ देना पहले विचार में नहीं आता। फैनोरी अलग है क्योंकि यह मुख्यतः क्रिएटर्स को धन का लाभ देने पर केंद्रित है। यह क्रिएटर्स और उनके सुपरफैंस के लिए संभावनाएं तेजी से बढ़ाएगा क्योंकि इससे उन्हें जेटसिंथेसिस का विस्तृत प्लेटफॉर्म और परिवेश संबंध उपलब्ध होंगे।'' ट्विटर में काम करने से पहले महेश्वरी नेटवर्क18 डिजिटल के सीईओ थे। उससे पहले वो क्रमशः सैन फ्रांसिस्को और न्यूयार्क में इनट्विट और मैककिंसे में नेतृत्वकारी पदों पर काम कर चुके थे।

# सिकंदरपुर-बढ़ा गांव में शिक्षित बेटी काजल ने फहराया तिरंगा


गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर-बढ़ा में ध्वजारोहण करती गांव की शिक्षित बेटी काजल, साथ में मौजूद सरपंच सुंदर लाल व स्कूल स्टाफ।

गुरुग्राम। 74वां गणतंत्र दिवस समारोह गांव सिकन्दरपुर-बढ़ा में धूमधाम से मनाया गया। गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में हर साल की तरह इस बार भी गांव की सबसे शिक्षित बेटी काजल पुत्री तीर्थ सिंह ने तिरंगा फहराया। स्कूल की प्राचार्या निर्मला देवी, गांव के सरपंच सुन्दर लाल यादव ने सभी बच्चों, ग्रामीणों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक परफेक्टी कम्पनी से धीरेंद्र सिंह भारती, गांव के मोजिज लोग रोहतास यादव, सुन्दर लाल, पूर्व सरपंच बीरेन्द्र यादव, रणधीर सिंह, रवि यादव, रामकुवार यादव, राजकुमार, मामचंद यादव, राजेश फौजी, रामनिवास यादव सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लिए, गौरव का दिन होता है। इस दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। संविधान में देश के हर नागरिक को समान अधिकार दिए गए हैं। ऐसे में हम सबको भी मिलकर, एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। विद्यालय की प्राचार्या निर्मला देवी ने भी बच्चों को महापुरुषों का बलिदान याद रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश के लिए सदा अच्छा काम करके हम अच्छाई फैला सकते हैं। कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे हमारे देश की किसी भी तरह से साख गिरती हो।

# गुरुग्राम में अब बच्चे के जन्म वाले दिन ही मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर को सम्मानित करते सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव।

नागरिक अस्पताल में पैदा होने वाले बच्चों का अब उसी दिन ही जन्म प्रमाण पत्र तैयार करके दिया जाएगा, जिस दिन बच्चे पैदा होंगे। अभी तक इस प्रमाण पत्र के लिए 21 दिन का समय दिया जाता है। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में आयोजित 74वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने यह सेवा शुरू करने की बात कही। एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सेक्टर-31 की एएनएम छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत गाए गए।

इससे पहले सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने नागरिक अस्पताल परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार जन्म और मृत्यु को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिला गुरुग्राम में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में जन्म लेने वाले सभी नवजात बच्चों को 1 फरवरी से उसी दिन जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए। ऐसा करके हम मुंबई से आगे निकल जाएंगे। सिविल सर्जन ने अस्पताल के अधिकारियों, कर्मचारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि एक फरवरी से 2023 से जनता के लाभ के लिए अस्पताल में सायंकालीन विशेषज्ञ ओपीडी शुरू करने की बात कही। पीएमओ डॉ. अलका सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**डीएमएस ने 2022 का ब्यौरा दिया :** कार्यक्रम में उप-चिकित्सा अधीक्षक (डीएमएस) डॉ. नीरज यादव द्वारा स्वागत भाषण और वर्ष-2022 में अस्पताल की उपलब्धियों को सांझा किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में अस्पताल द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में यहां 6 लाख 25 हजार 778 मरीजों की ओपीडी में जांच की गई और 30 हजार 902 मरीज भर्ती हुए। लैब में 2 लाख से अधिक जांच की गई। कुल 4049 सर्जरी की गई। डिलीवरी 7614 हुई। इसके अलावा 12288 अल्ट्रासाउंड और 41 हजार 977 एक्सरे किए गए। मरीजों को दवाइयों की बात करें तो 77 लाख से अधिक यहां दवाइयां दी गई।

**60 अधिकारियों, कर्मचारियों का किया सम्मान :** गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के 60 अधिकारियों और कर्मचारियों को रोगियों और जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए गए। सम्मानित होने वालों में डा. राहुल, डा. चित्रा, डा. सुशांत शर्मा, डा. दीपांशु, डा. लवलीना मेहता, डा. मोनिका नरवाल, डा. अमनदीप सहारन, डा. सुमन खरब, डा. विवेक देसवाल, डा. सरिता चौधरी, डा. मानव चौधरी, डा. विकास सैनी, पवन, नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय, मीना, रेशमा, सविता, गीता, कुसुम, नरेश, वीरेंद्र, पूजा, सरोज, संगीता, मधु, शैलेंद्र, इंदु, सरोज, अनीता, रत्ना, दीपक चौधरी, नीरज संगेल समेत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# देशभक्तों के त्याग और बलिदान की लंबी गौरव गाथा है गणतंत्र दिवस : विकास यादव

## फरीदाबाद मंडल के आयुक्त विकास यादव मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

## आयुक्त विकास यादव ने ली विभिन्न टुकड़ियों की परेड की सलामी





**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**फरीदाबाद** मंडल के आयुक्त विकास यादव ने 74वें गणतंत्र दिवस पर जिला वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण ही हम सबको समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। गणतंत्र दिवस हमारे देश भक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरव गाथा से जुड़ा हुआ दिन है। इससे पहले आयुक्त विकास यादव ने जिला के शहीदी स्मारक पर जाकर वीर शहीदों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

आयुक्त विकास यादव ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लंबा संघर्ष किया। आजादी के लिए हमारे देश भक्तों ने अपने प्राणों को देश पर न्योछावर कर दिया। देश की आजादी की लड़ाई में हरियाणा प्रदेश के वीरों का भी अहम योगदान रहा। जिला नूंह के अनेक सैनिकों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। आयुक्त विकास यादव ने कहा कि आज देश की सेना में हर दसवां जवान हरियाणा प्रदेश से है। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कठोर संघर्ष से हमें आजादी मिली तो वही दिन रात मुस्तैदी से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के कारण ही आज हमारी आजादी सुरक्षित है। आज पूरा देश उन शहीद सैनिकों और वीर सैनिकों का ऋणी है। आयुक्त विकास यादव ने कहा कि आज प्रदेश सरकार ने सैनिकों के परिवारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए हरियाणा के सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख कर दी है। सैनिकों के कल्याण के लिए 8 जिलों में एकीकृत सैनिक सदन बनाने का निर्णय लिया है इन सभी सैनिक सदनों पर लगभग 100 करोड़ रुपये का खर्च सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले लगभग 8 साल के कार्यकाल में कई ऐसे निर्णय लिए हैं जिसे न केवल भारत के प्रति दुनिया नजरिया बदला बल्कि भारत शक्तिशाली देश के रूप में उभर कर सामने आया है। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास करवाने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन एवं शासन के पथ पर चलते हुए एक अनूठी पहल की है। इसमें युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी, कर्मचारियों का ऑनलाइन तबादला, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वजीफा आदि की सब्सिडी में चल रहे फर्जीवाड़े को बंद करना आदि शामिल है। आज हरियाणा प्रदेश की गिनती देश के सर्वाधिक विकसित राज्य में होती है। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां पढ़ी-लिखी पंचायतें हैं व देश का पहला ऐसा राज्य भी है जिस राज्य में पंचायती राज संस्थाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए अंतर जिला परिषद का गठन किया है। प्रदेश में हर व्यक्ति को उसके घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं में सेवाओं का लाभ मिले इसके लिए विभिन्न विभागों की योजनाओं व सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। मेरा परिवार-मेरी पहचान कार्यक्रम के तहत सभी परिवारों के परिवार पहचान-पत्र बनाए जा रहे हैं। पीपीपी पोर्टल पर अब तक लगभग 72 लाख परिवारों का पंजीकरण हो चुका है। इनमें से अब तक 64 लाख 86 हजार से अधिक परिवारों का डाटा सत्यापित हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन को परिवार पहचान-पत्र से जोड़ा गया है। देश में पहली बार बीपीएल परिवारों को ऑनलाइन राशन कार्ड देने की सुविधा शुरू की है। अब परिवार पहचान पत्र के माध्यम से बिना आवेदन किये ऑटोमैटिक ढंग से पात्र परिवार को बीपीएल का पीला राशन कार्ड ऑनलाइन मिल रहा है। बीपीएल कार्ड की प्रक्रिया को भी हमने डायनैमिक इंकम सिस्टम कर दिया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह में इन विभागों की झाकियां हुईं शामिल

**प्रथम** स्थान डीआरडी, दूसरा स्थान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा तीसरा स्थान जन स्वास्थ्य स्वास्थ अभियांत्रिकी को दिया गया। इसके अतिरिक्त वन विभाग, मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान मेला (जिला समाज कल्याण अधिकारी), जिला ग्रामीण बैंक, डीआरडीए नूंह, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, आयुष विभाग, उद्यान विभाग, आरटी की झांकी की झांकियां निकाली गई। **गणतंत्र दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले टीमें:** सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान हिन्दु वरिष्ट माध्यामिक विद्यालय नूंह द्वारा पंजाबी गिद्दा, व दूसरा स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय नूंह-2 राजस्थानी नृत्य तथा तीसरा स्थान राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय छपैड़ा द्वारा हरियाणवी नृत्य की टीम रही।

### गणतंत्र दिवस समारोह में मार्च पास्ट व परेड के लिए ये टुकडिया़ हुई शामिल

**परेड** इंचार्ज सतीश कुमार डीएसपी फिरोजपुर-झिरका के नेतृत्व में मार्च पास्ट का आयोजन हुआ। इस मार्च पास्ट में पीएसआई सूरज के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस, एएसआई मन्जू हरियाणा महिला पुलिस, मुख्तार सिंह, के नेतृत्व में होम गार्ड, प्रजातंत्र के प्रहरी मोहम्मद मुस्तफा नेतृत्व में, हिंदुस्तान स्काउट जयबीर, डीएवी स्कूल एनएसएस अंस, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह खुशबू, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह एसपीसी गर्ल्स मेकिना शाहिद के नेतृत्व में, एसपीसी राविमावि फिरोजपुर-नमक मुस्तफा के नेतृत्व, जेएनवीय



एनसीसी,ब्याय गर्ल्स अंसू की टीम ने भाग लिया। जिला के पुन्हाना उपमंडल पर होडल के विधायक जगदीश नायर, फिरोजपुर-झिरका में जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, तावडू एसडीएम सिद्धार्थ दहिया ने 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह में फहराया देश की शान तिरंगा ओर परेड की शालामी ली। गणतंत्र दिवस समारोह में यह रहे उपस्थित = इस अवसर पर जिला सत्र एवं न्यायधीश संदीप गर्ग, उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, सहायक आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, एसडीएम अश्वनी कुमार, डीएसपी सतीश वत्स, नूंह नगर परिषद के चेयरमैन संजय मनोचा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जाहिद चेयरमैन, मंच संचालक अशरफ मेवाती सहित अन्य अधिकारी गण व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चे वह अध्यापक गण भी मौजूद रहे।

# कॉलेज व स्कूलों में धूमधाम के साथ मनाया गणतंत्र दिवस का पर्व





रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्र-छात्राएं। ध्वजारोहण करते जैन कन्या कॉलेज के चेयरमैन समाजसेवी राकेश जैन।

**फिरोजपुर झिरका।** शहर के लोगों ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। वहीं इस राष्ट्रीय पर्व का आयोजन कॉलेज में स्कूलों में भी बड़े धूमधाम के साथ किया गया। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर श्री शांति सागर जैन कन्या कॉलेज में समाजसेवी राकेश जैन ने ध्वजारोहण किया और कॉलेज व स्कूल के बच्चों व स्टाफ के लोगों को इस राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के शुभ अवसर पर उपमंडल नागरिक अधिकारी रणवीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। उन्होंने श्रीशांति सागर जैन कन्या कॉलेज के छात्राओं को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और वैक्सीनेशन टीकाकरण की मुहिम चलाने वाले सभी छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की। वहीं इस अवसर पर समाजसेवी राकेश जैन ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि 26 जनवरी सन 1950 में हमारे देश का संविधान लागू हुआ। तभी से 26 जनवरी के इस पावन दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। इस अवसर पर, मैं बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करता हूं। उन्होंने बताया की कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अभिभावक व बच्चे तथा स्टाफ के लोग अपनी दिनचर्या में से 10 मिनट का वक्त निकालकर अपने माता पिता के पास बैठे और उनकी बात सुने, क्योंकि उनके द्वारा बोली गई कुछ बातें ऐसी ठोस होती है जो मनुष्य को आगे तक के लिए बहुत काम आती है। मुझे उम्मीद है कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग अपने माता-पिता के लिए थोड़ा सा समय निकाल लेंगे और उनकी बातें ध्यानपूर्वक सुनेंगे। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बैग कॉलेज के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें हरियाणवी फोक डांस देश, भक्ति गीत, सामाजिक व नुक्कड़ नाटक और मोनो एक्टिंग से लोगों का मन मोह लिया। वहीं श्रीशांति सागर जैन कन्या कॉलेज के स्टाफ के लोगों ने सीआरपीएफ बटालियन के तीन जवानों को शॉल उड़ाकर उनका सम्मान किया और इसके अलावा कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पत्रकारों को शॉल उड़ाकर उनका भी सम्मान किया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन, पूर्व मार्केट कमिटी चेयरमैन सुनील जैन, कस्तूरचंद जैन, हेमराज जैन, पार्षद गौरव जैन, धर्मेंद्र जैन, दीपक उर्फ शैलू जैन, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ राम तिवारी, देवदत्त मिश्रा, सुमन चुटानी, योगेश जैन, ओम प्रकाश जैन, महेंद्र जैन सहित काफी संख्या में स्कूल के प्रबंधक व स्टाफ, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बेटी की शादी करने गए परिवार के चोरों ने घर के ताले तोड़े, लाखों की चोरी

## चोर अलमारियों में रखा सामान और साढ़े पांच लाख की नगदी लेकर हुए फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका





चोरों द्वारा खदेड़ा गया कमरे के आले अलमारियों में रखा हुआ सामान।

**शहर** में आए दिन चोरी की वारदातें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चोरों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं कि लोग अपने आप को जरा सा भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। वहीं ऐसा ही एक मामला शहर के वार्ड-10 गढ़ अंदर जामा मस्जिद के पीछे रहने वाला एक परिवार अपनी बेटी की शादी करने के लिए गुरुग्राम गया हुआ था। जोकि पीछे से चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार रमेश कुमार हंस पुत्र आत्म प्रसाद हंस निवासी वार्ड-10 फिरोजपुर झिरका ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका पूरा परिवार अपनी बेटी की शादी करने के लिए गुरुग्राम गए हुए थे। वह घर की रखवाली के लिए एक बुजुर्ग को छोड़ा हुआ था। अचानक बुजुर्ग की तबीयत खराब होने की वजह से वह अपने घर चला गया। इसी बात का फायदा उठाते हुए गुरुवार मध्य रत्रि को चोरों ने घर के मुख्य गेट का ताला तोड़ा लेकिन घर के अंदर से गेट की कुंडी लगने की वजह से चोर घर के अंदर नहीं घुस पाए और घर के छत पर चढ़कर सीढ़ियों के रास्ते से सीढ़ियों में लगे एक गेट का ताला तोड़ डाला। घर के अंदर घुस गए। घर के अंदर घुसते ही चोरों ने घर के सभी कमरों के आले अलमारियों व संदूकों को खोलकर सामानों खदेड़ना शुरू कर दिया। वहीं गोदरेज की अलमारी में रखे साढ़े पांच लाख रुपये की नगदी को लेकर फरार हो गए। रमेश कुमार हंस ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरों की प्लानिंग पूरे घर को लूटने की थी।

यहां तक कि चोरों ने घर के अंदर रखे फ्रीज खोलकर उसके अंदर रखे सामान को बिखेरा है और आले अलमारियों में रखे कपड़े व कागजी दस्तावेजों को भी पूरी तरह से खदेड़कर गए हैं। वहीं पीड़ित परिवार ने इस मामले के संदर्भ में सिटी चौकी पुलिस को सूचित किया है। वहीं सिटी चौकी प्रभारी सुनील कुमार का कहना है कि पीड़ित परिवार की शिकायत मिल चुकी है। पुलिस इस मामले को लेकर जांच के लिए जुट गई है। जल्द ही समस्त चोरों का पता लगाकर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## मोदी का परीक्षा पर चर्चा-2023 कार्यक्रम सुना

**नूंह।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा-2023 कार्यक्रम के तहत आज पूरे देश के छात्रों के साथ संवाद किया। शुक्रवार को हिंदू सीनियर सैकेंडरी स्कूल, नूंह में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुना गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल ने शिरकत की। इस अवसर पर सैंकड़ों छात्र-छात्राएं व अध्यापकगण मौजूद रहे।

# 114 जिलों की ओवरऑल परफारमेंस में नूंह जिले की रही चौथी रैंक

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**देश** के पिछड़े जिलों में शामिल हरियाणा का एकमात्र जिला नूंह तेजी से तरक्की कर रहा है। इसी तरक्की के दम पर नूंह जिले की रैंकिंग में लगातार सुधार हो रहा है। उपायुक्त अजय कुमार नूंह ने बताया कि देशभर के 114 जिलों की ओवरऑल परफारमेंस में नूंह जिले का रैंक-4 है तथा शिक्षा के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर नूंह जिला शामिल है।

हेल्थ और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्तर में अच्छी इंप्रूवमेंट हुई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 17वां रैंक आया है। उपायुक्त ने कहा कि स्किल एंड बर्थ अटेंडेंट में इंप्रूवमेंट हुई है। टीकाकरण के मामले में भी इंप्रूवमेंट हुई है। अजय कुमार डीसी नूंह ने टीबी के इलाज के लिए भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कदम उठाए गए हैं। उससे भी रैंकिंग में लगातार सुधार हुआ है। उपायुक्त नूंह ने बातचीत के दौरान बताया कि नूंह जिले में 75 सब सेंटर मंजूर हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग भी इस पर ध्यान रख रहा है। जल्दी ही इन पर काम शुरू कराया जाएगा। उपायुक्त नूंह ने कहा कि थोड़ा समय भवन इत्यादि बनने में लग सकता है, लेकिन इन सब सेंटर के बनने के बाद स्वास्थ्य विभाग की रैंकिंग में और भी अधिक सुधार आने से इनकार नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर नूंह जिला शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार बेहतर काम कर रहा है। यही वजह है कि पिछड़े जिलों की सूची में शुरुआत में सबसे अंतिम पायदान के जिलों में शामिल जिला अब तरक्की करने वाले टॉप जिलों की सूची में शामिल है।



अजय कुमार उपायुक्त नूंह।

## संक्षिप्त समाचार

### बसंत पंचमी पर लगाया निः शुल्क आयुष हैल्थ कैम्प




**नूंह।** आयुष विभाग, नूंह द्वारा डा. मोहम्मद कमर जिला आयुष अधिकारी, नूह के मार्गदर्शन में बसंत पंचमी के उपलक्ष में 26 जनवरी 2023 को जाटव चौपाल में नि:शुल्क आयुष हैल्थ कैम्प का आयोजन किया। इस कैम्प का शुभारंभ डा मोहम्मद कमर, जिला आयुष अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कैम्प में आयुर्वेदिक यूनानी, होम्योपैथिक, पंचकर्म व योगा एव नैचुरापैथी पद्वति द्वारा रोगियों का उपचार किया गया। नि:शुल्क औषधि वितरण किया गया। आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा रोगियों का उचित खानपान के बारे में जानकारी दी गई। बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। आयुष विभाग योग सहायकों द्वारा कैम्प में उपस्थित लागों को योगा कराया गया। योग के बारे में जानकारी दी गई। इस कैम्प में कुल 411 रोगियों की जांच की गई। जिसमें आयुर्वेदिक पद्वति द्वारा 206, यूनानी पद्वति द्वारा 120, होम्योपैथिक पद्वति द्वारा 70 व पंचकर्म थेरेपी द्वारा 15 रोगियों का उपचार किया गया। इस कैम्प में 30 रोगियों की मधुमेह जांच की गई। इस कैम्प में नोडल अधिकारी डा यशबीर गहलावत, डा शशांक, डा मनोज, डा अब्दुल सलाम, डा नसीम, डा राजबीर, डा अरुण, जफर अहमद, जावेद हुसैन, हामिद हसैन आदि आयुष स्टाफ उपस्थित रहा।

### बच्चों के साथ निकाली तिरंगा रैली, फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**नूंह।** देश के 74वें गणतंत्र दिवस पर हरियाणा वक्फ बोर्ड द्वारा संचालित मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे ध्वजारोहण के साथ साथ देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों के बारे में बताया गया। कॉलेज स्टॉफ एवं बच्चों के साथ तिरंगा रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के निदेशक डॉ ख्वाजा एम रफी ने देश के 74वें गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए भारतीय संविधान के बारे में विस्तार से बताया और संविधान के अनुरूप जीवन जीने की सलाह भी दी, कार्यक्रम में हजरत शेखमूसा दरगाह के मदरसे के बच्चों ने देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत कविताएं सुनाई और तिरंगा रैली में भी भाग लिया। कॉलेज के निदेशक डॉ ख्वाजा एम रफी साहब ने हरियाणा वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर चौधरी जाकिर हुसैन (पूर्व विधायक) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मौ शाइन आईएएस की और से भी सभी मेवात वासियों को गणतंत्र दिवस की सुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ शाहीन खान, डॉ खालिद हुसैन, डॉ जुनेद खान, मोहसिन, अजाज खान, साकिर, शाहिद हुसैन, मुस्ताक आदि उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बना जन आंदोलन



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने शुक्रवार को गुरुग्राम के यूरो इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-109 में विद्यार्थियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा को लाइव देखा। इससे पहले उन्होंने विधार्थियों से बातचीत भी की और इस दौरान छात्रों द्वारा किए गए सवालों के जवाब भी दिए। ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को एक आंदोलन बताया। श्रीधनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा करके देश के विधार्थियों को जीवन का मार्ग दिखाया है। प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई बातें केवल परीक्षा में ही सफलता नहीं, जीवन में भी सफलता का मंत्र है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश-विदेश के लाखों छात्रों को सफलता का मंत्र दिया है। परीक्षा पे चर्चा एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री द्वारा कार्यक्रम में छात्रों को जीवन एवं परीक्षाओं में सफल होने के विभिन्न सूत्र दिए हैं।

# तावडू क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** में नगर सहित विभिन्न स्कूलों व मदरसों में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर के मॉडल संस्कृति स्कूल में गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिन्होंने ध्वजारोहण किया।

ग्रामीण क्षेत्र के मदरसों सहित ग्राम पंचायत छारोडा, सीलखो सेहसोला, निजामपुर बेरी, भंगवो, गोयला, सबरस, सुन्ध, भंगवो, खरक जलालपुर, व शिकारपुर सहित सभी पंचायत के सरकारी स्कूलों में नवनिर्वाचित सरपंचों ने ध्वजारोहण किया। जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों समेत ग्रामीणों ने बड़े उत्साह पूर्व भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को मिठाई भी बांटी गई। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए युवा नेता अजरुदीन, सरपंच शहजाद, सरपंच, तर्जुमा खान, सरपंच पूनम, सरपंच सुरैया, सरपंच सारूप, सरपंच शाकिबा, सरपंच काजल, सरपंच अब्दुल राहुफ, सरपंच तारिफ अनवर सरपंच अरशद आदि ने उपस्थित बच्चों, ग्रामीणों व शिक्षकों को 74वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत को ब्रिटिश हुकूमत से 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली थी, लेकिन आजादी का असली हक व आधार हमें 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के उपरान्त मिला। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश है। भारत की तरक्की का आधार हमारा संविधान ही है। जिसमें सबको बराबर का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन सभी स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को याद करने का भी ही दिन है। जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। इसी कारण आज हम एक स्वतंत्र वातावरण में रह पा रहे हैं।





गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत से सेहसोला के नवनिर्वाचित सरपंच शहजाद।

# सरपंच पति पर पीटने व जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के गांव जोरासी में सरपंच पति पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के साथ-साथ जाति सूचक शब्द बोल कर अपमानित करने का आरोप लगा है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जोरासी के रहने वाले कपिल ने बताया कि 14 जनवरी की रात वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक रिश्तेदारी से घर लौट रहा था। रात 9 से 10 बजे के बीच गांव की सीमा में शराब ठेके के पास पहुंचा तो पीछे एक गाड़ी लग गई। आरोप है कि जैसे ही वह सरकारी स्कूल के समीप पहुंचा तो पीछे लगी गाड़ी ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया। इसी दौरान गाड़ी से सरपंच पति अनिल व अन्य उतरे। जिन्होंने कॉलर पकड़ते हुए उन्हें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करना शुरू कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि जो शिकायत उनके खिलाफ दी है। उसे वापस ले ले।

पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान उनका दांत टूट गया। बदमाशों ने मारपीट के दौरान उन्हें कई बार जाति सूचक शब्द बोल कर अपमानित किया। कपिल ने बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं। जिनसे उन्हें अपनी जान का खतरा है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने आरोपी सरपंच पति अनिल व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं अनिल ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, SATPAL holding Indian Passport No:T9222382 issued at DUBAI on 18/12/2019, and Permanent Resident of HOUSE NO.3429/1 JHANSA ROAD THANESAR KURUK-SHETRA PIN 136118 HARYANA INDIA and presently residing at DUBAI UAE do hereby change my name from SATPAL to SATPAL (GIVEN NAME) SINGH (SURNAME) with immediate effect

◆ खोया-पाया ◆

I, Rajesh Bhatt S/o Hari Dass Bhatt R/o A-1, Sarai Khawaja, Faridabad have lost my BBA Dated 07/02/2005 between R.P.S Associates and Mr. Rajesh Bhatt & Mrs. Ritu Bhatt and Allottment Letter dated 23/03/2005 in favour of Mr. Rajesh Bhatt & Mrs. Ritu Bhatt. If found contact above address.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## दिग्विजय का बयान
### कांग्रेस की रणनीति

**राहुल गांधी** ने पार्टी को सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह के बयान से अलग रख कर अच्छा किया है। यह कांग्रेस की रणनीति है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को शायद खबरों में बने रहना अच्छा लगता है, भले ही इससे उनकी पार्टी को नुकसान ही क्यों न हो जाए। हाल ही में उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक का कोई प्रमाण नहीं है। यह ध्यान आकर्षित करने की उनकी इच्छा स्पष्ट करता है। राहुल गांधी ने पार्टी को दिग्विजय सिंह के बयान से अलग कर समझदारी का काम किया। राहुल ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस नेता 'दिग्विजय सिंह के विचारों से सहमत नहीं हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र बलों ने 'अपना काम बहुत अच्छे तरीके से किया और उनको सबूत देने की कोई आवश्यकता नहीं है।' देश की सबसे पुरानी पार्टी को शायद विश्वास था कि राहुल गांधी के बयान से यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा। लेकिन भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने सोमवार को 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने के लिए दिग्विजय सिंह की निन्दा की थी और वह उनके हालिया बयान को अनदेखा नहीं होने देना चाहेगी। उसने पहले ही कहा है कि ऐसे बयान 2019 में पुलवामा में 40 सीआरपीएफ जवानों के आतंकी हमले में शहीद होने पर 'पाकिस्तानी विमर्श की प्रतिध्वनि हैं।' वह ऐसे बयानों की निन्दा करती रहेगी। संभवत: दिग्विजय सिंह स्वयं ऐसे बयान देते रहेंगे जिनकी निन्दा करना भाजपा को अच्छा लगे। ऐसे में सवाल उठता है कि राहुल गांधी कहां तक दिग्विजय सिंह के बयानों से असहमत होते रहेंगे। पार्टी के सर्वोच्च नेताओं को इस पर अवश्य चर्चा करनी चाहिए। शायद दिग्विजय सिंह सुर्खियों में बने रहने के लिए ऐसे बयान देते हैं या यह मुस्लिमों के कल्याण की उनकी राजनीतिक पैरोकारी की आदत के कारण है जिससे उनमें ऐसी टिप्पणियां करने का रुझान पैदा होता है। लेकिन इनसे कांग्रेस को नुकसान होता है। आमतौर से 'मुस्लिम कल्याण' की बात करने का अर्थ उस समुदाय के सबसे प्रतिगामी तबके को खुश करना होता है और भाजपा इसे उचित ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण' कहती है। मोदी-समर्थक तत्वों के लिए यह विजय का हथियार है। हालांकि, बहुत से लोगों का राजनीतिक कॅरियर फैशनेबल 'सेक्युलर' जुमले उछालने पर निर्भर करता है।



विशिष्ट बुद्धिजीवियों में अधिकांश वाम-उदारवादी रुझान वाले थे और 'सेक्युलर पहचान' वाले नेताओं के प्रति उनका रुझान बहुत मजबूत था। इसी कारण गंभीर भ्रष्टाचार आरोपों के बावजूद लालू प्रसाद यादव का आकर्षण बना रहा, जबकि उनके नेतृत्व में बिहार में प्रशासन लगातार कमजोर पड़ रहा था। दिग्विजय सिंह इसी युग में फले-फूले हैं। उन्होंने 19 सितंबर, 2008 को दिल्ली के जामिया नगर में बाटला हाउस मुठभेड़ को 'फर्जी' बता दिया था और वह भी इस तथ्य के बावजूद कि दिल्ली के एक प्रमुख पुलिस अधिकारी की मुठभेड़ में मौत हुई थी और दिल्ली पुलिस उनकी अपनी सरकार के आधीन थी। 2016 में उन्होंने मुठभेड़ की न्यायिक जांच की मांग दुहराई तथा अनेक अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी उनका समर्थन किया। उदाहरणार्थ, 2012 में तत्कालीन विधि मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी मुठभेड़ में नौजवान मुस्लिम लड़कों के मारे जाने पर 'फूट-फूट कर रोने लगीं।' भाजपा ने उचित ही खुर्शीद के बयान को 'मुस्लिम वोट पाने का सांप्रदायिक दांव' कहा था। ऐसा लगता है कि राजनीति की गतिशीलता ऐसी रणनीतियों के लिए उचित स्थान देती है। लेकिन अब उस राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। दिग्विजय सिंह जितनी जल्दी यह बात समझ लेंगे, उतना ही उनकी पार्टी कांग्रेस के लिए ठीक होगा।

# नेताजी के राष्ट्रवाद से भागे थे अंग्रेज

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के संघर्ष और विचार को इतिहास के पाठों में एक पैराग्राफ तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता।**




**विश्वदीप काकाती** **वाग्मिता बड़ठाकुर**



बर्मा में 12 सितंबर, 1944 को नेताजी के भाषण को तत्कालीन सभी भारतीयों के हृदय में स्थान मिला और यह आज भी उनको प्रेरित करता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपनी क्रांतिकारी शैली में कहा था, 'हमने एक एकजुट व स्वतंत्र भारत की प्रतिज्ञा की है, इसलिए हम उसे विभाजित करने तथा टुकड़ों में काटने के हर प्रयास का विरोध करेंगे।' इसके लगभग 78 साल के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को ऐतिहासिक इंडिया गेट में स्थान मिला और इंडिया गेट जाने वाले मार्ग का नाम हाल ही में बदल कर 'कर्तव्य पथ' किया गया है। यह मार्ग न केवल प्रख्यात सुभाष चंद्र बोस व आधुनिक भारत के उनके विचारों को प्रतिबिम्बित करता है, बल्कि हर भारतीय के मन में उन लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को बनाए रखने की भावना पैदा करता है जो विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका में निहित हैं। यह देशवासियों में यह भावना भी पैदा करता है कि भारत को हमेशा एकजुट रहना चाहिए तथा हमें इस स्वतंत्र भारत में रहना चाहिए। यह प्रक्रिया हमें अपना जीवन उस भारत की स्थापना के लिए समर्पित करने की प्रेरणा देती है जिसके लिए पूरी दुनिया देशभक्ति तथा विविधता में एकता का प्रतीक है। नेताजी के मन में बचपन से ही जो राष्ट्रवाद की भावना थी वह अंतिम सांस तक उनकी गतिविधियों को निर्देशित करती रही। इस भावना को उन्होंने पूरे भारत में पैदा किया और इससे वे अत्यन्त उल्लेखनीय राजनेता बने।

कम आयु से ही नेताजी सामाजिक रूप से सचेतन व्यक्ति थे जिसका जन्म कोलकाता में प्रेसीडेंसी कालेज में उनके अध्ययन के समय हुआ था। उस समय वे जनता की गरीबी और कठिनाई भरे जीवन से बहुत व्यथित होते थे। सभी लोगों के बीच समानता की भावना के कारण उनको उस तिमंजिला आवास में रहना भी अच्छा नहीं लगता था जाहां से अनेक भिखारी दिखाई देते थे जिनके सिर पर छत तक नहीं थी। इसके चलते उन्होंने उस प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए थे जो कुछ लोगों के लिए शानोशौकत वाला जीवन तथा बहुत से लोगों के लिए गरीबी पैदा करती थी। भारत के स्वतंत्र होने तथा औपनिवेशिक दासता से मुक्त होने के पहले ही उन्होंने देश के प्रति राष्ट्रवाद की भावना विकसित की थी। बोस के लिए राष्ट्रवाद हर व्यक्ति की स्वतंत्रता की पारदर्शी कथा थी जहां किसी का प्रभुत्व न हो, हर व्यक्ति को समान सम्मान व स्वतंत्रता प्राप्त हो तथा उस पर अधिकार जमाने वाली कोई सत्ता न हो। राष्ट्रवाद की इसी भावना से बोस ने भावी घटनाओं का विश्लेषण किया जिनके वे गवाह बने। नेताजी के इतिहास में उनकी एक ट्राम में यात्रा की कथा आती है जिसमें एक अंग्रेज अपने पैर ऊपर कर बैठा था, जबकि एक भारतीय सज्जन उसके सामने बैठे थे। औपनिवेशिक प्रभुत्व के कारण भारतीय सज्जन भयभीत थे और अपनी आवाज नहीं उठा पा रहे थे। लेकिन बोस को अग्रेज के इस कृत्य से गुस्सा आई और उन्होंने उससे अपने पैर नीचे रखने को कहा क्योंकि इससे भारतीय सज्जन के कपड़े खराब हो रहे थे। अंग्रेज ने बोस को जवाब दिया कि यदि भारतीय को उसके पैर ऊपर रखने से कोई समस्या हो तो वह अपनी सीट बदल सकता है। इससे बोस बहुत गुस्सा हो गए। समाज में समानता स्थापित करने के प्रति उनके विद्रोही स्वभाव को देखते हुए ट्राम में अनेक भारतीयों को एकजुट कर दिया और सभी बोस के साथ मिल कर अंग्रेज की निन्दा करने लगे। लेकिन प्रभुत्व से मुक्त समाज बनाने की नेताजी की इच्छा को धक्का लगा क्योंकि अंग्रेज के कृत्य से व्यथित भारतीय झगड़े से बचने के लिए अगले स्टेशन पर उतर गया। एक ओर बोस के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण ने भारतीय एकजुटता की तस्वीरें पेश कीं, लेकिन दूसरी ओर अनेक भारतीयों में यह धारणा व्याप्त थी कि वे प्रभुत्व के पंजे से कभी आजाद नहीं होंगे। इससे बोस के मुक्त भारत बनाने के सपने को थोड़े समय के लिए प्रभावित किया। बोस ने भारतीयों के एक समूह को एकजुट करने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया, जब उनको लगा कि अंग्रेजों को जल्दी भारत से भगाने के लिए अहिंसा के बजाय सशस्त्र विद्रोह की जरूरत है। उनके प्रखर राष्ट्रवाद की भावना उस समय स्पष्ट रूप से सामने आई जब उन्होंने अपनी प्रख्यात आजाद हिंद फौज आंदोलन के लिए 'दिल्ली चलो' का नारा दिया। उनका अमर आह्वान था, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' नेताजी के बारे में भाषण देते हुए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने कहा था कि अंग्रेज महात्मा गांधी के कारण भारत छोड़ कर नहीं गए, बल्कि इसका कारण नेताजी द्वारा पैदा राष्ट्रवाद का उभार था। इसने भारतीय सेना के सैनिकों में एक चिनगारी पैदा की थी जो आजाद हिंद फौज-आईएनए के रूप में सामने आई थी। आईएनए का प्रभामंडल इतना सशक्त था कि उसने अत्यधिक स्वामिभक्त भारतीय सेना, नौसेना व वायुसेना में आईएनए द्वारा पैदा जोश भर दिया था।

भारतीय राष्ट्रीय सेना पर नेताजी का प्रभाव इतना मजबूत था कि वह अंग्रेजों के खिलाफ भारतीय शक्ति के रूप में काम करने लगी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व मुस्लिम लीग अंग्रेजों के समर्थक की तरह काम कर रहे थे। इसके कारण अंग्रेजों ने फौरन नेताजी को हिरासत में लेने का प्रयास किया। अपने समय से आगे की सोचने वाले नेताजी न केवल समुदाय, धर्म व नस्ल पर राष्ट्र की अवधारणा आरोपित करने में सफल हुए, बल्कि उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से राजनय व विदेश नीति की अवधारणा को भी समझ लिया था। उन्होंने इस 'चाणक्य नीति' का उचित प्रयोग किया कि 'दुश्मन का दुश्मन हमारा दोस्त होता है।' इस सिद्धान्त ने उनको जर्मनी व इटली से गठबंधन बनाने को प्रेरित किया जो अंग्रेजों के खिलाफ थे। इसके परिणामस्वरूप वे भारत में आईएनए के रूप में सैनिक शक्ति खड़ी करने की अवधारणा मजबूत करने में सफल हुए।

एक व्यावहारिक राष्ट्रवादी के रूप तें नेताजी विविध दृष्टिकोणों का सम्मान करते थे। नेताजी ने भारत राष्ट्र की आत्मा को अच्छी तरह समझ लिया था और इस प्रकार उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां एक मजबूत केन्द्र सरकार हो जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों व प्रांतों को काफी सीमा तक स्वायत्ता प्राप्त हो। इन कारणों से भारत ने हाल ही में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिन को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया है। राष्ट्रवाद के नेताजी के विचार में समानता, स्वतंत्रता व न्याय, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा शक्ति संतुलन की अवधारणा को प्रमुख स्थान मिला है। भारत के लिए उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को ऐसा देश बनाना था जिसमें अस्तित्व की पुरानी सोच को पूरी तरह बदल दिया गया हो। उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को दीर्घकालीन रूप से गरिमामय स्थान प्रदान करना था। उनका यह विश्वास था कि यदि कोई महत्वाकांक्षा न हो तो राष्ट्र का अस्तित्व निरर्थक है। उन्होंने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि देश की प्रगति व्यापक होनी चाहिए तथा लोगों को अपने संकुचित स्वार्थ पूरे करने के बजाय पूरे समुदाय की व्यापक प्रगति के बारे में विचार करना चाहिए। लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के विचार और संघर्ष को इतिहास की पुस्तकों में एक अनुच्छेद तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

# थाईलैंड की सेना का बनावटी चेहरा



**अशोक के मेहता**

(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

थाईलैंड, भारतीय पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य, नागरिक-सैन्य संबंधों के अध्ययन के लिए एक शिक्षाप्रद मामला है। नागरिक प्राधिकरण द्वारा सेना का नियंत्रण, स्वीकृत लोकतांत्रिक मानदंड, पैलेस द्वारा अक्सर चुनौती दी जाती है, तीसरा खिलाड़ी भले ही राजशाही संवैधानिक है। 7 मई को चुनाव होने वाला है और संसदीय कार्यकाल 23 मार्च को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में, पलंग प्रचारथ पार्टी (पीपीआरपी) सेना के नेतृत्व में एक गठबंधन जिसमें तीन जनरल शामिल हैं, सभी पूर्व सेना प्रमुखों ने 2014 से देश पर शासन किया है। अधीनस्थ राजनीतिक पदों पर दो जनरल प्रधान मंत्री से वरिष्ठ हैं। अरबपति पीएम थाकसिन शिनावात्रा, जिन्हें 2006 में एक सैन्य तख्तापलट में हटा दिया गया था, उसके बाद उनकी बहन यिंगलुक बाद में प्रधान मंत्री बनीं और अब उनकी बेटी पैतोंगटार्न फीयू थाई पार्टी (पीटीपी) का झंडा लेकर चल रही हैं। राजा महा वजीरालोंगकोर्न, राम एक्स, ने अपनी बड़ी बहन, जिसने रॉयल्टी छोड़ दी थी, को थाकसिन के पीटीपी के साथ चुनाव लड़ने से रोक दिया। मई 2005 में द बैंकॉक पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार शिनावात्रा ने जनरलों को नियंत्रित करने के लिए पैलेस के साथ व्यवस्था की थी।

पीपीआरपी का नेतृत्व उप प्रधान मंत्री, प्रवीत वोंगसुवोन करते हैं, जो सबसे वरिष्ठ जनरल हैं; जनरल प्रयुत चान-ओ-चा सबसे जूनियर जनरल पीएम हैं, आंतरिक मंत्री जनरल अनूपोंग पाओचिंडा के साथ। वोंगसुवॉन ने पिछले महीने संवाददाताओं से कहा था कि उनकी पार्टी तय करेगी कि वह पीएम होंगे या नहीं, लेकिन वह सैन्य जीवन को राजनीतिक जीवन पसंद करते हैं। उन्हें विश्वास था कि गठबंधन के हिस्से के रूप में उनकी पार्टी सत्ता में बनी रहेगी। दिसंबर 2022 के संडे चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि चार में से तीन थाई सोचते हैं कि पीटीपी सत्ता में होनी चाहिए और दशक पुराने सैन्य शासन को समाप्त करने के लिए पैटोंगटार्न पसंदीदा नेता थे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन पोल ने दिखाया कि वह पीपीआरपी और अन्य राजनीतिक दलों से प्रयुथ और पीटीपी से 10 प्रतिशत आगे थी। लेकिन जब तक सभी राजनीतिक दल जनरलों की पीपीआरपी के खिलाफ एकजुट नहीं हो जाते, तब तक उनके पास उन्हें हराने का कोई मौका नहीं है।

ह्यूमन राइट्स वॉच के निदेशक ब्रैड एडम्स ने कहा कि सेना ने मुख्य विपक्षी पार्टी को भंग करने, चुनाव आयोग को नियंत्रित करने और सरकार की इच्छा को विफल करने के लिए सीनेट (जो सरकार गठन पर फैसला करती है) को चुनने के लिए कानून बनाकर खुद को अजेय बना लिया है। लोग। वोंगसुवोन ने सार्वजनिक रूप से कहा कि उनकी पार्टी के लिए सरकार बनाना मुश्किल नहीं है क्योंकि सीनेट %नियंत्रणीय% है। थाई जनरलों ने अपने 2017 के संविधान में म्यांमार के 2008 के संविधान के पड़ोसी पूर्ण सैन्य शासकों से एक पत्ता निकाला है। आंग सान सू की की नेशनल लीग ऑफ़ डेमोक्रेसी जैसी एकल पार्टी द्वारा केवल 2021 में हासिल की गई भारी जीत (जिसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ) थाईलैंड में सैन्य शासन को पूर्ववत कर सकती है। 2017 का संविधान 250 सीनेटरों (ज्यादातर सेना और पुलिस) के नामांकन की अनुमति देता है जो निर्वाचित प्रतिनिधियों के 500-मजबूत सदन के फैसले को कमजोर कर सकता है। नियम इस तरह बनाए गए हैं कि सेना को सरकार बनाने के लिए निर्वाचित सदन का केवल एक तिहाई हिस्सा चाहिए। जनरलों ने सैन्य सरकार को एक नागरिक मुखौटा दिया है - इसे मोटे तौर पर कहें - भेड़ के कपड़ों में एक भेड़िया की तरह।



थाईलैंड में सेना (और पुलिस) ब्रह्मांड के इस हिस्से में सबसे अधिक राजनीतिक संस्थाओं में से एक है। 1975 में फोर्ट लीवेनवर्थ (यूएस) में कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज में मेरे थाई सहयोगियों ने उल्लेख किया कि कैसे उन्होंने सैन्य अकादमी में रहते हुए अपने राजनीतिक विकल्प चुने। हाल ही में, माना जाता है कि राजा को विशेष अधिकार देने के लिए संविधान में संशोधन किया गया था और कुछ विशेष बलों को उनकी कमान में रखा गया था। सेना प्रमुख 2018, एक पूर्व तख्तापलट नेता के बेटे, ने बैंकाक में सेना मुख्यालय में राजा के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के लिए अपने अधिकारियों को घुटने टेककर और हाथ जोड़कर नेतृत्व किया। जनरल प्रयुथ ने उन्हें यह कहते हुए पछाड़ दिया : 'मैं राजशाही की पूजा और रक्षा करूंगा।' जनरलों की बहुतायत है - प्रत्येक 212 सैनिकों के लिए एक फ्लैग रैंक अधिकारी। भारत में 21,000 सैनिकों से एक जनरल बनता है। सेना ने 20 साल की सामरिक विकास योजना तैयार की है जिसका पालन करना सरकारों के लिए आवश्यक है।

यद्यपि 1932 में पूर्ण राजशाही समाप्त हो गई, संवैधानिक राजतंत्र पिछले सम्राट के साथ सबसे अधिक सम्मानित राजा था, जिसने 70 वर्षों तक शासन किया, जो महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के कार्यकाल से थोड़ा कम था। पैलेस-सैन्य संबंधों में फिलहाल पेंडुलम किस तरफ झूल रहा है, यह स्पष्ट नहीं है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि %आम तौर पर सेना प्रस्ताव करती है और राजा उसका निपटान करता है। राजशाही के तहत शाही मानहानि पर बहुत सख्त कानून मौजूद हैं - राजशाही के खिलाफ अभिव्यक्ति के लिए कानून 112 के तहत 15 साल की जेल। राजशाही में सुधार के लिए विरोध हाल ही में शुरू हुआ, हालांकि इसमें ज्यादातर युवाओं ने अपने लक्ष्यों को संदर्भित करने के लिए कोड शब्दों का इस्तेमाल किया।

पिछले दिसंबर में दो दुखद घटनाएं हुईं- कई नाविकों के साथ एक थाई युद्धपोत का डूबना; और क्राउन प्रिंसेस का कार्डियक अरेस्ट (जाहिरा तौर पर उत्तराधिकार की पहली पंक्ति में) अभी भी कोमा में है। महामारी के प्रभावों ने अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार पर्यटन को गहरा झटका दिया है। सौभाग्य से, 2022 में पर्यटकों की संख्या 10द्वठ्ठ के आंकड़े को पार कर गई है।

भारत के थाईलैंड के साथ मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जिसमें गगन आनंद के दो मिशेलिन स्टार रेस्तरां से लेकर गुंजन कुमार के मोबाइल चना जोर गरम उद्यम तक 50,000 भारतीयों को रोजगार मिला हुआ है। कई खूबसूरत तमिल कोविल्स के साथ पूरे थाईलैंड में हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बिखरी पड़ी हैं। थाईलैंड के साथ भी मजबूत बौद्ध संबंध हैं। शिनावात्रा वंशज जनरलों को भले ही कंपकंपा दें, लेकिन जनरलों की सत्तारूढ़ तिकड़ी अब से चार महीने बाद तीसरे कार्यकाल के लिए वापसी करने के लिए बाध्य है।

## आप की बात

### कर्मचारियों की पीड़ा

**मध्यप्रदेश** में विधायकों का वेतन 40 हजार रुपए बढ़ेगा। यह खबर पढ़कर हृदय बैठ गया जो जले पर नमक छिड़कने के समान है । विधायकों के वेतन बड़े कोई गम की बात नहीं है, रंज की बात ज्यादा यह है कि वर्षों से आंगनबाड़ियों में काम कर रही महिला कर्मी ऊंट के मुंह में जीरे के समान नाममात्र के मानदेय पर काम कर रही है । उन्हें यह मानदेय कभी भी समय पर नहीं दिया जाता । ऊपर से बढ़ती महंगाई कोढ़ में खाज बनी हुई है। उसकी चिंता किसी को भी नहीं है। इसी तरह सरकारी विभागों में संविदा कर्मी, आउट सोर्स तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वर्षों से कार्य कर रहे हैं, मगर उनको स्थायी नहीं किया जा रहा है। इन्हें स्थायी कर इनके स्थानों पर संविदा व वेतन भोगी के रूप में नई भर्ती कर संतुलन बनाया जा सकता है । लेकिन खजाने की चाबी सरकार में बैठे नेताओं के पास है तो स्वयं रेवड़ी खाएंगे और दूसरों को ढेला तक भी नहीं देंगे। विधायकों को अपने ही साथ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे आंगनवाड़ी महिला कर्मियों, संविदा, दैनिक वेतन भोगियों, आउटसोर्स कर्मियों की भी सुध लेना सरकार की जिम्मेदारी है। ध्यान देना चाहिए कि कर्मचारियों की पीड़ा चुनावी मुद्दा भी बन सकता है और इसका नुकसान विधायकों को भी हो सकता है।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### टेक कंपनियों पर लगाम

**अमेरिकी** न्याय विभाग और आठ राज्यों ने मंगलवार को गूगल पर मुकदमा दायर किया। कंपनी पर ऑनलाइन विज्ञापन बाजार में अपने प्रभुत्व के साथ प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने और इसे तोड़ने का आह्वान करने का आरोप लगाया। यह कदम किसी बड़ी टेक कंपनी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन के पहले ब्लॉकबस्टर एंटी-ट्रस्ट केस को चिन्हित करता है। इसके अनुसार गूगल के प्रतिस्पर्द्धी व्यवहार ने कृत्रिम रूप से उच्च स्तर तक प्रवेश करने में बाधाओं को बढ़ा दिया है, प्रमुख प्रतिस्पर्धियों को विज्ञापन तकनीकी उपकरणों के लिए बाजार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है, संभावित प्रतिस्पर्धियों को बाजार में शामिल होने से रोक दिया है और इस टेक दिग्गज के कुछ शेष प्रतिस्पर्धियों को हाशिए पर धकेल कर गलत तरीके से वंचित कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, स्पेन, यूरोपियन यूनियन ने गूगल पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। कई देशों को गूगल ने जुर्माने की राशि को भुगतान भी कर दिया है। भारत में भी बड़ी टेक कंपनियों की तानाशाही के खिलाफ कार्रवाई पर सर्वोच्च न्यायालय विचार कर रहा है। यह स्वागत योग्य कदम है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### छात्रों पर दबाव

**छात्रों** द्वारा की गई आत्महत्याओं से जुड़ी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में छात्रों ने सबसे अधिक आत्महत्याएं की हैं। विगत एक माह में वहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे तीन नाबालिग छात्रा ने परीक्षा के दबाव में आत्महत्या कर ली उनमें दो बिहार से थे और कोटा में आसपास रहते हुए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। निश्चित ही देश एवं समाज के सामने यह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है जैसा कोटा परीक्षा की तैयारियों के साथ-साथ अब आत्महत्याओं का हब भी बन रहा है। कोटा की कोचिंग व्यवस्था को देखकर भविष्य में इन घटनाओं के और अधिक बढ़ने की आशंका है। कोटा के अलावा अन्य शहरों में भी छात्र विभिन्न प्रकार के दबावों के शिकार होते हैं। सबसे पहली जिम्मेदारी शिक्षा विभाग तथा केन्द्र व राज्य सरकारों की यही है कि वे शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम व विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रियाओं में ऐसे परिवर्तन करें कि छात्रों को कोचिंग की जरूरत ही न पड़े। इस संबंध में नई शिक्षा नीति से काफी उम्मीदें हैं।

**सदन जी,** पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**वे** सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं, पर इसका कोई प्रमाण नहीं है।

- **दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता

**वरिष्ठ** नेता दिग्विजय सिंह के विचार उनके अपने हैं और वे कांग्रेस का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

- **जयराम रमेश**
कांग्रेस प्रवक्ता





**हम** सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व का समर्थन करते हैं।

- **सर्जेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री

# डिप्टी स्पीकर ने गणतंत्र दिवस समारोह में फहराया तिरंगा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** विधान सभा डिप्टी स्पकीर रणबीर गंगवा ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए जिला, प्रदेश व देशवासियों को 74वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों व वीर शहीदों की कुर्बानियों की बदौलत ही आज हम स्वच्छं हवा में श्वांस ले रहे हैं। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने से पहले रणबीर गंगवा ने शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम हमारे शहीदों के सदैव ऋणी रहेंगे। तदोपरांत उन्होंने पुलिस लाइन में तिरंगा फहराते हुए शुभ संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि सन् 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ हमारे देशभक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरव गाथा जुड़ी हुई है। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लम्बा संघर्ष किया। रणबीर गंगवा ने कहा कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कठोर संघर्श से हमें आजादी मिली तो वहीं दिन-रात मुस्तैदी से देष की सीमाओं की निगहेबानी करने वाले वीर सैनिकों के कारण हमारी यह आजादी सुरक्षित है। आज पूरा देश उनका ऋणी है। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा युद्ध के दौरान शहीद हुए हरियाणा के सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई है। इसी प्रकार, आईईडी बलास्ट में शहीद होने पर भी अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई है। युद्ध अथवा आतंकवादियों से मुठभेड़ या किसी अन्य घटना के दौरान घायल हुए सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि के आधार पर बढ़ाकर 35 लाख रुपये, 25 लाख रुपये और 15 लाख रुपये की गई है। हमने शहीदों के 365 आश्रितों को सरकारी नौकरियां दी हैं।



शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हरियाणा विधान सभा डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा।



पुलिस लाइन में राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के बाद सलामी देते हुए।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में मौजूदा सरकार 'सबका साथ-सबका विकास' के मूलमंत्र पर प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास करवाने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन एवं सुशासन के पथ पर चलते हुए कई अनूठी पहल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर व्यक्ति को उसके घर-द्वार पर ही सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए विभिन्न विभागों की योजनाओं व सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। 'मेरा परिवार-मेरी पहचान' कार्यक्रम के तहत सभी परिवारों के परिवार पहचान-पत्र बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' कार्यक्रम के फलस्वरुप प्रदेश में जन्म के समय लिंगानुपात की दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि आज हरियाणा की गिनती देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों में होती है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां पढ़ी-लिखी पंचायतें हैं। हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य भी है, जिसने शासन में पंचायती राज संस्थाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए अंतर-जिला परिषद का गठन किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में नई व्यवस्था बनाकर लोगों में नई उम्मीद जगाने का काम किया है। राज्य सरकार ने 'सबका साथ-सबका विकास' के मूलमंत्र और पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के दर्शन पर चलते हुए प्रदेश की तस्वीर बदली है, लोगों को तकदीर बदली है। प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक संस्कृति में बड़ा बदलाव किया है। समान विकास, जन-जन के कल्याण और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के माध्यम से प्रदेशवासियों को एक नये विश्वास का अहसास कराया है। आज हरियाणा के लोगों की आशाएं व आकांक्षाएं फलीभूत हो रही हैं। समाज के हर वर्ग के कल्याण-उत्थान और प्रदेश के हर क्षेत्र के समान विकास की बहुआयामी नीतियां लागू की गई हैं। विकास के लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### धूमधाम से मनाया 74वां गणतंत्र दिवस



तिरंगा झंडा फहराते हुए विद्यालय प्रधानाचार्या।

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर सात के प्रागंण में 74वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी नारंग ने की। प्रधानाचार्या शालिनी नारंग ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने अपने विचारों से विद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों, अध्यापिकाओं तथा कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की मुबारकबाद दी। उन्होंने अपने भाषण में हम सभी को एकजुटता और आपसी प्रेमभाव से रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत में अनेकता में एकता पाई जाती है। एक होकर प्रयास करने से श्रेष्ठ और विकसित भारत का निर्माण होगा और यही हमारी एकता का मूल मंत्र भी है। विद्यालय के एनसीसी आर्मी विंग तथा एयर विंग के कैडेट्स ने तिरंगे को सलामी दी तथा अपनी सुंदर परेड से सबका मन मोह लिया। वर्ष भर में अर्जित सफलताओं पर प्रधानाचार्या द्वारा सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान किये गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा देश की एकता और अखंडता, आपसी सौहार्द, सैनिकों की शौर्य गाथाएं और विभिन्न सामाजिक बिंदुओं की झलक नृत्य, गीत, भाषण आदि के माध्यम से प्रस्तुत की गया। विद्यालय परिसर में वसंत पंचमी के त्योहार को भी बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शालिनी नारंग ने ज्ञान, विद्या, कला, साहित्य और संगीत की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर मां सरस्वती की वंदना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी नारंग ने बच्चों को उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्य अध्यापिका मधुग्रोवर ने छात्र, छात्राओं को जीवन में उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरणा एवं आशीर्वाद दिया।

### भारत का संविधान दुनिया का सबसे सर्वश्रेष्ट संविधान



तिरंगा झंडा फहराते हुए महाविद्यालय डीन प्रो. रंजन गुप्ता।

**नीलोखेड़ी।** महाराणा प्रताप उद्यान विवि करनाल के बागवानी महाविद्यालय अंजनथली में 74 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बागवानी महाविद्यालय डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने बागवानी महाविद्यालय के प्रांगण में तिरंगा झंडा फहराया।बागवानी महाविद्यालय डीन प्रो.रंजन गुप्ता ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे सर्वश्रेष्ट संविधान हैं। भारत के संविधान बनाने में भारत रत्न डॉ.भीम राव आंबेडकर जी का बहुत योगदान रहा। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान देश के हर नागरिक को समान अधिकार देता है। एमएचयू के अनुसंधान निदेशक प्रो.रमेश गोयल ने कहा कि देश के हर नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझना चाहिए ओर उनकी पालना करनी चाहिये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत व भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजिंद्र कुमार व डॉ. सोनिया ने की। मौके पर डॉ. प्रदीप, डॉ. बिजेंद्र, डॉ. उमा, डॉ.विजय सहित महाविद्यालय के सभी वैज्ञानिक व कर्मचारी, विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 51 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति एवं महात्मा ज्योतिराव फूले यूथ ग्रुप द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गांव हरिपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में हरिपुर के सरपंच मोहन लाल सैनी व बड़ाम के सरपंच नरेंद्र मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। प्रिंसीपल बलजीत सिंह जास्ट ने ब्लड डोनेट के बारे में बताया। शिविर में समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, कर्मवीर सैनी, तरूण वधवा, ऋषिपाल गोलन, प्रिंस सैनी, सुरजीत सिंह, नेहरू युवा केंद्र की लेखा एवं कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी, विजेता सैनी, ओम प्रकाश, दविंदर सिंह मौजूद रहे।

# मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आई शिकायतों के निपटान के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**कृषि** एवं किसान कल्याण विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा ने शुक्रवार को जिलों के साथ वीडियो कांफ्रेंस कर कहा कि करनाल प्रदेश के उन जिलों में शामिल है, जहां मेरी फसल 'मेरा ब्यौरा पोर्टल' पर अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसके लिए उन्होंने यहां के उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों की सराहना की।

बता दें कि जिला में अब तक 46955 किसानों ने 3 लाख 75 हजार 448 एकड़ में रबी सीजन 2022-23 के लिए बोई गई विभिन्न फसलों का रजिस्ट्रेशन करवा लिया है, जोकि कुल क्षेत्र का 84.4 प्रतिशत है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चत करें, इसके लिए गांवों में किसानों की सुविधा के लिए जागरूकता कैम्प लगाए जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि फसलों का रजिस्ट्रेशन सबसे महत्वपूर्ण है, रजिस्ट्रेशन होने के बाद ही किसान की फसल खरीदी जाएगी। सही-सही रजिस्ट्रेशन से जिला में कितने एरिया में कौन सी फसल है, उसका डाटा भी सरकार के पास आएगा, जिससे फसलों की खरीद के उचित प्रबंध सुनिश्चित होंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसके साथ-साथ मेरी फसल - मेरा ब्यौरा रजिस्टेशन को लेकर जिलों में जितनी भी शिकायतें लंबित है।




एसीसी डॉ. सुमिता मिश्रा प्रदेश के सभी डीसी को निर्देश देते हुए।

# मीडिया में सफलता को लेकर विषयक सैमीनार आज

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**प्रजापिता** ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा %समृद्ध भारत की ओर समाधान आधारित मीडिया% पर अपने राष्ट्रीय अभियान के तहत प्रदेश स्तरीय मीडिया सेमिनार 28 जनवरी को करवाया जाएगा।

राजयोग एजूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन (मीडिया विंग) द्वारा मीडिया पेशे में सफलता के लिए आध्यात्मिकता और ध्यान की भूमिका विषयक यह इंटरएक्टिव सेमिनार ब्रह्मा कुमारीज़ विश्व कल्याण सरोवर, जीटी रोड, सेक्टर-19, नांगल खुर्द, सोनीपत में शनिवार, 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगा। ब्रह्मा कुमारीज़ विश्व कल्याण सरोवर के प्रभारी राजयोगी बीके सतीश कुमार ने बताया कि इस सेमीनार में भारतीय जन संचार संस्थान नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी मुख्य अतिथि होंगे, जबकि संपादक मनीष वाजपेयी अध्यक्षता करेंगे। यूएनआई नई दिल्ली के प्रधान संपादक अजय कौल, भारतीय महिला प्रेस पत्रकार अध्यक्षा शोभना जैन व पत्रकार रास बिहारी अतिथि होंगे।



बीके सतीश कुमार

# ब्राइट फ्यूचर अकाल अकादमी के छात्रों को मिला तीसरा स्थान

**कुरुक्षेत्र।** ब्राइट फ्यूचर अकाल अकादमी के छात्रों ने ब्लॉक स्तर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। उन्होंने टिपरी प्रतियोगिता में भी भाग लिया। कार्यक्रम में एसडीएम विजेंदर सिंह, एमएलए घनश्याम दास अरोड़ा, बराड़ा खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश कुमारी भी मौजूद रहे। छात्रों नें ब्लॉक के सभी स्कूलों में से तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। लाला लाजपतराय भवन में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन हुआ, जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिक, नगर निगम अधिकारी संदीप मोंटी, रजत मलिक, गुरनाम सिंह आदि पधारे। कार्यक्रम में ब्राइट फ्यूचर अकाल अकादमी के छात्रों ने तिरंगे की शान में प्रस्तुति दी व कविता के माध्यम से सबका मन मोह लिया। स्कूल में बच्चों ने देशभक्ति की कविताएं, गायन प्रस्तुति व नाटक के माध्यम से सन्देश दिया व देशभक्ति की भावना को उजागर किया। प्राचार्य ने तिरंगा फहरा कर बच्चों को सम्बोधित किया।

डायरेक्टर सुखजीत कौर व प्रिंसिपल गुरमीत कौर ने देश के प्रति हमारे कर्तव्य व लोकतंत्र में हमारे मौलिक अधिकारों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य नें बच्चों को देश के प्रति कर्तव्यों को आजीवन निभाने का संकल्प लेने को कहा।

# ब्रह्माकुमारीज बहनों ने उदयन घर कुरुक्षेत्र का किया दौरा



उदयन घर में विद्यार्थियों को जानकारी देतीं ब्रह्माकुमारी बहनें।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**उदयन** घर कुरुक्षेत्र सेक्टर-7 में ब्रह्मकुमारीज आश्रम से बहन रीना, बहन शकुंतला व राम कुमार ने सेशन जज आराधना साहनी के आदेश अनुसार बच्चो को अध्यात्म का पाठ पढ़ाया। उन्होंने सभी बच्चो को प्रोत्साहित किया कि किस तरह हम भगवन शिव से जुड़ कर एक अच्छा इंसान बन सकते है।

उन्होंने लघु कथाओ के माध्यम से बच्चो को प्रोत्सहित किया। बच्चो से लिखित में अनेक बातो का अनुसरण करने को कहा। प्रात: सभी बड़ो व भगवान का अभिवादन करे एवं रात को भगवान को शुक्रिया व शुभरात्रि कह के सोना चाहिए।

खाना हमेशा उतना ही लेना चाहिए, जितनी भूख हो। कभी भी खाने का अनादर नहीं करना चाहिए क्योकि अन्न बहुत ही मूल्यवान है। इस कार्यक्रम में घर के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। सुपरवाईजर दीक्षा व केयर स्टाफ मंघी, एक्का व कविता भी मौजूद रहे।

# करनाल सहकारी चीनी मिल ने तकनीकी दक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया प्रथम पुरस्कार: एमडी

## एमडी ने इस उपलब्धि के लिए मिल के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**सहकारी** चीनी मिल करनाल की प्रबंध निदेशक डॉ. पूजा भारती ने बताया कि नई प्रदूषण रहित चीनी मिल ने अपने प्रथम पिराई स्तर में ही नवीनतम तकनीकी का प्रयोग करते हुए नए आयाम स्थापित करने में सफल हासिल की है।

इस सन्दर्भ में जब राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सभी चीनी मिलों का पिराई सत्र 2021-22 का मूल्यांकन किया, जिसमें करनाल सहकारी चीनी मिल को राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी दक्षता में प्रथम स्थान हासिल हुआ। यह प्रथम पुरस्कार वसंत दादा शुगर इंस्टिट्यूट, पुणे में 21 जनवरी 2023 को आयोजित सेमिनार में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ संभाजी शिंदे द्वारा करनाल सहकारी चीनी मिल के डायरेक्टर राजपाल, डिप्टी चीफ कैमिस्ट, डिप्टी चीफ इंजीनियर भजन लाल को प्रदान किया गया। मिल के इन अधिकारियों ने यह ट्रॉफी एमडी डॉ. पूजा भारती को भेंट की। इस पर एमडी ने इस उपलब्धि के लिए मिल के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# जाएका ने जताई अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर भारत के शिक्षा तंत्र को मज़बूत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** शिक्षा दिवस के अवसर पर जापान इंटरनैशनल कोऑपरेटिव एजेंसी (जाएका) ने भारतीय शिक्षा तंत्र को मज़बूत बनाने पर लक्षित अपनी विभिन्न पहलों की जानकारी साझा की है। इसका लक्ष्य युवा भारतीयों की वास्तविक प्रतिभा के लिए दरवाज़े खोलने में मदद करना है जो आगे जाकर व्यापक स्तर पर समाज व अर्थव्यवस्था में योगदान कर सकें। 2020 में जाएका ने भारत में एक एनजीओ प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और अमेरिका की ग्लोबल रिसर्च एजेंसी अब्दुल लतीफ जमील पॉवर्टी ऐक्शन लैब के साथ सहयोग ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए हैं जिसका उद्देश्य ज्ञान साझा करना व परस्पर सहयोग से विकासशील देशों के बच्चों में साक्षरता व संख्यात्मक क्षमता को बेहतर बनाना है। इस एमओसी के आधार पर, शिक्षा के क्षेत्र में कई शोध उपलब्धियां हासिल कर चुके और शोधकर्ताओं के बड़े नेटवर्क वाले प्रथम, जे-पीएएल और जाएका विकासशील देशों में ज़मीनी स्तर पर अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।

जाएका की शैक्षिक पहलों को लेकर अपने विचार साझा करते हुए श्री साइतो मित्सुनोरी, चीफ रिप्रज़ेंटेटिव, जाएका इंडिया ने कहा, हम मानतें हैं कि वैश्विक मंदी, बढ़ती असमानता और जलवायु संकट की स्थिति को देखते हुए सभी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स हासिल करने की गति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साल 2023 में यूएन द्वारा 2030 एजेंडा फॉर पीपल, प्लेनेट ऐंड प्रॉस्पेरिटी अपनाए जाने की आधी अवधि हो गई है। इस एजेंडे में परस्पर जुड़े 17 लक्ष्य हैं जिनकी समीक्षा सितंबर में इन्वेस्टिंग इन पीपल थीम पर आयोजित एसडीजी समिट में होगी। विभिन्न परियोजनाओं के ज़रिए जाएका भारत और दुनियाभर में शिक्षा तंत्र को बेहतर व मज़बूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे बच्चों, युवाओं व सभी का भविष्य बेहतर बनाया जा सके।

जाएका भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) का भी समर्थन कर रहा है। 2021 में जाएका ने भारत सरकार के साथ एक टेक्निकल कोऑपरेशन प्रोजेक्ट %%स्कॉलरशिप ऑफ जापान (फ्रैंडशिप) फेज़ 2 के साथ नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए द प्रोजेक्ट फॉर फ्यूचर रिसर्चर्स ऐट आईआईटीएच (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद)%% के लिए भारत सरकार के साथ रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशंस पर हस्ताक्षर किए हैं। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य आईआईटीएच में भारत और जापान के बीच अकादमिक व औद्योगिक सहयोग के लिए एक वहनीय मंच स्थापित करना है। इसे हासिल करने के लिए जाएका कई गतिविधियां आयोजित करेगा जिनमें आईआईटीएच पर जापान डेस्क

# आखिर इंजीनियरिंग ही क्यों? और मैं कैसे बना इंजीनियर ?
# अमितेश नलिन की यात्रा, फैकल्टी, ओसीएफपी, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56, गुरुग्राम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** बार मैं अपने अंकल के साथ कंसल्टेंसी एंड इंजीनियरिंग ऑर्गेनाइजेशन के प्रीमियर पर नोएडा के प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (पीडीआईएल) विजिट करने गया था। यहां आते ही मेरे मन यह उत्कंठा हुई कि इंजीनियरिंग को मैं अपना प्रोफेशन बनाऊं। मैं बचपन से ही इंजीनियर बनाना चाहता था। 10 साल की उम्र में ही मैंने फैसला किया एक दिन मेरा सपना जरूर पूरा होगा। मेरे माता-पिता और मेरे परिवार ने काफी सहयोग किया और मेरे सपनों को पूरा करने के लिए काफी प्रोत्साहित किया।

मैं हमेशा से इंट्रोवर्ट रहा हूं। मुझे लोगों के साथ बातचीत करने में काफी समय लग जाता था। एक ओर मेरी महत्त्वाकांक्षा थी, तो वहीं दूसरी ओर मेरा व्यक्तित्व। दोनों का मेल काफी कठिन था। अथक परिश्रम और मजबूत इरादों के बिना आईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में दाखिला भी नहीं लिया जा सकता था। इसे पाने के लिए मैं अपने आवरण से बाहर निकला और केवल अपने सपने को पाने पर फोकस किया। मैंने बनारस के एक बोर्डिंग स्कूल में एडमिशन ले लिया।

क्या इससे मुझे मदद मिली? मैं इसको और आसान कर देता हूँ - स्कूल में बिताए दिन मेरी लाइफ के सबसे अच्छे पल नहीं रहे। लेकिन, एक ऐसा समय आया जब मैंने कभी भी पीछे मु?कर नहीं देखने का फैसला किया और उस दिन से, इंजीनियर बनने के लिए मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया। नया स्कूल, नया शहर, और नए चेहरों को स्वीकार और एडजस्ट कर पाना, वास्तव में मेरे लिए कठिन था। मेरे लिए तो किसी के भी साथ खुलकर बात तक करना आसान नहीं था। मैंने अपने शुरुआती दिनों में शायद ही कभी दोस्त बनाया हो। इसके



# नन्हें बच्चों ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मनाया पहला गणतंत्र

## शिक्षकों ने बच्चों को बताया गणतंत्र दिवस का महत्व

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

राजकीय प्राथमिक पाठशाला में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव की पढ़ी लिखी बेटी (कुमारी तनु) द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में पहला गणतंत्र दिवस मनाने वाली बेटियो को सम्मानित किया गया। कार्यकम में मुख्य शिक्षिका सुनीता देवी, निर्मला देवी, प्रमिला, वंदना रोहिल्ला एवं राकेश तथा एसएमसी प्रधान, एसएमसी सदस्य, मिड-डे मील वर्कर, अभिभावक गण, पहला गणतंत्र दिवस मनाने वाली बेटियां एवम उनकी माताएं तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत की आजादी के बाद, देश का संविधान बनाने वालों ने यह निर्णय लिया कि देश को गणतांत्रिक देश बनाना है। इसके बाद संविधान बनाकर इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस स्वतंत्र, शक्तिशाली व महान भारत के सपने संजोये थे, आजादी के बाद उनको पूरा करना हर भारतवासी का कर्तव्य बन गया।

उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रशासनिक व राजनीतिक व्यवस्था होना जरूरी था। इसी व्यवस्था को कायम करने के लिए भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर ने संविधान की रचना की और 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ। हमारे संविधान का एक महत्त्वपूर्ण अंश यह भी है कि भारत के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर का अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम का समापन बच्चों व आए हुए गणमान्यों को मिष्ठान वितरण के साथ किया गया।


# आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

## कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **राकेश कुमार,** श्रीमती पिंकी देवी खाता स. LNBHI02918-190074272 | 22 दिसम्बर 2021 ₹ 800021/- बकाया दिनांक 20 दिसम्बर 2021 तक | आवासीय प्लॉट कम्प्रेसिड मुस्तैल नं. 108, किला नं. 1(8-00), 2(8-00), 3(8-00), 9(8-00), मुस्तैल नं. 100, किला नं. 21/2(7-4), 23(8-0), 10/2(1-7), धारुहेड़ा, हरियाणा **क्षेत्रफल 150 वर्ग गज** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 25 जनवरी 2023 |

स्थान : जयपुर
दिनांक 28-01-2023
प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# शहीदों के सपनों को साकार करने को प्रत्येक प्रदेशवासी को देना होगा योगदान : बंडारू

## राज्यपाल ने कुरुक्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ देशभक्तों के त्याग, तप और बलिदान की एक लम्बी गौरव गाथा जुड़ी है। इस देश के वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के बलिदान के कारण ही आज सभी भारतवासी खुली हवा में सांस ले रहे है, इन शूरवीरों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इन शूरवीरों के सपनों को साकार करने के लिए, हमें देश और प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान देना होगा। इसी तरह श्रीमद्भागवत गीता की इस पावन धरा पर धर्म की रक्षा के लिए पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध लड़ा गया। इस युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण ने गीता उपदेश देकर युद्ध में धर्म की जीत करवाई और पूरी मानवता को कर्म, कर्तव्य, कल्याण, सत्य, समानता का संदेश दिया। जिसे अपनाकर आज भारत ही नहीं बल्कि विश्व में शांति, सद्भाव, सौहार्द, भाईचारे का वातावरण बढ़ रहा है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जिला प्रशासन द्वारा पिपली पुलिस लाइन के प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल, एडीजीपी अंबाला रेंज श्रीकांत जाधव, राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, राज्यपाल के एडीसी अभिषेक जोरवाल, राज्यपाल के सलाहकार भानु प्रताप, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र भेंट कर शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पिपली पुलिस लाइन के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। मंच का संचालन डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह व एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस मौके पर हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर, एडीसी अखिल पिलानी, जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत, एसडीएम सुरेंद्र पाल, नगराधीश चंद्रकांत कटारिया, जीएम रोडवेज हरप्रीत कौर, डीडीपीओ प्रताप सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन डीपी चौधरी, जिला महामंत्री सुशील राणा, हैप्पी विर्क, राजेंद्र परासर, प्रदीप झांब, गुरनाम मंगीली आदि मौजूद रहे।



गणतंत्र दिवस पर दिखाई गई रोडवेज विभाग की झांकी।

### राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों व वीर वीरांगनाओं को किया सम्मानित

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों जिनमें दलीप कौर, सुशीला कुमारी, संतोष कुमारी, जसबीर कौर, रामदास गोयल, सतपाल सिंह, शहीद वीर सैनिकों के परिजनों में हरभजन कौर, सुरजीत कौर, कृष्णा देवी, दलीप कौर, ममता शर्मा, पार्वती देवी, धन्नो देवी, प्रेरणा, पुष्पा देवी को मंच उनकी जगह पर जाकर शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



नगर निगम में संपत्ति कर में त्रुटि ठीक करवाने पहुंचे लोगों से बातचीत करते मेयर निखिल मदान।

# संपत्ति कर में त्रुटि को ठीक करने के लिए नगर निगम में लगाया कैंप

### नगर निगम मेयर ने मौके पर पहुंच कर लोगों की सुनी समस्याएं

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**सोनीपत** नगर निगम की सीमा में संपत्तिकर से संबंधित किए गए सर्वे के अनुसार किसी नागरिक के संपत्तिकर फार्म में दर्शाए गए विवरण में अगर नाम, एरिया या कटैगरी से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो उनको ठीक करने के लिए नगर निगम कार्यालय में तीन दिवसीय विशेष कैंप आयोजन किया जा रहा है। कैंप के पहले दिन नगर निगम मेयर निखिल मदान ने कैंप में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को समाधान करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैंप में कोई भी नागरिक अपने संपत्तिकर विवरण फार्म में नाम, एरिया तथा कटैगरी से संबंधित हुई त्रुटियों को ठीक करवाने के संबंध में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। आपत्ति दर्ज करवाने के लिए नगर निगम द्वारा नागरिकों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। नगर निगम मेयर निखिल मदान ने कहा कि सीएफसी के अन्दर कैंप आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा गलत सर्वे किया गया था। जो लोग समस्या लेकर आ रहे हैं उनका मौके पर ही समाधान किया जाए रहा है। लोगों के कागज देखकर त्रुटियों का ठीक किया जा रहा है। पहले पोर्टल में कुछ कमियां थी, उसमें कुछ समस्या चल रही थी, इस कैंप में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। वर्ष 2002 नॉ-ड्यूज के सवाल पर नगर निगम मेयर ने कहा कि पहले रजिस्टर में मैनुअल कार्य होता था, जिन लोगों के पास नगर निगम द्वारा जारी अनापित प्रमाण पत्र है, जिन लोगों की रसीद गुम हो गई है, उनका रिकार्ड देखकर उसे भी ठीक किया जा रहा है। इस दौरान निगम पार्षदों के अलावा नगर निगम अधिकारी भी मौजूद रहे।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि कैंप के दौरान सम्पत्ति कर बिल में सम्पत्ति के मालिक का नाम और मोबाइल नं जैसे विवरण मौके पर ही रजिस्ट्री दिखाकर ठीक किये जा रहे हैं। साथ ही अन्य विवरण ठीक करने के लिए सम्पत्ति मालिकों से आपत्ति स्वीकार की जा रही है और उन्हें भी एक निश्चित समय में ठीक किया जा रहा हैं। उनका यही प्रयास है कि तीन दिन तक चलने वाले इस कैंप में अधिक से अधिक लोग अपना विवरण ठीक करवा लें।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को रोजमर्रा का सामान किया वितरित



विद्यार्थियों को सम्मानित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से कई राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय मे सभी बच्चो को शैम्पू, टूथपेस्ट, शहद वितरित किए गए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके जिला कुरुक्षेत्र मे होने वाले किसी भी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। इसी कड़ी में सेवा ट्रस्ट के सहयोग से राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुण्डाखेडा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटाक माजरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय संतोखपुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हंसाला, कम्बोज माजरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनगढ़ मे गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया ओर सभी बच्चों को डाबर टूथपेस्ट, शैम्पू, डाबर शहद वितरित किए गए। विद्यालय मे खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रथम आने वाले बच्चों को डाबर की इम्युनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। साथ ही सभी बनी पंचायत के सरपंच ओर पंच भी सम्मानित किए गए।

### नवयुग स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, मोहन नगर में 74वां गणतंत्र दिवस तथा बसंत पंचमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और अध्यापकों व विद्यार्थियों ने भी तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अध्यापक संजीव कुमार ने गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाया। कक्षा षष्ठ की छात्रा ईशा ने देशो में देश भारत, भारत में हरियाणा पर हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा अष्ठम की छात्राओं ने भारत की बेटी गाने पर अपनी प्रस्तुति दी। वहीं पंचम कक्षा के विद्यार्थियों ने गणतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के गानों पर नृत्य करते हुए सबका मन मोह लिया और देश के प्रति अपना स्नेह प्रकट किया। रवनीत, रिदम, अर्शदीप, सिमरप्रीत और बरनप्रीत ने देशभक्ति के अलग अलग गानों पर सोलो प्रस्तुति दी और वातावरण को देश भक्ति से भर दिया। कक्षा चतुर्थ के विद्यार्थी भारत माता, चाचा नेहरु, रानी लक्ष्मी बाई तथा भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की वेशभूषा में आए और उनके बलिदान को याद किया। कक्षा एकादश की छात्रा वंशिका ने भी अपने विचार रखे। कक्षा षष्ठम, सप्तम और अष्टम की छात्राओं ने देश रंगीला, वंदे मातरम, ओ देश मेरे जैसे रीमिक्स गानों पर अपनी प्रस्तुति दी, जिससे उनकी देश प्रेम की भावना देखते ही बनती थी। नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत सुनाए तथा अपनी देशभक्ति की भावना को व्यक्त किया। अध्यापिका स्नेह ने गीत के माध्यम से अपनी देशभक्ति की भावना को रखा। अध्यापिका स्वाति और कीर्ति ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर प्रबंधक विकास, उप प्राचार्य रिद्धिमा, कॉर्डिनेटर ऋतु, सुनील, अंकित,सरिता, रीना, नीतू, सोनिया, आशा आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया प्रस्तुत



स्कूल में ध्वजारोहण करते अतिथि एवं प्रिंसिपल।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** श्री गुरु नानक प्रीतम गर्ल्ज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद में गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इनरव्हील क्लब शाहाबाद की पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत कौर वालिया ने तिरंगा झंडा फहराया। वालिया व उनकी क्लब सहयोगियों रेणु वधवा तथा रानी वधवा ने स्कूल के सहायक स्टाफ को गर्म लोइयां वितरित की। विद्यार्थियों ने कविता गायन और नृत्य के माध्यम से देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंच का संचालन करते हुए स्कूल की अध्यापिका योगिता धीमान ने गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के त्यौहार का महत्व बताया। प्रिंसिपल दीपांश कौर ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के इतिहास के बारे में जानकारी दी व स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशभक्ति का भाव जागृत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मिठाई भी बांटी गई।

### गृहमंत्री विज ने ध्वज फहरा कर ली परेड की सलामी

**चंडीगढ़।** 74 वें गणतंत्र के मौके पर अंबाला में भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, हरियाणवी नृत्य, विद्यार्थियों द्वारा ग्रुप सांग,संस्कृतिक कार्यक्रम व भंगड़ा की प्रस्तुति दी गई। गृहमंत्री अनिल विज ने मंच से संबोधन की शुरुआत सभी हरियाणा वासियों,जवानों व शहीदों के परिवारों को गणतंत्र दिवस की बधाई देकर की। अनिल विज ने मंच से सभी शहीदों को नमन किया। अनिल विज ने कहा कि अंबाला कैंट की वीर भूमि से ही स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी निकली थी।

# भारत के लिए गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में 74वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलसचिव डॉ. अजय सिंह ने शिरकत कर तिरंगा झंडा फहराया। समारोह में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

कुलसचिव डॉ. अजय सिंह ने बताया कि भारत के लिए गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि गौरव और सम्मान है। ये दिवस हर भारतीय का अभिमान हैं, न जाने कितने लोगों की कुर्बानी के कारण भारत मां को आजादी मिली थी, लेकिन उस आजादी को आकार 26 जनवरी को मिला। क्योंकि इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि संविधान के सम्मान में गणतंत्र दिवस मनाया जाता हैं। डॉ. भीम राव अम्बेडकर को संविधान का निर्माता कहा जाता हैं। यह लिखित और निर्मित होने के साथ ही दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। खास बात ये है कि इसमें विश्व के विभिन्न देशों के संविधानों की अच्छी बातों को जगह दी गई है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, शहीद भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत को आजादी दिलाने के लिए

# अलग-अलग स्थानों पर धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## स्कूलों में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

### शहीदों व देशभक्तों को स्मरण कर मनाया गणतंत्र दिवस

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जिला** भर के स्कूलों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मीना जैन जनचेतना जागरण मंच की संचालिका उपस्थित रहे। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर भी उपस्थित रहे। मीना जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी पूर्व छात्रों व मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना की। इसके बाद विद्यालय छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें नृत्य, गीत, भाषण, कविता आदि रहे। प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया।



राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते अतिथि।



किडजी स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाते स्कूल प्रबंधक व स्टाफ सदस्य।

### स्कूल में बालिका ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**किडजी** और किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर -3 में 74वां राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ द्वारा एक बालिका से ध्वजारोहण करवाया गया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि न्याय, समानता, स्वतंत्रता, लोकतंत्र व भाईचारा हमारे संविधान के बुनियादी सिद्धांत हैं। इन मूल्यों की रक्षा हेतु हम सबको चट्टान की तरह दृढ़ संकल्प रहना चाहिए। ध्वजारोहण के अवसर पर उप-प्रधानाचार्या स्वाति तंवर, सह-संचालिका सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा सहित सभी अध्यापिकाएं व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# बसंत पंचमी के दिन से ही चारों तरफ खुशी का माहौल दिखाई देने लगता : गोयल

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत





**लिटल** एंजल्स स्कूल में बसंत पंचमी पर्व एवं गणतंत्र दिवस समारोह बहुत धूमधाम से मनाया। विद्यालय का पूरा वातावरण देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत था।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उप प्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व लिटल एंजल्स इन्क्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा उपस्थित थे। शुभारंभ प्रधानाचार्या आशा गोयल द्वारा झंडा फहराकर व छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत गाकर किया गया। विद्यालय के ऑरकेस्ट्रा ग्रुप ने देश भक्ति की धुनें बजाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी देशवासियों व बच्चों को बसंत पंचमी की बधाई दी और बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की।



कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों के साथ अतिथि।

### बच्चों ने पीले रंग की वेशभूषा धारण कर सभी का मोह लिया मन

**कुरुक्षेत्र।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान में बसंत पंचमी के कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया। यह पर्व माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है। स्कूल में कलर सेशन का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी व केजी के बच्चों के लिए कॉस्ट्यूम एक्टिविटी का आयोजन किया गया। बच्चे पीले रंग की पोशाक पहन कर व पारंपरिक फूड लेकर स्कूल में आए। बच्चों ने पीले रंग की विभिन्न वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी हैं। प्रबंधक सोहन लाल सैनी ने मां सरस्वती को माल्यार्पण किया। प्रबंधक ने कहा कि आज के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए, इससे हमारी बुद्धि निर्मल रहती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

# एविएशन सेक्टर को बजट से काफी उम्मीदें: कनिका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उद्यमी** कनिका टेकरीवाल जेटसेटगो की फाउंडर सीईओ हैं, वे देश में सबसे बड़े निजी जेट और हेलीकॉप्टर बेड़े का प्रबंधन और संचालन करती हैं। बजट पूर्व अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा एविएशन इंडस्ट्री को बजट 2023 से काफी उम्मीदें हैं।

जेटसेटगो एविएशन के प्रतिनिधि के तौर पर हम आशा करते हैं कि सरकार लीज पर विमान लाने वाले नॉन शेड्यूल ऑपरेटरों द्वारा सामना किए जाने वाले सीमा शुल्क मुद्दों को संबोधित करेंगी। वर्तमान में, सीमा शुल्क टैरिफ पर कोई स्पष्टता नहीं है। इसके अलावा हमें आयात, बिल ऑफ एंट्री दाखिल करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हम आशा करते हैं कि सरकार सीमा शुल्क पर छूट प्रदान करेगी। कनिका टेकरीवाल ने कहा साथ ही, हम आशा करते हैं कि सरकार इस पर स्पष्टता प्रदान करेगी। गिफ्ट सिटी के मामले में बिक्री और लीज बैक लेनदेन पर वर्तमान में कोई स्पष्टता नहीं है, ऐसे मामलों में कस्टम ड्यूटी कैसे लागू होगी, और हम आशा करते हैं कि गिफ्ट सिटी कंपनियों से जुड़े बिक्री और लीज बैक लेनदेन के मामले में सरकार कस्टम ड्यूटी से छूट देगी। हमारा मानना है कि विमानन ईंधन को जीएसटी के तहत लाना हमारे जैसे ऑपरेटरों के लिए लागत कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इससे हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता में काफी सुधार होगा। जिससे हम इन बचतों को अपने ग्राहकों तक पहुंचा सकें। हमें उम्मीद है कि 2023 के बजट में इन मुद्दों पर विचार किया जाएगा और उनका समाधान किया जाएगा।

# पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सीआईडी ने किया गन्नौर-गोहाना का दौरा

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 जनवरी को गन्नौर में गुप्तिधाम और गोहाना में करेंगे जनसभा को संबोधित

### केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रमों के दृष्टिगत तमाम प्रबंधों का जायजा लेते हुए विशेष दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार। सोनीपत



अमित शाह के दौरे के दृष्टिगत डीजीपी व एडीजीपी गोहाना का दौरा करते हुए।

**हरियाणा** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पीके अग्रवाल और सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आलोक मित्तल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को गन्नौर और गोहाना का दौरा किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करते हुए आवागमन मार्गों की भी पड़ताल करते हुए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ललित सिवाच ने उन्हें हर प्रकार के प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सीआईडी आलोक मित्तल सुबह गन्नौर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 स्थित बाल भवन स्कूल का दौरा किया, जहां पर हैलीपेड स्थापित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हेलिकॉप्टर से गन्नौर आयेंगे। उनके इस आवागमन के दृष्टिगत अधिकारियों ने हर प्रकार के जरुरी प्रबंधों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाल भवन स्कूल से वे सड़कमार्ग के रास्ते श्री गुप्तिधाम में जायेंगे, जहां वे श्री गुप्तिसागर महाराज से विशेष भेंट करेंगे। साथ ही यहां आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लेते हुए नैचुरोपैथी सेंटर की आधारशिला रखेंगे और श्रीगुप्ति सागर महाराज द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी करेंगे। इस पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आला अधिकारियों ने सभी बंदोबस्तों की जांच की। श्री गुप्तिधाम से डीजीपी व एडीजीपी सीआईडी तथा अधिकारियों की पूरी टीम ने पुनः बाल भवन का दौरा करते हुए रूट व्यवस्था की जांच की।

यहां से वे गोहाना के लिए निकले, जहां पानीपत रोड पर बनाये गये हैलीपेड का निरीक्षण किया। इसके पहले यहां हेलिकॉप्टर उतारने के ट्रायल भी किया गया। अधिकारियों ने हैलीपेड स्थल पर हर प्रकार की व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इसके उपरांत वे जनसभा स्थल में नई सब्जी मंडी गोहाना पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर उन्होंने मंच तथा अतिथियों के आवागमन, बैठने की व्यवस्था, मीडिया गैलरी आदि हर प्रकार के बंदोबस्तों पर विचार-विमर्श किया। अंत में डीजीपी व एडीजीपी सीआईडी ने अधिकारियों के दल के साथ विशेष बैठक स्थल का भी निरीक्षण किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के दृष्टिगत सीआरपीएफ के आदेशक सुधीर चौहान ने कार्यक्रम स्थलों का दौरा करते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की विशेष बैठक लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# भारत ने सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया

## भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की वार्ता के बाद 1960 में किए थे संधि पर हस्ताक्षर

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** ने सितंबर 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह नोटिस इस्लामाबाद द्वारा संधि को लागू करने को लेकर अपने रूख पर अड़े रहने के कारण जारी किया गया है। सूत्रों ने बताया कि यह नोटिस सिंधु जल संबंधी आयुक्तों के माध्यम से 25 जनवरी को भेजा गया।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि और उसकी भावना को अक्षरशः लागू करने का भारत दृढ़ समर्थक व जिम्मेदार साझेदार रहा है। सूत्रों ने बताया, पाकिस्तान की कार्रवाइयों ने सिंधु जल संधि के प्रावधानों एवं इसे लागू करने पर प्रतिकूल प्रभाव डाला और भारत को इसमें संशोधन के लिए उचित नोटिस जारी करने के लिए मजबूर किया। गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षो की वार्ता के बाद 1960 में संधि पर हस्ताक्षर किए थे। विश्व बैंक भी इस संधि के हस्ताक्षरकर्ताओं में शामिल था। वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारतीय किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं पर तकनीकी आपत्तियों की जांच के लिए तटस्थ



विशेषज्ञ की नियुक्ति करने का आग्रह किया था। वर्ष 2016 में पाकिस्तान इस आग्रह से एकतरफा ढंग से पीछे हट गया और इन आपत्तियों को मध्यस्थता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान का यह एकतरफा कदम संधि के अनुच्छेद 9 में विवादों के निपटारे के लिए बनाए गए तंत्र का उल्लंघन है। इसी के अनुरूप, भारत ने इस मामले को तटस्थ विशेषज्ञ को भेजने का अलग से आग्रह किया।

सूत्र ने बताया, एक ही प्रश्न पर दो प्रक्रियाएं साथ शुरू करने और इसके असंगत या विरोधाभासी परिणाम आने की संभावना एक अभूतपूर्व और कानूनी रूप से अस्थिर स्थिति पैदा करेगी जिससे सिंधु जल संधि खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने 2016 में इसे माना था और दो समानांतर प्रक्रियाएं शुरू करने को रोकने का निर्णय किया था, साथ ही भारत और पाकिस्तान से परस्पर सुसंगत रास्ता तलाशने का आग्रह किया था। सूत्रों ने कहा कि भारत द्वारा लगातार परस्पर सहमति से स्वीकार्य रास्ता तलाशने के प्रयासों के बावजूद पाकिस्तान ने वर्ष 2017 से 2022 के दौरान स्थाई सिंधु आयोग की पांच बैठकों में इस पर चर्चा करने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लगातर जोर देने पर विश्व बैंक ने हाल ही में तटस्थ विशेषज्ञ और मध्यस्थता अदालत की प्रक्रियाएं शुरू की।

उन्होंने कहा कि एक ही मुद्दे पर समानांतर विचार किया जाना सिंधु जल संधि के प्रावधानों के दायरे में नहीं आता है। सूत्रों ने कहा कि इस तरह से सिंधु जल संधि के प्रावधानों के उल्लंघन के मद्देनजर भारत संशोधन का नोटिस देने के लिए बाध्य हो गया।

### रावी, सतलुज और ब्यास नदियों के इस्तेमाल का है अधिकार

**इस संधि** के मुताबिक पूर्वी नदियों का पानी, कुछ अपवादों को छोड़ दें, तो भारत बिना रोकटोक के इस्तेमाल कर सकता है। भारत से जुड़े प्रावधानों के तहत रावी, सतलुज और ब्यास नदियों के पानी का इस्तेमाल परिवहन, बिजली और कृषि के लिए करने का अधिकार भारत को दिया गया।

# दक्षिण कोरिया ने चीन से आने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई

एजेंसी। सियोल



**दक्षिण** कोरिया ने कहा है कि वह चीन से कम अवधि के लिए आ रहे यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध फरवरी के अंत तक बरकरार रखेगा। उसने चीन में चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के बाद कोविड-19 के प्रसार में वृद्धि की आशंकाओं के मद्देनजर यह फैसला किया है।

दक्षिण कोरिया ने जनवरी की शुरुआत में चीन में स्थित अपने महावाणिज्य दूतावासों में छोटी अवधि के वीजा जारी करने पर रोक लगा दी थी। उसने दिसंबर में चीन में प्रतिबंधों में ढील के बाद कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी और वायरस के नए स्वरूपों के सामने आने की आशंकाओं के मद्देनजर यह कदम उठाया था।

दक्षिण कोरिया ने चीन, हांगकांग और मकाऊ से आने वाले सभी यात्रियों के लिए प्रस्थान से 48 घंटे पहले तक की अवधि में कराई गई कोविड जांच की नकारात्मक रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया था। इन यात्रियों की दक्षिण कोरिया पहुंचने पर नए सिरे से कोविड जांच भी की जा रही है।

# बल्लेबाज जिस तरह गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्र भी वैसा ही करें : मोदी

## परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने को इस वर्ष रिकॉर्ड 38 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया


**मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद कर तनाव तथा परीक्षा संबंधी मुद्दों पर की चर्चा**

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि माता-पिता को सामाजिक स्थिति के कारण बच्चों पर दबाव नहीं डालना चाहिए। साथ ही उन्होंने छात्रों को, अपेक्षाओं के किसी भी बोझ से बाहर निकलने के लिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

परीक्षा पे चर्चा वार्षिक संवाद के छठे संस्करण के दौरान छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए मोदी ने कहा कि छात्रों को अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए। प्रधानमंत्री इस संवाद के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करते हैं और तनाव तथा परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हैं। मोदी ने परीक्षाओं में अनुचित प्रथाओं के इस्तेमाल के खिलाफ भी दृढ़ता से बात की। उन्होंने कहा कि नकल से किसी को एक या दो परीक्षा में मदद मिल सकती है, लेकिन जीवन में लंबे समय में इसका लाभ नहीं मिलता। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे कभी भी शॉर्टकट रास्ता ना अपनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत हमेशा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि छात्रों को कई बार उन पर पड़ रहे दबाव का विश्लेषण करना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि कहीं वे अपनी ताकत को कम तो नहीं आंक रहे हैं। मोदी ने कहा कि परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं होना स्वाभाविक है लेकिन अगर यह सामाजिक वर्ग या स्थिति से जुड़ा होता है तो गलत है। उन्होंने कहा कि जैसे एक बल्लेबाज दर्शकों के चौके और छक्के की मांग वाली आवाजों को नजरअंदाज करते हुए फेंकी गई गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है उसी प्रकार छात्रों को भी अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड 38 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अनुसार, छात्रों का पंजीकरण पिछले साल की तुलना में कम से कम 15 लाख अधिक है।



### प्रधानमंत्री ने मेघालय के मुख्यमंत्री संगमा को जन्मदिन की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी और उनके स्वस्थ व लंबे जीवन की कामना की। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। मैं उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के अध्यक्ष संगमा मेघालय के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पी आर संगमा के बेटे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी संगमा को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, कोनराड संगमा को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई। आपके कुशल नेतृत्व और प्रशासन से राज्य के लोगों को फायदा मिले, यह कामना करता हूं। आपके स्वस्थ और लंबे जीवन की प्रार्थना करता हूं।

### ईरान में अजरबैजान के दूतावास में गोलीबारी

**दुबई।** ईरान की राजधानी तेहरान में कलाशनिकोव-शैली की राइफल लिए एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अजरबैजान के दूतावास पर हमला कर दिया, जिसमें राजनयिक पद पर तैनात सुरक्षा प्रमुख की मौत हो गई, जबकि दो गार्ड घायल हो गए। अजरबैजान के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, न ही इसके पीछे का मकसद साफ हो पाया है। घटनास्थल के कथित वीडियो में दूतावास के अंदर मेटल डिटेक्टर के पास एक शव पड़ा हुआ नजर आ रहा है। ईरान के सरकारी मीडिया ने हमले के संबंध में तत्काल कोई खबर नहीं दी है। अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि अभी इस हमले की जांच की जा रही है। बयान के मुताबिक, हमलावर ने गोलीबारी कर एक सुरक्षा चौकी को भी नष्ट कर दिया। अजरबैजान की उत्तर-पश्चिमी सीमा ईरान से लगती है। नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र को लेकर अजरबैजान और आर्मेनिया में संघर्ष के बाद से दोनों देशों (ईरान और अज़बैजान) के बीच तनाव व्याप्त है। इस्लामी गणतंत्र को हिला देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध के बीच ईरान ने अक्टूबर में अजरबैजान सीमा के पास एक सैन्य अभ्यास शुरू किया था। यही नहीं, अजरबैजान के इजरायल के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

# भारत ने चीतों के लिए दक्षिण अफ्रीका से करार किया, फरवरी में आएंगे 12 चीते

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** ने मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में 12 चीतों के स्थानांतरण के लिए दक्षिण अफ्रीका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। पर्यावरण मंत्रालय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि समझौते पर पिछले सप्ताह हस्ताक्षर किए गए और 15 फरवरी तक सात नर और पांच मादा चीतों के कुनो पहुंचने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका के पर्यावरण विभाग ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि एक दशक तक हर साल 12 चीतों को भेजने की योजना है। भारत ने अभी तक इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है।

अधिकारी के मुताबिक, पिछले साल जुलाई से 12 दक्षिण अफ्रीकी चीते पृथक-वास में हैं और उनके इस महीने कुनो पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में कुछ प्रक्रियाओं में समय लगने के कारण उनके स्थानांतरण में देरी हुई। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों को जल्द ही जानवरों के हस्तांतरण के लिए वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधी कन्वेंशन (सीआईटीईएस) के तहत एक निर्यात परमिट और एक प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि भारत ने सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है।

वन्य जीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधी कन्वेंशन (सीआईटीईएस) एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है जिसका पालन राष्ट्र तथा क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण संगठन करते हैं। भारत भेजे जाने वाले इन 12 चीतों में से तीन को क्वाजुलु-नताल प्रांत में फिंडा पृथकवास बोमा में और नौ को लिम्पोपो प्रांत में रूइबर्ग पृथकवास बोमा में रखा गया है।

उन्हें लेकर विमान जोहानिसबर्ग हवाईअड्डे से उड़ान भरेगा। अत्यधिक शिकार और आवासन क्षेत्र की कमी के कारण भारत में चीते पूरी तरह से लुप्त हो गए थे। आखिरी चीता वर्तमान छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में देखा गया था जिसकी 1947 में मौत हो गई थी और 1952 में इस प्रजाति को भारत में विलुप्त घोषित कर दिया गया था।



### पीएम के जन्मदिन पर कुनो लाए गए थे आठ चीते

**17 सितंबर** को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिन पर चीता पुनर्वास कार्यक्रम के तहत पांच मादा और तीन नर चीतों के पहले समूह को नामीबिया से भारत लाया गया और उन्हें कुनो के एक बाड़े में पृथक-वास में रखा गया था।

### ललित मोदी की टिप्पणी के खिलाफ याचिका पर कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर कोई भी आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व प्रमुख ललित मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### गुजरात : मोरबी पुल हादसा मामले में आरोप पत्र दाखिल

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी शहर में पिछले साल अक्टूबर में एक झूला पुल टूटने की घटना में पुलिस ने शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सत्र अदालत में 1,200 पन्नों का आरोप पत्र दायर किया। जाला मामले के जांच अधिकारी हैं। मोरबी में झूला पुल गिरने की घटना के सिलसिले में नौ आरोपियों के अलावा ओरेवा ग्रुप के जयसुख पटेल को आरोप पत्र में दसवें आरोपी के रूप में नामजद किया गया है।

# अमेरिका : ब्रिगेडियर जनरल ग्रेड पर नियुक्ति को भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नामित

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री राजा जे चारी को वायु सेना के ब्रिगेडियर जनरल के ग्रेड में नियुक्त करने के लिए नामित किया है।

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुताबिक, बाइडन ने वायु सेना के कर्नल चारी (45) को बृहस्पतिवार को वायु सेना के ब्रिगेडियर जनरल के ग्रेड में नियुक्त करने के लिए नामित किया। उनके नामांकन को सीनेट की मंजूरी की आवश्यकता होगी, जो सभी शीर्ष नागरिक और सैन्य नियुक्तियों को स्वीकृति प्रदान करती है। चारी फिलहाल नेशनल एअरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के टेक्सास स्थित जॉनसन अंतरिक्ष केंद्र में क्रू-3 के कमांडर एवं अंतरिक्ष यात्री के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एअरोनॉटिक्स में परास्नातक और मैरीलैंड स्थित यूएस नेवल टेस्ट पायलट स्कूल से स्नातक कर रखा है।

# जम्मू-कश्मीर के बनिहाल से आगे बढ़ी भारत जोड़ो यात्रा

एजेंसी। बनिहाल



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को सुबह जम्मू-कश्मीर के बनिहाल से आगे घाटी की ओर बढ़ी। इस दौरान, बड़ी संख्या में तिरंगा थामे कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता राहुल के साथ पदयात्रा करते नजर आए।

बनिहाल में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। राहुल की तरह सफेद टी-शर्ट पहने उमर ने कांग्रेस पार्टी के हजारों समर्थकों के साथ राहुल के साथ पदयात्रा में हिस्सा लिया। श्रीनगर से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बनिहाल पहुंचने के बाद संवाददाताओं से मुखातिब उमर ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा का मकसद राहुल गांधी की छवि सुधारना नहीं, बल्कि देश के मौजूदा हालातों में बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि वह यात्रा में इसलिए शामिल हो रहे हैं, क्योंकि वह देश की छवि को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। उमर ने कहा, हम किसी एक व्यक्ति की छवि के लिए नहीं, बल्कि देश की छवि के लिए इसमें हिस्सा ले रहे हैं। नेकां नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने निजी उद्देश्यों के चलते यह यात्रा शुरू नहीं की, बल्कि उन्होंने देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की कथित कोशिशों को लेकर अपनी चिंताओं के मद्देनजर यह कदम उठाया। उन्होंने कहा, यह सरकार भले ही अरब देशों के साथ दोस्ती कर रही है, लेकिन लेकिन सच्चाई यह है कि इस सरकार में देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय का कोई प्रतिनिधि नहीं है। उमर ने कहा, आजादी के बाद यह संभवत: पहली बार है, जब सत्तारूढ़ दल से मुस्लिम समुदाय का कोई भी सदस्य न तो लोकसभा में और न ही राज्यसभा में है। यह उनके रुख को दर्शाता है।

यह यात्रा 30 जनवरी को समाप्त होगी, जब राहुल श्रीनगर में कांग्रेस मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे और शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में एक जन सभा को संबोधित करेंगे।

# अडाणी समूह पर लगे आरोपों की जांच करें रिजर्व बैंक और सेबी : कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से अडाणी समूह पर लगाए गए आरोपों की जांच भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी को करनी चाहिए क्योंकि भारत की वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुरक्षा इन संस्थानों की जिम्मेदारी है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि इस कारोबारी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच नजदीकी रिश्ते हैं और इस समूह को इसका फायदा हुआ है। उन्होंने एक बयान में कहा, आमतौर पर राजनीतिक दलों को किसी कंपनी या कारोबारी समूह के बारे में आई किसी अध्ययन रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया नहीं करनी चाहिए, लेकिन अडाणी समूह को लेकर हिंडनबर्ग रिसर्च के फॉरेंसिक अध्ययन पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया जरूरी है क्योंकि अडाणी समूह कोई सामान्य



समूह नहीं है, बल्कि इसकी पहचान नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान उनके नजदीकी होने की है। रमेश ने कहा कि जो आरोप लगे हैं उनकी जांच व्यापक जनहित में रिजर्व बैंक और सेबी जैसी संस्थाओं द्वारा की जानी चाहिए जिन पर भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने समूह पर कई आरोप लगाए हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह पर खुले तौर पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

### हेमंत सोरेन बूढ़ा पहाड़ का दौरा करने वाले झारखंड के पहले सीएम बने

**बूढ़ा पहाड़ (झारखंड)।** हेमंत सोरेन कभी माओवादियों का गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ का दौरा करने वलो झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। छत्तीसगढ़ की सीमा से सटा यह क्षेत्र तीन दशक तक माओवादियों का गढ़ रहा था और सुरक्षा बलों ने उसे उनके नियंत्रण से मुक्त कराया।

अधिकारियों ने बताया कि सोरेन दोपहर को इस पहाड़ी पर पहुंचे जहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने अब अपना कैंप स्थापित कर लिया है। ऐसी उम्मीद है कि वह लातेहार और गढ़वा जिलों के साथ ही बूढ़ा पहाड़ के लिए कुछ कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत करेंगे। बूढ़ा पहाड़ झारखंड की राजधानी रांची से करीब 150 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सुरक्षाबलों ने तीन विशेष अभियानों के माध्यम से बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र को माओवादियों की जकड़ से मुक्त कराया था। ये अभियान अप्रैल, 2022 में शुरू किए गए थे। अधिकारियों ने कहा कि इन अभियानों के दौरान कुल 14 माओवादियों को मार गिराया।

### सोमालिया में अमेरिकी सेना ने इस्लामिक स्टेट के कुख्यात सदस्य को मार गिराया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विशेष अभियान के बलों ने उत्तरी सोमालिया में इस्लामिक स्टेट संगठन के एक कुख्यात सदस्य और 10 अन्य आतंकवादियों को मार गिराया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने यह घोषणा की है। अमेरिका के विदेश मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में बताया कि पहाड़ी इलाके में बुधवार को चलाए गए अभियान में बिलाल अल-सुदानी को निशाना बनाया गया, जो वैश्विक आतंकवादी संगठन को वित्तीय मदद मुहैया कराता था। बयान के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिका और उसके भागीदारों को अधिक सुरक्षित बनाती है और यह अमेरिकियों को देश तथा विदेश में आतंकवाद के खतरे से बचाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# महिलाओं के विकास को अपनी सरकार के मुख्य एजेंडे में शामिल किया: ईरानी

एजेंसी। वाशिंगटन

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने भारत और अमेरिका की प्रतिष्ठित महिला नेताओं के एक समूह से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के विकास को अपनी सरकार के मुख्य एजेंडे में शामिल किया है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने यहां महिला आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहले यूएस-इंडिया एलायंस शैटर समिट को ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बयान दिया। ईरानी ने कहा, हम सभी के पास जश्न मनाने की वजह है क्योंकि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को मुख्य एजेंडे में से एक बनाया है और यह केवल नाम के लिए नहीं है।

विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में आयोजित शिखर सम्मेलन में अपने भाषण में ईरानी ने देश में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित किया। ईरानी ने शिखर सम्मेलन में कहा, एक भारतीय महिला होने के नाते मैं गर्व से कह सकती हूं।

# छात्र संगठन के दिल्ली विवि में वृत्तचित्र दिखाने की घोषणा पर प्रशासन हुआ सक्रिय

## भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन डीयू के नॉर्थ कैंपस में कला संकाय के बाहर प्रदर्शित करेगा, धारा 144 लागू हुई

एजेंसी। नई दिल्ली

**जवाहरलाल** नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में बीबीसी के 2002 के गोधरा दंगों पर आधारित वृतचित्र को प्रदर्शित किए जाने को लेकर हुए बवाल के बाद एक छात्र संगठन ने दिल्ली विश्वविद्यालय में इसे दिखाने की घोषणा की है। भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के अनुसार, वह दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉर्थ कैंपस में कला संकाय के बाहर शाम पांच बजे इसे प्रदर्शित करेगा। प्रशासन ने इसके लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है। साथ ही यूनिवर्सिटी में धारा 144 लागू कर दी है।

इस बीच, कांग्रेस से संबद्ध नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने नॉर्थ कैंपस में शाम चार बजे और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने आबेंडकर यूनिवर्सिटी कश्मीरी गेट परिसर में दोपहर एक बजे वृत्तचित्र दिखाने की घोषणा की है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का वृत्तचित्र इंडिया : द मोदी क्वेश्चन दो भाग में है, जिसमें दावा किया गया है कि यह 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित कुछ पहलुओं की पड़ताल पर आधारित है। 2002 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। विदेश मंत्रालय ने वृत्तचित्र को दुष्प्रचार का हिस्सा बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि इसमें निष्पक्षता का अभाव है तथा यह एक औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने बुधवार को जामिया मिलिया इस्लामिया में वृत्तचित्र दिखाने की घोषणा की थी, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंच उसकी योजना विफल कर दी थी। जेएनयू में भी मंगलवार को वृत्तचित्र को प्रदर्शित किए जाने को लेकर बवाल खड़ा हो गया था।

**विदेश मंत्रालय ने वृत्तचित्र को दुष्प्रचार का हिस्सा बताते हुए कर दिया था खारिज**




### बीबीसी का वृत्तचित्र दिखाने की अनुमति नहीं देंगे, पुलिस को पत्र लिखा है : डीयू प्रॉक्टर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने शुक्रवार को कहा कि विश्वविद्यालय बीबीसी के, 2002 गोधरा दंगों पर बने वृत्तचित्र को दिखाए जाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन से इसकी अनुमति नहीं मांगी गई है। अब्बी ने कहा, हमने दिल्ली पुलिस को इस संबंध में पत्र लिखा है। वे कार्रवाई करेंगे। उपयुक्त संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। हम इस तरह के प्रदर्शन (वृत्तचित्र के प्रदर्शन) की अनुमति नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिली है कि नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) कला संकाय में वृत्तचित्र दिखाने की योजना बना रहा है... इसके लिए कोई अनुमति नहीं मांगी गई है। हम इस तरह के व्यवहार की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को सरकार ने प्रतिबंधित किया है। कांग्रेस से संबद्ध एनएसयूआई और भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन, दोनों छात्र संगठनों ने कहा है कि वे नॉर्थ कैम्पस में अलग-अलग समय पर फिल्म का प्रदर्शन करेंगे। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का वृत्तचित्र इंडिया: द मोदी क्वेश्चन दो भाग में है, जिसमें दावा किया गया है कि यह 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित कुछ पहलुओं की पड़ताल पर आधारित है। 2002 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे।

### भारतीय मां-बेटी की बनाई रंगोली को सिंगापुर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मिली जगह

**सिंगापुर।** सिंगापुर में 26 हजार आइस्क्रीम स्टिक से प्रख्यात तमिल विद्वानों और कवियों की छह मीटर लंबी और इतनी ही चौड़ी रंगोली बनाने के लिए एक भारतीय महिला और उसकी बेटी का नाम सिंगापुर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। सुधा रवि इससे पहले 2016 में 3,200 वर्ग फुट लंबी रंगोली बनाकर सिंगापुर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाने में सफल रही थीं।

**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का स्थापना दिवस**

# ग्रेनो शहर ने बनाई अपनी अलग पहचान

## औद्योगिक निवेश के प्रमुख केंद्र साथ-साथ रिहायश और शिक्षा के क्षेत्र में भी रहा अग्रणी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा 32 साल का हो गया है। इन 32 वर्षों में ग्रेटर नोएडा ने निरंतर प्रगति करते हुए दुनियां भर में एक अलग पहचान बनाई है।

ग्रेटर नोएडा, न सिर्फ औद्योगिक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, बल्कि रिहायश और शिक्षा के क्षेत्र में भी बाकी शहरों से बहुत आगे निकल चुका है। सिर्फ हरियाली व चौड़ी सड़कें ही यहां की पहचान नहीं रही, बल्कि इससे आगे निकलकर डाटा सेंटर, टैक्सटाइल व रेडीमेड गारमेंट, ऑटोमोबाइल, व्हाइट गुड्स के क्षेत्र में खास मुकाम हासिल किया है। ग्रेटर नोएडा के सामने कुछ नई चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने के लिए कई तरह से प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा ने साल 2022 में बड़ी उपलब्धि हासिल की। यहां की 10 लाख आबादी के लिए गंगाजल परियोजना का लोकार्पण किया गया। 85 क्यूसेक गंगाजल के जरिए ग्रेटर नोएडा के निवासियों को मीठा पानी पिलाने की शुरुआत कर दी गई। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे शहर में पहुंचाया जा रहा है।

गंगाजल के आ जाने से भूजल दोहन भी कम हुआ है इससे भूजल को बचाने में भी मदद मिलेगी। रोड कनेक्टीविटी के मामले में ग्रेटर नोएडा सबसे बेहतर शहर कहा जाता है। यह शहर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे से पहले ही जुड़ा हुआ है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-91 भी पास से गुजरे हैं। इसके साथ ही यहां की चौड़ी सड़कें अन्य शहरों से कहीं बेहतर हैं। वहीं, दिल्ली.मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के बनने से रेल कनेक्टीविटी के मामले में भी ग्रेटर नोएडा अन्य औद्योगिक शहर से आगे निकल गया है। यहां से मुंबई के लिए माल ढुलाई भी बहुत जल्द आसान हो जाएगी। वर्तमान समय में ग्रेटर नोएडा की पहचान मोबाइल निर्माता कंपनियों के हब के रूप में हो रही है। ओप्पो, वीवो व सैमक्रांग जैसी बड़ी कंपनियां यहां से मोबाइल उत्पाद बना रही हैं। देश ही नहीं, दुनियां भर में यहां के निर्मित मोबाइल व उनके उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। इससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। ग्रेटर नोएडा टैक्सटाइल के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। टैक्सटाइल व रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़ी सैकड़ों कंपनियां ग्रेटर नोएडा से उत्पाद बनाकर विदेशों को निर्यात कर रही हैं। ये कंपनियां यहां के निवासियों के लिए, खासतौर पर महिलाओं के रोजगार का प्रमुख जरिया बनीं हुई हैं। देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर ग्रेटर नोएडा में बन रहा है। हीरानंदानी ग्रुप ने इसे बनाया है। बीते साल इसकी शुरुआत हो चुकी है। इस डाटा सेंटर से एक हजार युवाओं को रोजगार व 7000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इससे देश के नागरिकों का डाटा सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। डाटा सेंटर क्षेत्र की कई और कंपनियां यहां अपनी इकाई स्थापित करने को आतुर हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की बड़ी कंपनियां जैसे एलजी व हायर आदि भी ग्रेटर नोएडा में अपने उत्पाद बना रही हैं।

डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड आईआईटीजीएनएल की तरफ से करीब 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित किया गया है। इस टाउनशिप में अब तक पांच छह कंपनियां अपना प्लांट भी लगा रही हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, चेनफेंग एलईडी कंपनी, जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स और गुरु अमरदास शामिल हैं।

इसे कंपलीट स्मार्ट सिटी के तौर पर नियोजित किया गया है। उद्योगों की जरूरत के हिसाब से यहां प्लग एंड प्ले सिस्टम को अपनाया गया है। यह एक ऐसा शहर है, जिसमें आवंटन से पहले ही सभी सुविधाएं विकसित कर दी गई हैं। हर प्लॉट से कूड़ा पाइप के जरिए प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचेगा। यहां का सर्विलांस सिस्टम पूर्णतया ऑटोमेशन पर काम करेगा। बोड़ाकी के पास प्रस्तावित मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब ग्रेटर नोएडा को नए मुकाम पर ले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार



उद्घाटन के मौके पर ओमेगा सेकी मोबिलिटी के चेयरमैन उदय नारंग व अन्य।

### मोबिलिटी की नई अत्याधुनिक डीलरशिप शुरू

**नोएडा।** ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने नोएडा में अपनी पहली अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया। नोएडा में कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने नई डीलरशिप आरएन मोबिलिटी का काम-काज शुरू किया, आरएन मोबिलिटी के निदेशक मनोज गर्ग, दिवेश जिंदल और संजीव जिंदल इस मौके पर मौजूद थे। डीलरशिप के उद्घाटन पर ओमेगा सेकी मोबिलिटी के चेयरमैन, उदय नारंग ने कहा, नोएडा में हमारी सबसे बड़ी डीलरशिप्स में से एक के उद्घाटन पर हम बहुत प्रसन्न हैं। आरएन मोबिलिटी के डायरेक्टर मनोज गर्ग, दिवेश जिंदल और संजीव जिंदल ने कहा, ओमेगा सेकी मोबिलिटी से पार्टनरशिप करने और नोएडा में ओएसएम वाहनों की बड़ी रेंज़ पेश करने पर हमें गर्व है।

### 29 जनवरी को निकाली जाएगी कृष्ण बलराम रथयात्रा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद इस्कॉन मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा 29 जनवरी को शहर में भव्य रूप से श्री कृष्ण बलराम शोभा रथ यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर अध्यक्ष आदिकर्ता दास ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि इस बार मंदिर प्रबंधन द्वारा इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभा यात्रा नवयुग मार्किट से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राजनगर इस्कॉन मंदिर पर समाप्त होगी। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रंगोली, क्रेन द्वारा 56 भोग और रॉक हरिनाम संकीर्तन होगा। यात्रा के दौरान देशी.विदेशी फूलों से भगवान पर फूलों की वर्षा की जाएगी। रथयात्रा का जगह.जगह स्वागत किया जाएगा। आदिकर्ता दास ने बताया कि यात्रा जब अंतिम पड़ाव मंदिर पहुंचेगी तो यहां बच्चों, महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### नाबालिग से कर रहा था छेड़छाड़, लोगों ने पकड़ा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गयाए जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। यह आरोपी राह चलती नाबालिग के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। विरोध करने पर लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सिटी मॉल के पास नाबालिग अपने दोस्त के साथ जा रही थी, तभी दो युवक उसका पीछा करने लगे और फब्तियां कसते हुए छेड़छाड़ करने लगे। युवती के विरोध करने पर वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसका दोस्त फरार हो गया। इस दौरान पुलिस को बुलाकर आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि आरोपी धर्मेंद्र मूल रूप से हाथरस का रहने वाला है। वह फिलहाल इटेडा में रह रहा था।

# एक्वा मेट्रो लाइन में मिलेगा फ्री स्मार्ट कार्ड

- डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए दस दिन तक मिलेगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** की एक्वा लाइन में सफर करने वाले मुसाफिर को फ्री में स्मार्ट कार्ड मिलेगा। इसकी शुरुआत आज से हो गई है। 10 मेट्रो स्टेशनों पर ये कार्ड मिलेंगे। अभियान 4 फरवरी तक चलेगा। इसकी बड़ी वजह ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पेमेंट के लिए जागरूक करना है। इससे मुसाफिर के समय की बचत होगी। साथ ही उन्हें टोकन की लाइन में नहीं लगना होगा।

नोएडा मेट्रो के एक्वा लाइन पर रोजाना हजारों लोग सफर करते हैं। इसी मौके पर यह योजना निकाली गई है। नोएडा मेट्रो को 26 जनवरी 2023 को पूरे 4 साल हो गए। इसलिए इस शानदार मौके पर एनएमआरसी अगले 10 दिनों तक फ्री में मेट्रो स्मार्ट कार्ड बनवा रहा हैं। एनएमआरसी ने अपने स्मार्ट कार्ड टैरिफ में पहले ही बढ़ोतरी कर चुका है। कार्ड में मिनिमम बैलेंस 50 रुपए होना अनिवार्य है। यदि इतना बैलेंस कार्ड नहीं है तो आप स्टेशन से मेट्रो पकड़ने के लिए एक्सिस नहीं कर पाएंगे।

ऐसे में नया कार्ड लेने के बाद मिनिमम 50 रुपए का रिचार्ज कराना अनिवार्य है। नोएडा मेट्रो लोगों की लाइफ लाइन बनती जा रही है। इस महीने सर्वाधिक 56 हजार 168 मुसाफिर ने सफर किया। इसे पहले दिसंबर 2022 में 41 हजार 496, नवंबर 2022 में 43 हजार 430 और अक्टूबर में 35 हजार 300 मुसाफिर ने सफर किया। एनएमआरसी की प्रवक्ता ने बताया कि इसको देखते हुए सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर एक अतिरिक्त चेकिंग मशीन लगाई गई है। सेक्टर-51 पर दो टिकट वेंडिंग मशीन और नॉलेज पार्क-2 में एक टिकट वेंडिंग मशीन लगाई गई है।

## 15वीं मंजिल से गिरकर महिला वकील की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-74 सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में एक युवती की 15वें फ्लोर से गिरकर मौत हो गई। यह हादसा है या आत्महत्या इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है पूछताछ और जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल सकेगा।

केपटाउन सोसाइटी के सीएमसी-3 टावर में सोमा परिवार के साथ रहती थी। रात करीब 12 बजे वो बालकनी में खड़ी थी। वो मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इस दौरान सोमा नीचे गिर गई। सोमा पेशे से वकील है। सेक्टर-63 में किसी फर्म में प्रैक्टिस करती थी। पुलिस सीडीआर खंगाल रही है। साथ ही कई एंगल से जांच कर रही है। जिस समय सोमा नीचे गिरी उस समय पिता अशोक और सोमा की बहन व मां सभी घर पर थे।

# गाजियाबाद में रोडवेज बस का रात्रि संचालन फिर हो सकता है शुरू

- कोहरे में बढ़ती दुर्घटनाओं के चलते बंद हो गई थी सेवा



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**यूपी** रोडवेज की एक समीक्षा बैठक शनिवार को होने जा रही है।

इस समीक्षा बैठक के बाद ही रोडवेज मुख्यालय से फैसला होगा कि रात्रि में बसों का संचालन किया जा सकता है या नहीं। गत दिनों एक बस कोहरे के कारण दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी। तब से लेकर अब तक यूपी रोडवेज मुख्यालय की ओर से बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। अब यूपी में कोहरे का प्रकोप कम हो रहा है। ऐसे में रोडवेज प्रशासन को लगता है कि अब नाइट में बंद चल रही रोडवेज की लॉन्ग रूट की बसों का संचालन किया जाए।

इसके लिए अनुमति मिली तो रोडवेज फिर से अपनी बसों को नाइट में संचालित करेगा। इस पर फैसला करने के लिए रोडवेज मुख्यालय में एक समीक्षा बैठक होने जा रही है। नाइट बस संचालन के बारे में कोई कदम उठाए जाने की संभावना है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षकों को स्थायी करने की मांग

- उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने डीयू के कुलपति को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**उपमुख्यमंत्री** मनीष सिसोदिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर दिल्ली के विभिन्न कालेजों में सहायक प्रोफेसरों के लिए चल रहे साक्षात्कार के दौरान लगभग 70 प्रतिशत तदर्थ और अस्थायी शिक्षकों के विस्थापन पर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने स्थायी भर्ती में तदर्थ शिक्षकों को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, क्योंकि बहुत से शिक्षक कई दशकों से डीयू के कालेजों में पढ़ा रहे हैं। उनके पास कमोबेश हर तरह की पृष्ठभूमि के छात्रों के साथ और उनकी शैक्षिक जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने का लंबा अनुभव है। सिसोदिया ने अपने पत्र में लिखा कि, डीयू के विभिन्न कालेजों में सहायक प्रोफेसरों के लिए चल रहे साक्षात्कार सिस्टम के लिए भयवाह है। रिपोर्ट कहती है कि इससे दिल्ली विश्वविद्यालय के 70 प्रतिशत तदर्थ शिक्षकों को विस्थापित किया जा रहा है।

हमारा मानना है कि स्थायी भर्ती में तदर्थ शिक्षकों को पक्का किया जाना चाहिए। वे डीयू की चुनौतियों को समझते हैं, दशकों से वहां काम कर रहे हैं, दिल्ली सरकार के 28 कालेजों के बोर्ड में नामिनी हैं। इन बोर्डों के पास तदर्थ को स्थायी भूमिकाओं में समाहित करने की शक्ति है और हम इसके साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, दिल्ली सरकार के 28 कालेजों की गवर्निंग बाडी में सरकार नॉमिनी है और उनमें कार्यरत तदर्थ और अस्थायी शिक्षकों के लिए जिम्मेदार हैं। अध्यादेश (ओर्डीनेंस) XVIII-4(ए) शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति गवर्निंग बॉडी द्वारा किए जाने का प्रावधान करता है।

इन कालेजों की गवर्निंग बाडी द्वारा तदर्थ और अस्थायी शिक्षकों के पक्का करने की प्रक्रिया को लागू करने के लिए टेम्प आर्ड XIII ए (1977-78) को पुनर्जीवित किया जाएगा। हाल ही में पंजाब सरकार ने ऐसे ही शिक्षकों और कर्मचारियों को पक्का किया है। उन्होंने डीयू के कुलपति से अनुरोध करते हुए कहा कि इन कालेजों में तदर्थ और अस्थायी शिक्षकों को पक्का करने की सुविधा प्रदान करें। इस पूरी प्रक्रिया में हमारी गवर्निंग बाडी अपना पूरा सहयोग देगी।

## 11 को होगी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 11 और 12 फरवरी को गाजियाबाद में प्रस्तावित है। इसके लिए अगले एक दो दिन में योजना बैठक की जाएगी। भाजपा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी हो चुकी है। अब प्रदेश कार्यकारिणी बैठक शुरू होने जा रही है। सबसे पहले महिला मोर्चा की कार्यकारिणी का प्रस्ताव आया है। उसके बाद अन्य मोर्चों की बैठक की जाएगी। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के लिए गाजियाबाद का चयन किया गया है। जल्द होने जा रही योजना बैठक में स्थान आदि तय किया जाएगा। किसी दूसरे जनपद का चुनाव भी किया जा सकता है। इसमें जी.20 की तैयारी समेत कई प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। भाजपा महिला मोर्चा में करीब दो सौ सदस्य हैं। इसलिए यदि गाजियाबाद में ही बैठक हुई तो इसके लिए बड़ी तैयारी की जाएगी। क्षेत्र और महानगर कमेटी को इसके लिए तैयारी करने के लिए कहा गया है। गाजियाबाद महानगर भाजपा की कार्यकारिणी की तारीख भी घोषित कर दी गई है। यहां पांच फरवरी को कार्याकारिणी होनी सुनिश्चित की गई है। बताया जा रहा है कि महानगर कार्यकारिणी के लिए मोहननगर स्थित आईटीएस को चुना गया है। इसमें कार्यकारिणी के 90 सदस्य भाग लेंगे। गाजियाबाद में निवास करने वाले जनप्रतिनिधियों को भी महानगर कार्यकारिणी में बुलाया गया है।

# स्कॉर्पियो स्टंट कराने के मामले में तीन गिरफ्तार

- खतरनाक गाड़ी चलाने के आरोप में लगाया साढ़े 25 हजार का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जब्त कार के साथ पुलिसकर्मी।

**नोएडा** में स्कॉर्पियो का स्टेट करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। मामले का संज्ञान लेते हुए डीसीपी ट्रैफिक की ओर से टीम का गठन किया गया। आईटीएमएस की जरिए गाड़ी की फोटो व वीडियो लिए गए। जिसके कार सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

साथ स्कार्पियो को सील कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने खतरनाक तरह से गाड़ी चलाने के मामले में 25 हजार 500 रुपए का चालान किया। इसके अलावा फेज.1 थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं गाड़ी चालक के ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ी स्कॉर्पियो की आरसी के निरस्तीकरण की रिपोर्ट आरटीओ को भेज दी गई है।

इसके साथ वाहन चलाते समय गाड़ी में मौजूद अन्य दो के खिलाफ धारा 151 सीआरपीसी के अंतर्गत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए चालान किया गया। जिन लोगों को पुलिस ने स्कार्पियो के साथ गिरफ्तार किया। उनकी पहचान अंशुल पुत्र मनोज निवासी बुहापुर थाना कौशांबी, गाजियाबाद गाडी स्वामी का रिश्तेदार तुषार पुत्र देवेंद्र निवासी बुहापुर थाना कौशांबी, गाजियाबाद व हिमांशु पुत्र मनोज निवासी न्यू अशोक नगर, दिल्ली हुई है। बता दे ये लोग राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल की सामने वाली सड़क पर जिगजेग ड्राइविंग कर रहे थे। इस रोड पर रोजाना लाखों की संख्या में वाहन निकलते है। ऐसे में जरा सी गलती पर बड़ा हादसा हो सकता था।

## कार के बोनट पर बैठकर बनाई वीडियो, जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अल्टो गाड़ी के बोनट पर बैठकर स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। युवक डीसीपी ऑफिस से कुछ ही दूरी पर यह स्टंट करता दिखाई दिया था, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर अल्टो गाड़ी का 27500 का चालान काटा है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने वीडियो के आधार पर गाड़ी का नंबर ट्रेस किया। इसके बाद उसका चालान किया गया। इसके अलावा इस मामले में नॉलेज पार्क थाना पुलिस भी कार्रवाई कर रही है। उनका कहना है कि वीडियो के आधार पर गाड़ी को ट्रेस किया जा रहा है। स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि गौतमबुद्ध नगर में पुलिस स्टंट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

## बसंत पंचमी के मौके पर सरस्वती पूजा

**गाजियाबाद।** बसंत पंचमी के मौके परआसरा फाउंडेशन की तरफ से वसुंधरा सेक्टर 3 में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। सुबह के समय माँ सरस्वती की स्तुति व वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उसके बाद माँ सरस्वती की पूजा की गई। फिर आरती के बाद हवन हुआ। फाउंडेशन के बच्चों ने हवन सामग्री की आहुति दी गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता हरीश कुमार मल्होत्रा , स्थानीय पार्षद मंजू त्यागी के पति विनीत त्यागी, आंगन आँचल की सुदर्शना घिल्डियाल, रेणु और कॉलोनी के अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। फाउंडेशन की पदाधिकारियों गीता मिश्रा, अंजू मेहरा,ऋतु कुमारी, साक्षी खोबा, यामिनी, कार्तिक की भूमिका अहम रही।

# नाबालिग के अपहरण के दोषी को पांच साल की सजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।



**ग्रेटर** नोएडा में नाबालिग युवती को बहला.फुसलाकर लेकर फरार हो जाने के आरोपी को जिला न्यायालय ने 5 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 7000 का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर 20 दिन अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अपर सत्र विशेष न्यायाधीश पोक्सो दो चंद्रभान श्रीवास्तव ने यह फैसला दिया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता जेपी भाटी ने बताया मामला दनकौर थाने के वर्ष 2017 का है। दनकौर थाने में पीड़ति पिता ने तहरीर देकर बताया कि 3 नवंबर 2017 को वह अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को घर पर छोड़ कर काम पर गया था। शाम को जब वह वापस लौटा तो घर से युवती गायब थी। जिसके बाद उन्होंने अपने परिचितों और रिश्तेदारी में युवती को तलाश किया। कई दिन बीत जाने के बाद भी जब युवती का कोई पता नहीं चला तो 10 नवंबर 2017 को उन्होंने दनकौर थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने युवती को बुलंदशहर के थाना कोतवाली देहात के गांव पहाड़पुर निवासी रविंदर के पास से बरामद किया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि रविंदर गांव में कई सालों से फेरी लगाता था। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी रविंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसके बाद पुलिस ने मामले की चार्जसीट जिला न्यायालय में पेश की। जिला न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान कई गवाह पेश किए गए। इसके साथ ही बचाव व आरोपी पक्ष के अधिवक्ताओं की जिरह सुनने के बाद और सभी गवाहों और सबूतों को देखते हुए कोर्ट ने रविन्द्र को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। न्यायालय ने आरोपी को धारा 363 में 4 वर्ष की सजा और 3000 का जुर्माना लगाया। वहीं 366 में 5 वर्ष की सजा और 4000 का जुर्माना लगाया। जुर्माने की राशि जमा न करने पर 20 दिन अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोनों सजाएं साथ.साथ चलेंगी और पूर्व में कारागार में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

# वेस्ट का बेस्ट मैनेजमेंट से कचरे को छांटने का कार्य हुआ आसान

- उपराज्यपाल ने एनडीएमसी के सामग्री रिकवरी सुविधा केंद्र का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**इन** दिनों सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने और बेहतर वेस्ट मैनेजमेंट के जरिए प्रदूषण पर नियंत्रण करने की पहल की जा रही है। अगर हम थोड़ी-सी कोशिश करें तो बेकार चीजों का बेहतर तरीके से निस्तारण कर सकते हैं और पर्यावरण में अहम योगदान दे सकते हैं।

इस कड़ी में पश्चिम किदवई नगर में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के एक सामग्री रिकवरी सुविधा केंद्र (एमआरएफ) शुरू किया गया है। इसे घरेलू कचरे से रिसाइकिल योग्य वस्तुओं को अलग करने के लिए स्थापित किया गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को सामग्री रिकवरी सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अनुसार, घर-घर से एकत्रित सूखे कचरे को एमआरएफ केंद्रों में इससे कागज, प्लास्टिक, धातु, कांच, कपड़ा आदि को अलग किया जाता है। एमआरएफ केंद्रों को एक कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन के साथ जोड़ा गया है, जो 240 वर्गमीटर के क्षेत्र में 5 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता का है।

यह एक सेमी-ऑटोमेटेड एमआरएफ सेंटर है, जहां डोर टू डोर कलेक्शन, ट्रांसफर स्टेशन पर आने वाले ऑटो टिपर अपने सूखे कचरे को कन्वेयर बेल्ट के फीडिंग हॉपर में खाली कर देते हैं। आस-पास के क्षेत्रों से 8 से 10 कूड़ा बीनने वालों को कागज, कांच, थर्मोकोल, प्लास्टिक, कार्डबोर्ड आदि को सूखे कचरे से अलग करते है, जिसे फिर अलग-अलग बैग, कंटेनरों में एकत्र किया जाता है और अधिकृत रिसाइकलरों को सौंप दिया जाता है। इसके अलावा यहां 50 टन क्षमता की वर्टिकल बेलिंग मशीन और भार तौल मशीन भी हैं। कचरे का रिसाइकल संस्थागत और थोक कचरे के एक महत्वपूर्ण अंश को अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र में डंप या निपटान से रोकता है, जिससे पर्यावरणीय प्रभाव और सार्वजनिक प्राधिकरणों पर अपशिष्ट प्रबंधन का बोझ कम हो जाता है। एमआरएफ कचरे की मात्रा को कम करके एनडीएमसी की मदद करेगा और संग्रह, परिवहन और निपटान बुनियादी ढांचे में लागत बचत भी करेगा। यह एमआरएफ सेंटर, 3आर (रिड्यूस, रिसाइकल और रीयूज) पहल के तहत कचरे को कम करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है और सर्कुलर इकोनॉमी चेन में इसे शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# सिंधु समझौते में बदलाव के लिए भारत ने पाकिस्तान को क्यों दिया नोटिस ?

**2017 से 2022 तक हुई सभी पांच बैठकों में पाकिस्तान ने भारत की जलविद्युत परियोजनाओं पर आपत्ति जाहिर की है।**



**भारत** ने जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजना विवाद को न सुलझाने पर अड़े पाकिस्तान को नोटिस जारी कर सिंधु जल समझौते, 1960 में संशोधन करने की जरूरत बताई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत ने 25 जनवरी को सिंधु जल समझौते के अनुच्छेद ङ्कढ्ढ (3) के तहत नियुक्त कमिश्नर्स के जरिए यह नोटिस जारी किया गया।इस नोटिस का मकसद पाकिस्तान को 90 दिनों के भीतर सिंधु जल संधि के उल्लंघन को सुधारने के लिए अंतर-सरकारी वार्ता में प्रवेश करने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही यह प्रक्रिया पिछले 62 वर्षों में स्थिति बदलने के अनुसार सिंधु जल संधि को अपडेट भी करेगी।

समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के मुताबिक भारत की ओर से कहा गया है कि वह सिंधु जल समझौते, 1960 का अनुपालन पूरी दृढ़ता, जिम्मेदारी और भागीदारी के साथ कर रहा है। हालांकि, पाकिस्तान की कार्रवाइयों के कारण सिंधु जल समझौते के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । इस कारण भारत को सिंधु जल समझौते में संशोधन के लिए नोटिस भेजने पर मजबूर होना पड़ा है।

19 सितंबर, 1960 को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल समझौते के तहत सिंधु जल प्रणाली में पूर्वी नदियों (रावी, बेसिन, सतलज व उसकी सहायक नदियों) का पानी भारत को आवंटित किया गया जबकि भारत को समझौते के प्रावधानों के तहत पाकिस्तान की तरफ पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम और चेनाब व उसकी सहायक नदियों) के जल प्रवाह को जारी रखना है। भारत के जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रातले जल विद्युत परियोजना इन्हीं पश्चिमी नदियों पर है, जिस पर पाकिस्तान को आपत्ति है। भारत ने जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजना विवाद को न सुलझाने पर अड़े पाकिस्तान को नोटिस जारी कर सिंधु जल समझौते, 1960 में संशोधन करने की जरूरत बताई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत ने 25 जनवरी को सिंधु जल समझौते के अनुच्छेद XII (3) के तहत नियुक्त कमिश्नर्स के जरिए यह नोटिस जारी किया गया।इस नोटिस का मकसद पाकिस्तान को 90 दिनों के भीतर सिंधु जल संधि के उल्लंघन को सुधारने के लिए अंतर-सरकारी वार्ता में प्रवेश करने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही यह प्रक्रिया पिछले 62 वर्षों में स्थिति बदलने के अनुसार सिंधु जल संधि को अपडेट भी करेगी।

समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के मुताबिक भारत की ओर से कहा गया है कि वह सिंधु जल समझौते, 1960 का अनुपालन पूरी दृढ़ता, जिम्मेदारी और भागीदारी के साथ कर रहा है। हालांकि, पाकिस्तान की कार्रवाइयों के कारण सिंधु जल समझौते के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । इस कारण भारत को सिंधु जल समझौते में संशोधन के लिए नोटिस भेजने पर मजबूर होना पड़ा है।

19 सितंबर, 1960 को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल समझौते के तहत सिंधु जल प्रणाली में पूर्वी नदियों (रावी, बेसिन, सतलज व उसकी सहायक नदियों) का पानी भारत को आवंटित किया गया जबकि भारत को समझौते के प्रावधानों के तहत पाकिस्तान की तरफ पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम और चेनाब व उसकी सहायक नदियों) के जल प्रवाह को जारी रखना है। भारत के जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रातले जल विद्युत परियोजना इन्हीं पश्चिमी नदियों पर है, जिस पर पाकिस्तान को आपत्ति है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2015 में भारत ने पाकिस्तान से एक निष्पक्ष एक्सपर्ट को नियुक्त कर किशनगंगा और रातले जल विद्युत परियोजना का परीक्षण कर तकनीकी खामियों को बताने का अनुरोध किया था। हालांकि, 2016 में, पाकिस्तान ने एकतरफा रूप से इस अनुरोध को वापस ले लिया और यह प्रस्तावित किया कि एक मध्यस्थता अदालत उसकी आपत्तियों पर फैसला सुनाए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक मुद्दे और एक ही सवाल पर दो प्रक्रियाओं के शुरु होने से न सिर्फ विवादास्पद परिणाम सामने आ सकते हैं बल्कि इससे सिंधु जल समझौते को भी क्षति पहुंच सकती है। 2016 में विश्व बैंक ने इसका संज्ञान लेते हुए दोनों तरफ की प्रक्रिया को रोककर सौहार्दपूर्ण रास्ता निकालने की सिफारिश की थी।

वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पाकिस्तान की तरफ से जल विद्युत परियोजनाओं के लिए लिया गया एक तरफा फैसला सिंधु जल समझौते के अनुच्छेद ढ्ढङ्क का उल्लंघन करता है। इस अनुच्छेद में विवाद सुलझाने के लिए ग्रेडेड मैकेनिज्म को सुझाया गया है। इसी लिए भारत ने इस मामले में पाकिस्तान से एक निष्पक्ष एक्सपर्ट नियुक्त करने का अनुरोध किया था।

.1 अप्रैल, 1960 से प्रभावी हुए सिंधु जल समझौते में भारत और पाकिस्तान दोनों तरफ कमिश्नर्स नियुक्त किए गए हैं। वहीं दोनों देशों को बारी-बारी अपने यहां मुद्दों को लेकर बैठक करनी है। 2017 से 2022 तक पांच बार दोनों देशों के बीच बैठक हुई और इन सभी बैठकों में पाकिस्तान ने पश्चिमी नदियों पर भारत की जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर आपत्ति की है। सिंधु जल समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान की हालिया बैठक 30-31 मई, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित हुई थी। इस बैठक को दोनों देशों ने सौहार्दपूर्ण बताया था। साथ ही दोनों देशों ने बाढ़ से पूर्व की स्थितियों और संबंधित जानकारियों को साझा करने का अनुरोध किया था। हालांकि, इस बैठक में भी पाकिस्तान ने भारत की जलविद्युत परियोजनाओं पर आपत्ति जाहिर की थी।



# जानिए हर साल ज्यादा चमकदार होता रात का आकाश मानवजाति के लिए अच्छा है या खराब...

**आप** में से बहुत से लोगों ने रात के समय खुले आकाश में तारों को निहारा होगा। रात में टिमटिमाते तारों से सजा आसमान सहज ही हमारा ध्यान आकर्षित कर लेता है। लेकिन क्या हो यदि आसमान में यह टिमटिमाते तारे हमारी आंखों से नजर ही न आएं। भले ही बहुत से लोग शायद इस बात से इत्तेफाक न रखते हों लेकिन यह सच है कि हमारा आसमान बहुत तेजी से प्रकाश प्रदूषण की चपेट में आ रहा है। आंकड़े दर्शाते हैं कि हर साल रात के समय हमारा आकाश 9.6 फीसदी की दर से ज्यादा चमकदार हो रहा है। यदि देखा जाए तो जिस रफ्तार से व्योम चमकदार हो रहा है उसके चलते हर आठ वर्षों में इसकी चमक करीब दोगुनी हो रही है।ऐसे में यदि इसके प्रभावों की बात करें तो वो अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार रात्रि के समय नभ में टिमटिमाने वाले तारे इस बढ़ते कृत्रिम प्रकाश से हमारी आंखों से ओझल होते जा रहे हैं। बढ़ते प्रकाश प्रदूषण का आलम यह है कि दुनिया की कई जगहों पर आकाश में रात्रि के समय नग्न आंखों से दिखाई देने वाले तारों की संख्या पिछले 20 वर्षों से भी कम समय में आधे से कम हो गई है।गौरतलब है कि यह जानकारी दुनिया भर में 51,351 सिटीजन साइंटिस्टस द्वारा 2011 से 2022 के बीच नग्न आंखों से रात्रि के समय किए आकाशीय अवलोकनों और उनके आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इस विश्लेषण के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल साइंस में प्रकाशित हुए हैं। जो दर्शाते हैं कि रात के समय बढ़ता कृत्रिम प्रकाश हमारे आकाश को हर साल 9.6 फीसदी की दर से उज्जवल बना रहा है।

**पर्यावरण और जीवों के व्यवहार को भी कर रहा है प्रभावित**

वैज्ञानिकों की मानें तो रात्रि आकाश में बढ़ते प्रकाश प्रदूषण की यह दर और आता बदलाव उपग्रहों से प्राप्त पिछले आंकड़ों की तुलना में कहीं ज्यादा तेज है। ऐसे में इसका हमारे और धरती पर रहने वाले अन्य जीवों के जीवन और पर्यावरण पर क्या असर होगा यह रिसर्च का विषय है। गौरतलब है कि जहां उपग्रहों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक 2012 से 2016 के बीच हर साल वैश्विक स्तर पर प्रकाश प्रदूषण में 2.2 फीसदी की दर से वृद्धि हो रही है। वहीं 1992 से 2017 के बीच इसकी दर 1.6 फीसदी प्रतिवर्ष मापी गई थी। इस बारे में यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर द्वारा किए हालिया अध्ययन से पता चला है कि बढ़ता प्रकाश प्रदूषण जीवों के देखने की क्षमता को विचित्र तरह से प्रभावित कर रहा है। पता चला है कि

> प्रकाश प्रदूषण का आलम यह है कि दुनिया की कई जगहों पर आकाश में रात्रि के समय नग्न आंखों से दिखाई देने वाले तारों की संख्या पिछले 20 वर्षों से भी कम समय में आधे से कम हो गई है।

समय के साथ कृत्रिम प्रकाश के रंगों और तीव्रता में भी परिवर्तन आया है, जिसका जीवों की दृष्टि पर जटिल और अप्रत्याशित प्रभाव पड़ रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह कृत्रिम प्रकाश उन जीवों को अधिक प्रभावित कर सकता है, जो अपने व्यवहार के लिए रात्रि में देख पाने की क्षमता पर भरोसा करते हैं। जंगलों में शिकार और शिकारियों के आपसी संबंध भी इससे प्रभावित हुए हैं। पता चला है कि यह बदलाव पौधों, जानवरों और उनके आपसी संबंधों पर भी असर डाल रहा है। अध्ययनों से यह भी सामने आया है कि रात के समय बढ़ता प्रकाश प्रदूषण मछलियों को भी प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला है कि यह बढ़ता कृत्रिम प्रकाश पर्यावरण के साथ-साथ तारों और आकाशीय अवलोकनों को भी प्रभावित कर रहा है। इतना ही नहीं शोध में यह भी पता चला है कि इसका प्रभाव मानव संस्कृति पर भी पड़ रहा है। बढ़ते प्रकाश प्रदूषण और ऊर्जा उपयोग को देखते हुए 2010 में प्रकाश के लिए बल्ब को एलईडी से बदला गया था। यही वजह है कि सामान्य प्रकाश व्यवस्था के लिए वैश्विक एलईडी बाजार की हिस्सेदारी 2011 में एक फीसदी से बढ़कर 2019 में 47 फीसदी हो गई है। हालांकि हाल ही में किए एक अध्ययन में एलईडी द्वारा पैदा हो सफेद उत्सर्जन को लेकर चिंता जताई गई थी। शोध के मुताबिक ब्लू लाइटिंग, मनुष्यों और अन्य जानवरों के शरीर में मेलाटॉनिन हार्मोन के उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। यह हार्मोन मस्तिष्क में पीनियल ग्रंथि द्वारा निर्मित होता है। प्रकाश इस हार्मोन का दुश्मन होता है, क्योंकि उसकी वजह से इस हार्मोन के उत्पादन पर असर पड़ता है। ऐसे में तकनीकों के साथ-साथ रात्रि के समय इस बढ़ते प्रकाश प्रदूषण को सीमित करना भी जरूरी है।3 ऐसे में वैज्ञानिकों का कहना है कि जहां तक मुमकिन हो सके रात्रि में कृत्रिम प्रकाश के उपयोग और उसकी तीव्रता को सीमित करने के प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे जीवों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को सीमित किया जा सके।

# कृत्रिम के खिलाफ कुदरत की लड़ाई के योद्धा थे बाबा आम्टे

## आदिवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने वालों में अमिट छाप छोड़ी


1997 की जून की दोपहर। लू की गर्म हवाओं के बीच मैं उस कुटिया के सामने खड़े हो गया। झिझक हो रही थी कि क्या ऐसे समय में वे मेरे आने का बुरा तो नहीं मान जाएंगे। दोपहर के सन्नाटे को चीरते और पसीना पोछते मैं सोच रहा था कि कैसे आवाज लगाऊं।

तभी अंदर से एक रोबदार आवाज आई कि इस कड़ी धूप में जो भी बाहर खड़ा है वो अंदर क्यों नहीं आ जाता? यह आवाज सुनते ही मैं हड़बड़ाकर अंदर चला गया और सामने पलंग पर खादी की बनियान और घुटने तक की पैंट पहने बाबा आम्टे लेटे हुए दिखे।

जानकारों ने बताया था कि भले ही बाबा आम्टे को दुनिया जानती हो, लेकिन उनसे मिलने के लिए कोई समय नहीं लेना पड़ता है। कोई भी, कभी भी उनसे मिल सकता है। उनके बैठने का इशारा होते ही जैसे ही उनके पैर की तरफ बैठा तो उन्होंने प्यार से कहा कि अरे दोस्त, सिरहाने आकर बैठो और उन्होंने हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ा दिया। ऐसा लगा, जैसे वह मुझे कितना पहले से जानते थे। बाबा की पहली सीख यही थी कि हमेशा सबसे बराबरी के भाव से मिलो।

मैंने अपना परिचय देते हुए कहा कि पत्रकार हूं और आपका साक्षात्कार लेना चाहता हूं। उन्होंने तपाक से बोला कि देखो भाई, अराम से गप करना है तो करो, लेकिन रटे-रटाए सवाल मत पूछो, क्योंकि उनका कोई मतलब नहीं होता है।

इसके साथ ही उन्होंने साधना ताई (बाबा आम्टे की पत्नी) को आवाज दी। उनकी आवाज के साथ ही कमरे में साधना ताई की मौजूदगी हुई और बाबा ने उनसे कहा, 'ये हमारे दोस्त सीधे बड़वानी से पैदल ही हमसे इस दोपहरी में मिलने आ गए हैं तो इनको कुछ नाश्ता-पानी दो'। मैंने कहा कि मैं खाकर आया हूं। बाबा ने ताई से कहा कि आज की नौजवान पीढ़ी झूठ बहुत बोलती है। इनका चेहरा बता रहा है कि इनके पेट में घंटों से अन्न का एक दाना भी नहीं गया है और कह रहे हैं कि खा-पीकर आया हूं। फिर मेरीओर मुखातिब होकर बोले, जिस रास्ते से तुम आए हो उस रास्ते पर मैं पिछले दस सालों से रोज की सैर के लिए जाता हूं। मैं जानता हूं कि इस रास्ते में खाना तो दूर की बात है, कहीं पानी भी नहीं मिलता, क्योंकि लगातार सिर्फ खेत ही खेत



हैं। मैं थोड़ा सकुचाते हुए उनसे थोड़ी दूरी बना कर बैठ गया। इस पर बाबा बोले, अरे दोस्त पास आओ तो मैं अपना स्टूल खींच कर उनके सिरहाने के पास पहुंच गया। इसके बाद उनसे बातचीत का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह शाम चार बजे जा कर खत्म हुआ। 'भारत छोड़ो आंदोलन' में अपनी भागीदारी से लेकर कुष्ठ रोगियों के लिए काम की शुरुआत तक की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उस समय वह उन आदिवासियों के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे, जिनका गांव और घर बांध के पानी में डूबने वाला था। बाबा आम्टे भी नर्मदा नदी के किनारे डटे थे कि डूबेंगे लेकिन अपने पुरखों की जमीन को छोड़ कर हटेंगे नहीं। पूरी बातचीत के दौरान बाबा कुटिया के लगातार चक्कर काटते रहे। जैसे लग रहा था कि बैठना उनके स्वभाव में ही नहीं है। बाबा ने बताया, मैं तो हर सुबह-शाम आसपास के कम से कम दो-तीन गांव का चक्कर काट ही लेता हूं। यह सब तो हम जानते ही थे कि किस तरह से बाबा गांव की नौजवान पीढ़ी को अपने डूबते घर-गांव के लिए लड़ने के लिए तैयार कर रहे थे। उनकी आंखों में गांव के हर उस व्यक्ति की चिंता तैर रही थी] जिसका घर डूबने वाला था। वे उस विनाश लाने वाले विकास की ओर आगाह कर रहे थे जिसकी तरफ हमारा विकासशील देश चल पड़ा है।

उन्होंने कहा, नदी को बांधना कुदरत के खिलाफ है। नदी कुदरती है तो बांध कृत्रिम। बांध के खिलाफ यह लड़ाई कृत्रिम के खिलाफ कुदरत की है।

बाबा आम्टे ने मेरी तरफ देखते हुए कहा कि आप पत्रकार हो। आप भी हमेशा इस बात का ध्यान रखना कि आपकी कलम हारे हुए के साथ हो। आपके सवाल सत्ता पक्ष से उनके लिए हों, जिनके सवाल वहां तक पहुंच नहीं सकते हैं। कितने लोग हैं जो आज उन लोगों के पक्ष में लिख रहे जिनका सब डूब जाएगा। डुबोने वाली शक्तियों के साथ खड़े लोग जिन्हें विकास का विरोधी बता रहे दरअसल वे खुद को नहीं, इस धरती को बचाने की बात कह रहे हैं।

उन्होंने जब मुझसे कहा कि जंगल, पहाड़ के लिए लड़ रहे लोगों की कहानी लिखो तो जैसे वो तीन दशक पहले ही हमारे लिए उम्मीद जगा रहे थे कि आने वाला समय पर्यावरण बचाने वालों का होगा। वो एक तरह से पर्यावरण पत्रिका की बात कर रहे थे जो जल्द ही इस दुनिया की बड़ी जरूरत सी बन गई है। जब मैंने बाबा आम्टे से जाने की अनुमति मांगी तो उन्होंने कहा, 'बहुत अच्छा लगा तुमसे मिलकर। हां, एक काम करना अभी इस कुटिया से निकल कर वापस सीधे बड़वानी मत चले जाना। नर्मदा नदी के किनारे जाकर बैठना। कुछ देर के लिए बहती हुई मनोरम नदी को देखना और सोचना कि इसके प्रवाह को रोकने की क्या कोई जरूरत है?' बाबा अप्रत्यक्ष रूप से कह रहे थे कि इस नदी के किनारे हजारों आदिवासी गांव बसे हुए हैं और एक बांध इन सबकी दुनिया को खत्म करने के लिए बनाया जा रहा है। क्या आप लोग इसके खिलाफ कुछ नहीं लिखेंगे? उनकी कुटिया से निकलने के बाद हमने नदी का एक पूरा चक्कर लगाया। वहां से निकलते वक्त नर्मदा भी हमारे साथ बहती चल रही थी यह सवाल पूछते हुए कि मुझे बांधना जरूरी है क्या?

**साभार- डीटीई**

# भारत को फाइनल से पहले बल्लेबाजी में आक्रामकता लाने की जरूरत

**त्रिकोणीय श्रृंखला**

एजेंसी। ईस्ट लंदन




**भारत** के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय टी-20 क्रिकेट श्रृंखला के मैच में अपने रवैए में आक्रामकता लानी होगी। वेस्टइंडीज के पहले तीनों मैच गंवाने के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका पहले ही फाइनल में जगह बना चुके हैं।

ऐसे में दो फरवरी को होने वाले फाइनल से पहले यह मैच उसकी ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा। अगर स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुभवी जोड़ी ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से नहीं निभाई होती तो भारतीय टीम पिछले लीग मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रतिस्पर्धी स्कोर नहीं बना पाती। इन दोनों खिलाड़ियों से जहां निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद की जा रही है, वहीं कप्तान को युवा खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में पारी का आगाज कर रही यास्तिका भाटिया पावरप्ले में आक्रामक रवैया अपनाने में नाकाम रही है। अभी तो भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज से हो रहा है लेकिन विश्वक प में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ इस तरह का रवैया टीम को मुश्किल में डाल सकता है। शेफाली की तरह अंडर-19 विश्व कप में खेल रही रिचा घोष की अनुपस्थिति में भारत को मध्यक्रम में एक पावर हिटर की कमी खल रही है। अमनजीत कौर ने अपने पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह उसे दोहराने की कोशिश करेगी। जेमिमा रोड्रिग्स की खराब फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से ही जारी है और वह अगले महीने होने वाले विश्व कप से पहले कुछ रन अपने नाम लिखवाना चाहेगी। इस मैच से हरलीन देओल को भी अपना प्रभाव छोड़ने का मौका मिलेगा क्योंकि वह पिछले दो मैचों में नाकाम रही थी।

### पूजा वस्त्राकर के खेलने की उम्मीद

**ऑलराउंडर** पूजा वस्त्राकर फिटनेस से जुड़े मसलों के कारण अभी तक कोई मैच नहीं खेल पाई है लेकिन वह शनिवार को अंतिम एकादश में जगह बना सकती है। भारतीय टीम में वापसी करने वाली शिखा पांडे से भी गेंदबाजी में टीम को अच्छी शुरुआत की जरूरत है। वह वापसी के बाद अपने पहले मैच में विकेट नहीं ले पाई थी। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत से हार गया था और वह फाइनल से पहले इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की थी।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, सभिनेनी मेघना, स्नेह राणा और शिखा पांडे।

**मैच रात 10:30 बजे शुरू होगा।**




# टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय लड़कियों ने अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। अब फाइनल में उसका सामना इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की विजेता टीम से होगा।

दूसरा सेमीफाइनल इसी ग्राउंड पर शाम 5:15 बजे से इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेलाना था। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 29 जनवरी को शाम को पोचेस्ट्रूम में ही होगा। पोचेस्ट्रूम में शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल में भारत ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला लिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 107 रन बनाए। निताशा तीन रन बनाकर नाबाद लौटीं। इससे पहले जॉर्जिया प्लिमर ने 35 और इसाबेला जार्ज 26 रन बनाकर आउट हुईं।

### अब इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के विजेता से मुकाबला

भारत के लिए पार्शवी चोपड़ा ने तीन विकेट लिए।

भारतीय टीम ने 108 रनों का टारगेट 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। श्वेता (61 रन) ने मैच जिताऊ पारी खेली। उनके अलावा सौम्या तिवारी ने 22 और कप्तान शेफाली वर्मा ने 10 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम की ओर से श्वेता सेहरावत (61 रन) ने हाफ सेंचुरी जमाई। इस पारी के साथ ही श्वेता टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर बन गई हैं। उनके बल्ले से अब तक तीन अर्धशतक समेत 292 रन आए हैं। इंग्लैंड की ग्रेस स्क्विंस 269 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। ग्रेस के पास दूसरे सेमीफाइनल में श्वेता से आगे निकले का मौका है।

## लक्ष्य सेन इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारे

**जकार्ता।** भारत के लक्ष्य सेन का शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों के चैंपियन जॉनाथन क्रिस्टी के हाथों हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावशाली अभियान समाप्त हो गया। विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन पहला सेट जीतने का फायदा नहीं उठ पाए और स्थानीय खिलाड़ी क्रिस्टी से 62 मिनट तक चले मैच में 21-15, 10-21, 13-21 से हार गए। क्रिस्टी की विश्व रैंकिंग तीन है। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सेन का क्रिस्टी के खिलाफ इससे पहले रिकॉर्ड 1-0 था। उन्होंने अच्छी शुरुआत की और एक समय वह 8-5 से आगे थे। उन्होंने इंटरवल तक अपनी बढ़त बनाए रखी। इसके बाद क्रिस्टी ने लगातार तीन अंक बनाए और स्कोर 15-15 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि लगातार छह अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। सेन हालांकि इसके बाद अपनी लय खो बैठे जबकि क्रिस्टी ने शानदार खेल दिखाया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेयना ने फिर दिलाई डोर्टमंड को जीत



**बर्लिन।** जियो रेयना ने फिर से आखिरी क्षणों में गोल करके बोरुसिया डोर्टमंड को जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलिगा में मेंज पर 2-1 से जीत दिलाई। रेयना ने रविवार को ऑगस्बर्ग के खिलाफ डोर्टमंड की 4-3 से जीत में भी स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतर कर विजयी गोल किया था। मेंज के खिलाफ भी उन्होंने आखिरी आधे घंटे में मैदान पर उतर कर निर्णायक गोल दागा। इस बीच यूनियन बर्लिन ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके वेर्डर ब्रेमेन को 2-1 से हराया। इस जीत से वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब वह शीर्ष पर काबिज बायर्न म्यूनिख से केवल तीन अंक पीछे है। अन्य मैचों में फ्रीबर्ग और इंट्राचैट फ्रैंकफर्ट के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा जबकि बायर लेवरकुसेन ने बोचुम को 2-0 से हराया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से हारी

**केपटाउन।** भारतीय महिला हॉकी को दूसरे दोस्ताना हॉकी मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड ने 3-1 से हरा दिया। नीदरलैंड के लिए चौथे मिनट में मारिन वीन ने गोल किया। न्यूजीलैंड ने 13वें मिनट में एल वेल्टेन के मैदानी गोल के दम पर बढत दुगुनी कर ली। उसने 29वें मिनट में टीम का तीसरा गोल दागा। भारत के लिए एकमात्र गोल 50वें मिनट में सलीमा टेटे ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। भारत को पहले दोस्ताना मैच में भी डच टीम ने इसी अंतर से हराया था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला में भारत ने तीन मैच जीते और एक ड्रॉ रहा था। भारत को अब 28 जनवरी को नीदरलैंड से खेलना है।

### फिन एलेन को मैदान में उतारना विफल रहा है : कमिंग

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रेग कमिंग का मानना है की मुख्य कोच गैरी स्टीड का फिन एलेन को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारने का प्रयोग विफल रहा है। एलेन भारत के खिलाफ हाल में वनडे श्रृंखला में पूरी तरह से नाकाम रहे थे। वह दो मैचों में खाता भी नहीं खोल पाए थे। भारत ने इस श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। कमिंग ने सेंज मॉर्निंग से कहा, मैं उन बल्लेबाजों की शैली को लेकर चिंतित हूं जिन्हें हम अभी आजमा रहे हैं। अभी ऐसा बल्लेबाज फिन एलेन है। वह युवा है और सीख रहा है लेकिन वह शीर्ष क्रम में महत्वपूर्ण स्थान पर खेलता है लेकिन वह नाकाम रहा है। वे उसे सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारने की रणनीति पर कायम हैं लेकिन वह अभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि फिन एलेन जैसे खिलाड़ियों को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से सीख लेनी चाहिए।

### कोचों को सफलता का श्रेय लेना सही नहीं: गुरचरण

नई दिल्ली। पद्म श्री से सम्मानित अनुभवी क्रिकेट कोच गुरचरण सिंह ने कहा कि कई कोच खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय इसलिए लेते हैं क्योंकि वे उनकी अकादमी में ट्रेनिंग करते थे जो सही नहीं है। गुरचरण 87 वर्ष के हैं जिन्होंने दर्जन भर अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जैसे कीर्ति आजाद, अजय जडेजा, मनिंदर सिंह को कोचिंग दी है। उन्होंने कहा कि सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहित शर्मा ऐसे खिलाड़ी हैं जो एक पीढ़ी में एक बार ही पैदा होते हैं। उन्हें भारतीय क्रिकेट में उनके यागदान के लिए इस साल पद्म श्री से नवाजा गया। वह देश प्रेम आजाद के बाद यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे क्रिकेट कोच हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट कोचिंग में एक कोच को अपने मूल अधिकार रखने चाहिए।

### मैनचेस्टर यूनाईटेड लीग कप के फाइनल में पहुंचने के करीब

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की प्रीमियर लीग का खिताब जीतने की उम्मीदें भले ही धुंधली पड़ गई है, लेकिन वह लीग कप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीतने की तरफ मजबूती से आगे बढ़ रहा है। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीग कप सेमीफाइनल के पहले चरण के मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाने कि अपनी संभावनाएं बढ़ा दी हैं। मार्कस रैशफोर्ड, वॉट वेगोरस्ट और ब्रूनो फर्नांडीस के गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यह जीत दर्ज करके प्रीमियर लीग में रविवार को आर्सेनल से मिली हार की निराशा को दूर किया।

# मनिका विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 33वें स्थान पर

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत** की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की ताजा विश्व रैंकिंग में महिला वर्ग में 33वें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

पिछले साल नवंबर में एशियाई कप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली 27 वर्षीय मनिका पिछले सप्ताह दोहा में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची थी। इससे उन्हें 140 रैंकिंग अंक मिले थे। पुरुष वर्ग की रैंकिंग में अनुभवी शरत कमल दो पायदान आगे 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि जी साथियान एक पायदान नीचे 40वें स्थान पर खिसक गए हैं। मनिका और साथियान की मिश्रित युगल जोड़ी दोहा टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचने के बावजूद एक पायदान नीचे छठे स्थान पर खिसक गई है।

मनिका एशियाई कप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थी। उन्होंने बैंकॉक में ऐतिहासिक कांस्य पदक हासिल करने से पहले दुनिया की नंबर पांच जापानी खिलाड़ी हिना हयाता और चीन की नंबर सात चेन जिंगटोंग को उलटफेर का शिकार बनाया था।

# अजारेंका को हराकर रिबाकिना आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में

एजेंसी। मेलबर्न



**विम्बलडन** चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने विक्टोरिया अजारेंका को 7-6, 6-3 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया।

रिबाकिना ने फाइनल तक के सफर में यहां 2012 और 2013 में खिताब जीत चुकी अजारेंका के अलावा दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक, 17वीं रैंकिंग वाली एलेना ओस्टापेंको और 2022 की उपविजेता डेनिएले कोलिंस को हराया।

फाइनल में रिबाकिना का सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी बेलारूस की एरिना सबालेंका या पोलैंड की गैर वरीय मागडा लिनेटे से होगा। लिनेटे 30 प्रयासों में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची है जबकि सबालेंका ने नौवी बार अंतिम चार में जगह बनाई है।

### सोसिडाड को हराकर बार्सिलोना कोपा कप के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।** फ्रांस के फारवर्ड ओस्मान डेंबेले के गोल की मदद से बार्सिलोना ने बुधवार को यहां रियाल सोसिडाड को 1-0 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ओस्मान डेंबेले ने दूसरे हाफ में यह महत्वपूर्ण गोल किया। बार्सिलोना ने इस तरह से एक साल के इंतजार के बाद इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस पराजय से सोसिडाड का लगातार नौ मैच जीतने का सिलसिला भी टूट गया।

# विश्व कप से पहले मानसिक अनुकूलन कोच न रखने को मैं जिम्मेदार हूं: रीड

## भारत आज दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा

एजेंसी। राउरकेला




**भारत** के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्वकप से पहले मानसिक अनुकूलन कोच नहीं रखने के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। भारत विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में भी जगह नहीं बना पाया। उसने गुरुवार को यहां क्लासिफिकेशन मैच में एशियाई खेलों के चैंपियन जापान को 8-0 से हराया। इस मैच के बाद रीड ने कहा कि मेजबान होने के कारण टीम पर अतिरिक्त दबाव था जो कि कई बार मुश्किलें पैदा करता है।

उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस विश्वकप में मेजबान होने के कारण टीम पर अतिरिक्त दबाव था। कई बार यह प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ने में मुश्किलें पैदा करता है। मेरा ऐसा मानना है। रीड ने कहा, मानसिक अनुकूलन कोच रखने पर चर्चा हुई थी लेकिन उस समय मुझे नहीं लगा कि इसकी जरूरत है। मुझे लगा कि खिलाड़ियों की इस तरह की जरूरतों को पूरा करने के लिए मेरे पास पर्याप्त अनुभव है। भुवनेश्वर में न्यूजीलैंड के हाथों क्रॉसओवर मैच में हार के बाद रीड ने कहा था कि खिलाड़ियों को दबाव से पार पाने में मदद करने के लिए मानसिक अनुकूलन कोच की जरूरत थी।

रीड ने कहा, हमें कोविड-19 से जूझना पड़ा और इस तरह की चीजों से उबरना आसान नहीं था। इसके बाद एशियाई खेल थे और बाद में उनको स्थगित कर दिया गया। हम आखिर में मानसिक अनुकूलन कोच नहीं रख पाए और इसकी जिम्मेदारी मैं लेता हूं। रीड ने इसके साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड जैसी टीम के पास मानसिक अनुकूलन कोच हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक अनुकूलन कोच कोई भारतीय होना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के रहने वाले 58 वर्षीय रीड ने हॉकी इंडिया लीग शुरू करने के राष्ट्रीय महासंघ के प्रयासों का समर्थन भी किया। यह लीग 2017 से आयोजित नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा, क्या भारत में क्लब संस्कृति है। मैं सुनिश्चित नहीं हूं। हमें इस तरह की प्रतियोगिता की जरूरत है। हमें ऐसी प्रतियोगिता की आवश्यकता है जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के करीब हो। रीड ने कहा, इससे पहले हॉकी इंडिया लीग का आयोजन किया जाता था जो कि बहुत अच्छा था। इस तरह की लीग से काम थोड़ा आसान हो जाएगा।

### घरेलू दर्शकों के सामने दबाव से पार पाना मुश्किल होता है

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी कहा कि बड़ी संख्या में मौजूद घरेलू दर्शकों के सामने दबाव से पार पाना कई बार मुश्किल हो जाता है। हरमनप्रीत ने कहा, यह कम अनुभवी खिलाड़ियों के लिए थोड़ा मुश्किल हो जाता है जब वह खचाखच भरे स्टेडियम में खेलते हैं। यहां तक कि कई बार अनुभवी खिलाड़ी भी यह दबाव नहीं झेल पाते हैं। इसलिए यह मुश्किल था। उन्होंने कहा, लेकिन यदि आप अपने खेल पर ध्यान दो तो आप दर्शकों के समर्थन को सकारात्मक रूप में ले सकते हैं। यह हमारे लिए अच्छा सबक है। अगर हम फिर से इस तरह के माहौल में खेलते हैं तो हम जानते हैं कि इसके लिए मानसिक रूप से कैसे तैयार होना है। भारत नौवें से लेकर 12वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

